✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

● पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :330 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 29 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




## आईजीआईएमएस में एमबीबीएस परीक्षा रद्द

# ट्रिपल मर्डर से सनसनी: दो मासूम बच्चों सहित महिला की हत्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत पानापुर करियात के शहबाजपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या से सनसनी फैल गई। पुलिस ने एक कमरे से महिला और उसके दो मासूम बच्चों के शव बरामद किए हैं। मृतकों की पहचान रीता देवी (30), पुत्री वैष्णवी (2) और पुत्र कन्हैया (3) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतका का पति मिठाई लाल शाह, जो पेशे से कैटरिंग का काम करता है, सोमवार रात अपने भाई के साथ बारात में गया हुआ था। देर रात करीब साढ़े तीन बजे जब वह घर लौटा तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। किसी तरह अंदर पहुंचने पर उसने कमरे में पत्नी और दोनों बच्चों के शव बिस्तर पर पड़े देखे, जिससे उसके होश उड़ गए। मौके पर एक रस्सी भी बरामद हुई है। पति का आरोप है कि तीनों की गला घोंटकर हत्या की गई है। बताया गया कि दंपति के चार बच्चे हैं। घटना के समय दो छोटे बच्चे मां के साथ उसी कमरे में थे, जबकि अन्य दो बच्चे अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई। परिजनों ने इस वारदात के पीछे जमीन विवाद को कारण बताया है। मृतका की सास उर्मिला देवी ने गांव के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और आरोपियों द्वारा परिवार को पहले भी धमकियां दी गई थीं।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कराई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिहार में पांच लाख करोड़ निवेश लाने का लक्ष्य: सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजधानी पटना के बिहटा में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से केंद्र का शुभारंभ किया। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में स्थापित इसके एक्सटेंशन केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति हब के तहत स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम की भी शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य वंचित वर्गों के उद्यमियों को मुख्यधारा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर अग्रसर है और यह प्रौद्योगिकी केंद्र उस बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आधुनिक कौशल, संसाधन और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ रोजगार सृजनकर्ता भी बन सकें। 'मेक इन बिहार' के विजन को आगे बढ़ाते हुए यह केंद्र निवेश, नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा देगा। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि यह पहल बिहार के औद्योगिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र और इसके विस्तार केंद्र युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार से जोड़ने में मदद करेंगे, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम विश्वकर्मा योजना और ग्रामोद्योग विकास योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किए गए। वहीं, पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों को चेक और एससी/एसटी हब योजना के तहत प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए, जिससे स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव, विधायक दीपक कुमारी, रोमित कुमार सिंह और ललन मांझी शामिल थे। साथ ही मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

# आईएएस अधिकारियों का फेरबदल: सीके अनिल योजना परिषद भेजे गए, जय सिंह को राजस्व विभाग की कमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक स्तर पर एक और बड़ा फेरबदल किया गया है। सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में बदलाव करते हुए प्रधान सचिव सीके अनिल का तबादला कर उन्हें बिहार राज्य योजना परिषद में पदस्थापित कर दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की जिम्मेदारी अब जय सिंह को सौंपी गई है। वे पहले से ही विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत थे और उनके पास वित्त विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी है। अब वे विभाग की पूरी कमान संभालेंगे। गौरतलब है कि हाल के दिनों में सरकार लगातार प्रशासनिक बदलाव कर रही है। दो दिन पहले ही कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया था, जिसमें राज्यपाल के प्रधान सचिव को भी बदला गया था। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अंचलाधिकारियों (सीओ) और अन्य कर्मियों की हड़ताल के कारण कामकाज प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए इस निर्णय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीके अनिल को एक तेज-तर्रार और अनुभवी आईएएस अधिकारी के रूप में जाना जाता है। वे पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ समन्वय में काम कर चुके हैं। हालांकि, वर्तमान सरकार में विजय सिन्हा को कोई पद नहीं दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हाल ही में स्पष्ट किया है कि भूमि से जुड़े विवादों की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से की जाएगी। इसी क्रम में बिहार प्रशासनिक सेवा के आठ वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला बंदोबस्त अधिकारी के पद पर किया गया है। साथ ही, 18 अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर तकनीकी सेवा आयोग भेजा गया है, जहां वे 29 अप्रैल से 12 मई तक स्टाफ नर्स चयन प्रक्रिया के तहत दस्तावेज सत्यापन का कार्य करेंगे।

# बिहार पुलिस चालक भर्ती: ड्राइविंग टेस्ट के लिए 11,847 अभ्यर्थी चयनित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल में चालक सिपाही के 4,361 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने विज्ञापन संख्या 02/2025 के तहत मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा के लिए 11,847 अभ्यर्थियों को योग्य घोषित किया है। लिखित एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद अब चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। पर्षद द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, लिखित परीक्षा के आधार पर 15,516 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित किया गया था। यह परीक्षा 12 मार्च से 24 मार्च 2026 तक पटना के गर्दनीबाग स्थित शहीद राजेंद्र प्रसाद राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित हुई। PET में 14,624 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 888 अनुपस्थित रहे और चार अभ्यर्थियों को अनुशासनहीनता के कारण निष्कासित किया गया। दौड़ में 2,307 अभ्यर्थी असफल रहे, जबकि अन्य शारीरिक मानकों में 470 अभ्यर्थी सफल नहीं हो सके। सभी चरणों के बाद 11,847 अभ्यर्थियों को ड्राइविंग टेस्ट के लिए चयनित किया गया है। यह परीक्षा चयन प्रक्रिया का अंतिम और अनिवार्य चरण है, जिसमें अभ्यर्थियों की वास्तविक वाहन संचालन क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। पर्षद ने स्पष्ट किया है कि डीईटी के लिए प्रवेश पत्र केवल ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट के दिन ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा। इसमें वैध ड्राइविंग लाइसेंस (17 जुलाई 2024 या उससे पूर्व जारी), शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, जाति एवं आवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आरक्षण का लाभ केवल बिहार के मूल निवासियों को मिलेगा। पर्षद ने अभ्यर्थियों को दलालों और फर्जी एजेंटों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया है।

## डूबने से दो किशोरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नालंदा।** जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हादसा हो गया, जहां तालाब में डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई। सोमवार शाम दुर्गा स्थान तालाब में हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, गांव में पवन राम की पुत्री की शादी की तैयारियां चल रही थीं। घर में मंगल गीत और रस्मों का माहौल था। इसी बीच एक पारंपरिक रस्म के तहत कई लोग तालाब में स्नान करने गए थे। रस्म पूरी होने के बाद अधिकांश लोग लौट आए, लेकिन भीड़ और अफरातफरी के बीच दो किशोरियां गहरे पानी में चली गईं, जिसका किसी को तत्काल पता नहीं चल सका। मृतकों की पहचान रामबली राम की 14 वर्षीया पुत्री खुशबू कुमारी और दुकान राम की 13 वर्षीया पुत्री राधा कुमारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों की मौत तालाब में डूबने से हुई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कार्यपालक पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले के सुल्तानगंज बाजार में मंगलवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि नगर सभापति राजकुमार गुड्डू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को सैरात की बंदोबस्ती की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान कुछ हथियारबंद अपराधी कार्यालय में घुस आए और दोनों अधिकारियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। गोली लगने से कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सभापति राजकुमार गुड्डू को तत्काल भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है।



# एमएसपी पर गेहूं खरीद को रफ्तार, नया लक्ष्य 1.80 लाख मीट्रिक टन

## पैक्सों और व्यापार मंडलों के जरिए 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने केंद्र की अनुमति के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में गेहूं की खरीद में तेजी लाने के लिए सभी जिलों में क्रियाशील समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को सहकारिता विभाग ने निर्देश दिया है। राज्य में अब तक 12,474 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। अब जबकि गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है, ऐसे में और अधिक समितियों को क्रियाशील करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारियों को दिया गया है। सहकारिता विभाग ने लक्ष्य के मुताबिक शत-प्रतिशत गेहूं की खरीद के लिए अधिक से अधिक समितियों को चयनित एवं क्रियाशील करने का निर्देश सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया है। साथ ही समितियों को पर्याप्त कैश-क्रेडिट ऋण की उपलब्धता और आवश्यक अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश दिया गया है। बिहार के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार मीट्रिक टन कर दिया गया है जो पहले 18 हजार मीट्रिक टन निर्धारित था। इस संशोधित लक्ष्य के अनुसार अब कुल खरीद में से 1 लाख 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से तथा 50 हजार मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खरीदा जाएगा। राज्य में गेहूं खरीद का कार्य बीते 1 अप्रैल से प्रारंभ है, जो 15 जून तक चलेगा। रबी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कृषि विभाग से प्राप्त जिलावार उत्पादन अनुमान के आधार पर पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से गेहूं खरीद के लिए जिलावार लक्ष्य का पुनर्निर्धारण कर दिया है। सभी जिला पदाधिकारियों को संशोधित लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

# 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह दहेज प्रथा रोकने की दिशा में सराहनीय पहल : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के पूर्व मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने मंगलवार को बांका जिले के रजौन प्रखंड स्थित ग्राम सोहानी में आयोजित 21 जोड़ा वर-वधू के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन महात्मा भोली बाबा व कन्हैया मंडली के बैनर तले संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाना तथा गरीब परिवारों पर शादी के आर्थिक बोझ को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के साहसिक कदम समाज में नई रोशनी पैदा करते हैं और दहेज जैसी बुराइयों को मिटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व में की गई पहल को आगे बढ़ाने में ऐसे कार्यक्रम सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर ही मुख्यमंत्री के सपनों को साकार किया जा सकता है। श्रवण कुमार ने संस्था द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन के लिए जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी राजनीतिक पार्टी और बिहार की वर्तमान सरकार भी ऐसे आयोजनों में पूरा सहयोग करेगी।

उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों एवं सामूहिक विवाह के आयोजक कन्हाई जी को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, कहलगांव के विधायक सुभानंद मुकेश, जमालपुर के विधायक डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. बिरेन्द्र कुमार, अनुपम गर्ग, जदयू जिलाध्यक्ष विवेकानन्द गुप्ता, ई. सत्येन्द्र कुमार, सुहुसाई जी, निप्पुद पांडेय, अजय रामजी, मुखिया संघ अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, बंटी साह, शेखर पांडेय, अमन कुमार, प्रमोद मंडल, विनय कुमार, अनिल दास, नीतीश कुमार, संजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विज्ञान केवल एक विषय नहीं, जीवन जीने की समग्र दृष्टि : विजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ जो ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार का प्रतीक बना। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में विज्ञान के बहुआयामी महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक दृष्टि है। उन्होंने प्राचीन काल से आधुनिक युग तक विज्ञान की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशीलता और नवाचार की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि वैज्ञानिक सोच के अभाव में समाज अंधविश्वास और रूढ़िवादिता में जकड़ा रहता है जबकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण समाज को तार्किक और प्रगतिशील दिशा देता है। अतिथियों का स्वागत सहायक प्रोफ़ेसर मंजरी चौधरी ने किया। प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत और बिहार विद्यापीठ गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाया। इस दौरान मंजरी चौधरी ने विज्ञान विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। वहीं सहायक प्रोफ़ेसर चन्द्रकांत आर्य ने गौहर रज़ा की पुस्तक मिथकों से विज्ञान तक के अंशों का वाचन कर वैज्ञानिक तथ्यों को सरल शैली में प्रस्तुत किया। विज्ञान उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार 18 कार्यशील मॉडलों की प्रदर्शनी रही। इनमें स्मार्ट डस्टबिन, डिजास्टर मैनेजमेंट, हाइड्रोलिक पंप, वाटर साइकिल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी के लिए पास्कल लॉ, ओम लॉ, ड्रोन, वाटर प्यूरीफायर और चंद्रयान जैसे मॉडल शामिल रहे। इन मॉडलों के माध्यम से दैनिक जीवन में विज्ञान के प्रयोग को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफ़ेसर विकाश कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि मंच संचालन डी.एल.एड. प्रशिक्षु गायत्री सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राणा अवधेश, नीरज सिंहा, मृदुला प्रकाश, पूनम वर्मा, अवधेश कुमार नारायण, श्यामानंद चौधरी, प्रमोद कर्ण तथा विवेक रंजन सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षक, प्रशिक्षु एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दी दानवीर भामाशाह को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भामाशाह भारतीय इतिहास में अतुल्य दानशीलता, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भामाशाह ने मेवाड़ के महान शासक महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन में निर्णायक भूमिका निभाई। उनका निष्ठापूर्ण आर्थिक सहयोग मेवाड़ की अस्मिता की रक्षा और महाराणा प्रताप के पुनर्ज़ागरण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। भामाशाह की सहायता से ही महाराणा प्रताप ने पुनः अपनी सैन्य शक्ति को संगठित किया और मुगल शासकों के विरुद्ध संघर्ष को नई ऊर्ज़ा प्रदान की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भामाशाह का जीवन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित था। उनका नाम मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग, बलिदान और दानवीरता के लिए इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उन्होंने लोगों से भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आहवान किया।

# राजद नेता संजय कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर राजद परिवार ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉक्टर मीशा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक रेखा पासवान एवं प्रदेश महासचिव मदन शर्मा ने पटना जिला के धनरावा प्रखंड राजद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ राकेश की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि यह पार्टी के प्रति समर्पित कर्मठ एवं संघर्षशील कार्यकर्ता के साथ-साथ पार्टी के कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता के साथ भाग लेते थे। इनके निधन से राजद को अपूरणीय क्षति हुई है। नेताओं ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राजद परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि सहनशक्ति करे। पटना जिला राजद के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, पटना जिला प्रधान महासचिव अफरोज आलम युवा राजद के प्रदेश महासचिव गणेश कुमार यादव ने भी संवेदना प्रकट की।

# सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना के कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध विभाग द्वारा आयोजित 'सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग' विषयक द्वि-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन के साथ हुआ जिसके पश्चात डॉ. अनिल नाथ, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, ए.एन. कॉलेज, पटना ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की विषय-वस्तु प्रस्तुत करते हुए डॉ. श्वेता, अध्यक्ष, पीएमआइआर विभाग ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को शोध में उपयोगी सांख्यिकीय तकनीकों एवं डेटा विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करेगी। अध्यक्षीय संबोधन प्रो. कालानाथ मिश्रा, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग द्वारा दिया गया। उन्होंने अंतर्विषयक अध्ययन, शोध पद्धति तथा उच्च शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. प्रीति कश्यप, पीजी अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, पाटलिपुत्र विश्विद्यालय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक सांख्यिकीय विधियों एवं शोध उपकरणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विशिष्ट संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. नीतू चौधरी, एडजंक्ट फैकल्टी, सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए तथा डॉ. रोहित कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, एमिटी यूनिवर्सिटी, पटना ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। उन्होंने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों, शोध पद्धति एवं डेटा विश्लेषण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# स्कूलनेट की नई व्यवस्था से केवाईपी छात्रों पर संकट, परीक्षा से पहले मची अफरातफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/वैशाली।** बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के प्रथम बैच की परीक्षा 29 अप्रैल 2026 को पूरे बिहार में आयोजित की जानी है। लेकिन परीक्षा से ठीक पहले लागू की गई नई व्यवस्था ने छात्रों और केंद्र संचालकों के बीच भारी असमंजस और परेशानी पैदा कर दी है। जानकारी के अनुसार स्कूलनेट द्वारा संचालित इस बैच में अचानक लागू किए गए नियमों के कारण राज्यभर के केवाईपी केंद्रों पर पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बिना पर्याप्त समय और पूर्व सूचना के किए गए बदलावों से छात्रों की लर्निंग प्रक्रिया बाधित हो गई जिससे बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा देने के लिए योग्य नहीं हो पाए हैं। केंद्र संचालकों का आरोप है कि बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के निर्देश पर स्कूलनेट ने एक साथ नई व्यवस्था लागू कर दी जिससे उपस्थिति, रिपोर्टिंग और बैच संचालन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गईं। इसका सीधा असर छात्रों की एलिजिबिलिटी पर पड़ा है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है और ड्रॉपआउट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। केंद्र संचालकों ने मांग की है कि परीक्षा को फिलहाल स्थगित किया जाए और सभी छात्रों को उचित अवसर देते हुए तकनीकी एवं प्रशासनिक खामियों को तत्काल दूर किया जाए। साथ ही स्कूलनेट और बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई गई है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अनुपम कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. सुमन कुमार सिंह जो सोनवर्षा, सहरसा में मानव बल के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-आशा देवी, सुपुत्र- चंदन कुमार सिंह एवं सुपुत्र- सोनू कुमार सिंह को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. सुमन कुमार सिंह की मृत्यु 21-10-2022 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 276 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.8280/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 3,47,760/- रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# भूजल प्रबंधन सीखेंगे बिहार के अभियंता, रायपुर में प्रशिक्षण शुरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लघु जल संसाधन विभाग के अभियंता भूजल प्रबंधन के गुण सीखेंगे। इसके लिए विभाग के 20 अभियंताओं का प्रशिक्षण सोमवार से रायपुर में प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण 27 अप्रैल से लेकर 1 मई तक चलेगा। बताया जाता है कि छत्तिसगढ़ के रायपुर में राजीव गांधी नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीच्यूट में भूजल प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें प्रशिक्षण लेने के लिए लघु जल संसाधन विभाग के 20 अभियंताओं को भेजा गया है जिसमें कार्यपालक अभियंता बक्सर, सुपौल, सहायक अभियंता सारण, किशनगंज, नालंदा, शिवहर, समस्तीपुर, पटना, बेगूसराय, नवादा, कनीय अभियंता खगड़िया, मुंगेर सहित अन्य अभियंता शामिल है। एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण में अभियंताओं को भूजल व्यवस्था की जानकारी, भूजल अन्वेषण के उपकरणों और तरीकों की जानकारी, जलभृत मानचित्रण, एमएआर और डीपीआर तैयार करने के तरीके और भूजल प्रणाली की गणितीय मॉडलिंग की बुनियादी व्यवस्था आदि के बारे में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन पंजीकरण और प्री-प्रोग्राम मूल्यांकन, उद्घाटन सत्र, हाइड्रोजियोलॉजी - सिद्धांत, प्रक्रियाएं, चुनौतियां और संकट पर चर्चा होगी।

# पटना की डॉ. अमृता स्वराज बनीं मिस इंडिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** राजधानी पटना की रहने वाली डॉ. अमृता स्वराज को एब्रेले मिस इंडिया 2026 का प्रतिष्ठित ताज जीत लिया है। गोवा के प्रसिद्ध बागा बीच पर आयोजित एब्रेले मिस इंडिया 2026 सीजन 6 का ग्रैंड फिनाले बेहद भव्य, आकर्षक और यादगार माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समुद्र किनारे बने इस शानदार ओपन-एयर मंच ने पूरे आयोजन को एक इंटरनेशनल लेवल का ग्लैमर और अनुभव प्रदान किया। यह पूरा आयोजन नरुलाज एंड कंपनी द्वारा किया गया जिसने इस इवेंट को एक राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित ब्यूटी और टैलेंट प्लेटफॉर्म बना दिया। आयोजन का उद्देश्य सिर्फ सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी को एक मंच देना भी रहा। देशभर से आई प्रतिभा ने बढ़ाई शो की शान इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग राज्यों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी कंटेस्टेंट्स ने अपने-अपने स्तर पर रैंप वॉक, टैलेंट राउंड, सवाल जवाब सेशन और पर्सनैलिटी प्रेजेंटेशन में हिस्सा लिया। पूरे शो के दौरान माहौल बेहद एनर्जेटिक रहा। हर राउंड के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती गई और मंच पर मौजूद प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और ग्रेस से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जजिंग पैनल ने भी सभी प्रतिभागियों के परफॉर्मेंस को काफी सराहा और इसे एक हाई-लेवल प्रतियोगिता बताया।

# अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में 30 हजार आवेदन, छात्राओं की संख्या ज्यादा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के 46 डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए जारी सूचना के आलोक में 30 हजार 363 आवेदन प्राप्त हुए है। विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों का संकलन कर नियमानुसार उनकी जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संकायवार प्राप्त आवेदनों में कला संकाय के लिए 18 हजार 718 आवेदन, विज्ञान संकाय (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) के लिए 5 हजार 872 आवेदन, विज्ञान संकाय (भौतिकी, रसायन और गणित) के लिए 5 हजार 383 आवेदन तथा वाणिज्य संकाय के लिए 388 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में छात्राओं की संख्या 17 हजार 73 और छात्रों की संख्या 13 हजार 288 है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपादित की जाएगी। नामांकन सूची/प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 11 मई को किया जाएगा। चयनित एवं प्रतीक्षारत छात्र-छात्राओं का नामांकन 15 मई से 25 मई तक होगा। वर्गों का नियमित संचालन 15 जून से प्रारंभ होगा। विदित हो कि विभाग की ओर से संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा, शैक्षणिक मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# एमएसएमई मंत्रालय के टेक्नोलॉजी सेंटर पर मेडिवर्सल हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/बिहटा।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा बिहटा में स्थापित टेक्नोलॉजी सेंटर के उद्घाटन समारोह में मेडिवर्सल हेल्थकेयर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय एमएसएमइ मंत्री जीतन राम मांझी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेडिवर्सल हेल्थकेयर ने अपने स्टॉल पर अपनी विकास यात्रा, उपलब्धियों और बिहार में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की अपनी दृष्टि को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने मेडिवर्सल के प्रयासों की सराहना की, बेगूसराय में आधुनिक अस्पताल स्थापित करने के लिए बधाई दी तथा राज्य के जिला स्तर तक तेजी से विस्तार करने की कामना व्यक्त की।

मेडिवर्सल हेल्थकेयर, बिहार में पंजीकृत पहली स्वास्थ्य सेवा संस्था है जिसने हाल ही में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्राइवेट इक्विटी निवेशकों से निवेश आकर्षित किया है। मेडिवर्सल हेल्थकेयर के सह-संस्थापक एवं सीइओ भानु प्रताप ने कहा हम भारत सरकार और बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिनकी नीतियों और प्रोत्साहन से ऐसे निवेश संभव हो पाए हैं। एसआरआइ फंड जैसी पहलें देश के उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम बिहार और पूर्वी भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक सुलभ बनाएं। कंपनी के सह-संस्थापक एवं सीओओ जयंत गांधी ने कहा मेडिवर्सल का उद्देश्य केवल अस्पताल स्थापित करना नहीं, बल्कि एक सशक्त, तकनीक आधारित और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा मॉडल विकसित करना है। हम आने वाले वर्षों में बिहार के प्रमुख शहरों-पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और भागलपुर-में विस्तार की योजना पर कार्य कर रहे हैं।

# जलवायु अनुकूल खेती से सुधर रहा मिट्टी का स्वास्थ्य, पोषक तत्वों में बढ़ोतरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 2019-20 से राज्य में शुरू हुई जलवायु अनुकूल खेती के बेहतर परिणाम दिखने लगे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पांच वर्षों के दौरान मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा 20 फीसदी बढ़ी है। साथ ही नाइट्रोजन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा में 10-10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। बिहार सरकार का कृषि विभाग जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रमों पर तेजी से काम कर रहा है। विभाग का मानना है कि इससे न सिर्फ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में मदद मिलेगी बल्कि कृषि क्षेत्र को टिकाऊ और लाभकारी भी बनाया जा सकता है। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के शुरुआती समय में मिट्टी का पीएच मान 6.25 से 8.48 मापा गया था, वहीं पांच वर्ष बाद इसमें सुधार आया और यह 5 प्रतिशत की कमी के साथ पीएच मान 6.02 से 8.29 दर्ज किया गया है। शून्य जुताई तकनीक एवं फसल अवशेष प्रबंधन का सम्मिलित परिणाम मृदा नाइट्रोजन पर देखा गया है। उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। फॉस्फोरस में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उपलब्ध फॉस्फोरस की मात्रा 17.89 से 45.26 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पाई गई है।

CMYK

# पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन हेतु घर-घर पहुंचेंगे अभियंता

## यह योजना न केवल बिजली बिल मे कमी लाएगी बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** आम नागरिकों को सस्ती, स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विद्युत विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया कि इस अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर सोलर पैनल स्थापना से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। वहीं, सहायक विद्युत अभियंता जनप्रतिनिधियों से मिलकर उन्हें सोलर रूफटॉप अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने पर सरकार द्वारा आकर्षक अनुदान प्रदान किया जा रहा है जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। उन्होंने बताया कि 1 किलोवाट पर 30000, 2 किलोवाट पर 60000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78000 तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त सोलर संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित समयावधि में सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही करारनामा अवधि के अंतर्गत 7 वर्षों तक निःशुल्क मरम्मत एवं रख-रखाव की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने निर्देश दिया कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा अधिक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सोलर अपनाने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में कमी लाती है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों की अवधि में की जा सकती है जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट तक की खपत के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट तथा उससे अधिक खपत के लिए 3 किलोवाट या अधिक क्षमता उपयुक्त है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजन की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रख-रखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक सुचारु रूप से कार्य करते हैं। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दरिगांव हत्या कांड का खुलासा, दो गिरफ्तार, हथियार व बाइक बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डिहरी (रोहतास) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दरिगांव थाना कांड संख्या 71/26 के तहत हुए हत्या मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में अब तक दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ हथियार एवं अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे दरिगांव थाना क्षेत्र के बभनगांवा से करपुरवा जाने वाली सड़क पर पुल के समीप एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान दीपु कुमार उर्फ दीपु साह (38 वर्ष), निवासी बड़की करपुरवा के रूप में की गई। मृतक की मां कांति देवी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 अप्रैल को राजेकश्वर पासवान (64 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। वहीं 27 अप्रैल को प्रिंस कुमार (21 वर्ष) को करहगर थाना क्षेत्र के बहेरा गांव से गिरफ्तार किया गया। प्रिंस कुमार की निशानदेही पर उसके घर से घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा, 9 जिंदा कारतूस (6 कारतूस 8 एमएम एवं 3 कारतूस 7.65 एमएम) तथा काले रंग की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस जांच में अब तक चार अपराधियों की संलिप्तता सामने आई है जबकि शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण आपसी विवाद एवं पुरानी रंजिश बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त प्रिंस कुमार के विरुद्ध पूर्व में भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में डीआईयू टीम रोहतास सहित दरिगांव थाना के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

# तिलौथू में बनेगा अत्याधुनिक भगवान बिरसा मुंडा छात्रावास, भूमि पूजन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर परिसर के समीप करोड़ों रुपये की लागत से अत्याधुनिक भगवान बिरसा मुंडा छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि समाजसेवियों की मांग पर तिलौथू निवासी स्वर्गीय चक्रपाणि मिश्रा के प्रपौत्र रिशु मिश्र ने 10 डिसमिल जमीन दान में देकर सराहनीय योगदान दिया है। इसी भूमि पर श्री चक्रपाणि मिश्र भवन के अंतर्गत छात्रावास का निर्माण किया जाएगा।

प्रस्तावित छात्रावास तीन मंजिला होगा और इसे प्रदेश में अपनी तरह का एक अनूठा प्रयास बताया जा रहा है। यहां विशेष रूप से जनजातीय समाज के छात्रों के लिए आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं तथा शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही भवन में एक समृद्ध पुस्तकालय और 100 लोगों की क्षमता वाला विशाल सभागार भी बनाया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने भूदाता की इस उदार पहल को प्रेरणादायक बताते हुए सराहना की है। भूमि पूजन कार्यक्रम अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मार्गदर्शक सोमयाजुलू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर संगठन मंत्री नीतीश कुमार, सह संगठन मंत्री रवि उरांव एवं जिलाध्यक्ष गोविंद कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। यह परियोजना क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 73 लीटर देसी-विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवकली गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 73 लीटर देसी-विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित देवकली गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का पुत्र पंकज कुमार बताया जाता है जिसे मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि देवकली गांव में अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा है और भारी मात्रा में शराब रखी गयी है। सूचना के आधार पर मोहनियां थाना की पुलिस ने छापेमारी की योजना बनाकर गांव में कार्रवाई की। इस छापेमारी के दौरान आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 73 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की गयी जिसको जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। गिरफ्तारी के बाद आरोपित का अनुमंडलीय अस्पताल में मेडिकल जांच कराया गया। इसके बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ऑस्ट्रेलिया में तिलौथू की बेटी खुशी गुप्ता ने बढ़ाया बिहार का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सासाराम।** जिले के तिलौथू प्रखंड की किशोरी खुशी गुप्ता आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार का नाम रोशन कर रही हैं। द हंगर प्रोजेक्ट इंडिया के तहत सुकन्या क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए वह इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में महिलाओं और किशोरियों के बीच अपने अनुभव साझा कर रही हैं। खुशी ने एक साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर काम किया है। सुकन्या क्लब से जुड़कर उन्होंने न सिर्फ खुद को सशक्त बनाया, बल्कि गांव की अन्य किशोरियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आज वही अनुभव वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा कर रही हैं जिससे अन्य देशों की लड़कियां भी प्रेरणा ले रही हैं। खुशी का मानना है कि हर लड़की में आगे बढ़ने की क्षमता होती है, जरूरत है उसे सही दिशा और अवसर देने की। उनकी यह उपलब्धि न केवल तिलौथू और रोहतास, बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# भीषण गर्मी से राहत, बादलों ने बदला मौसम का मिजाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कई दिनों से चल रही भीषण गर्म हवा और तेज धूप से आखिरकार मंगलवार को जिलेवासियों को राहत मिली। मंगलवार को सुबह सूरज तो निकला, लेकिन बादलों ने दिनभर उसे घेरकर रखा। इससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। हालांकि धूप और बादलों के बीच उमस बरकरार रही। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों की मौजूदगी के बावजूद वातावरण में उमस बनी रही। सुबह 10 बजे के बाद मौसम में बदलाव के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा भी कम हो गया। दिनभर न तो प्रचंड धूप निकली और न ही गर्म हवा चली। मौसम के जानकारों के अनुसार इस महीने के बाकी दिनों में भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है और बारिश के आसार बने हुए हैं। फिलहाल मौसम के करवट लेने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। सुबह से ही तेज धूप ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे, लेकिन हवा चलने से मौसम ने करवट ली और आसमान में बादलों का जमावड़ा लग गया। धीरे-धीरे बादल सूरज पर छा गये। बादलों के कारण तापमान में लगभग चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी जिससे लोगों ने राहत की सांस ली और पूरा दिन मौसम सुहावना बना रहा।

# जीएनएसयू में 'आईबीएम टेक्नोवेट 2.0' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार में 27 एवं 28 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम 'आईबीएम दिवस 2026 ऽ टेक्नोवेट 2.0' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026 की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य नवाचार-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा उद्योग और शिक्षा के बीच समन्वय को सशक्त बनाना था। इस अवसर पर प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, कुलपति प्रो. (डॉ.) जगदीश सिंह, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) कुमार आलोक प्रताप, परीक्षा नियंत्रक सुदीप सिंह एवं प्रबंधन मंडल की सदस्य डॉ. मोनिका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही आईबीएम एवं कॉग्निटेल से शेफाली दत्ता, आशुतोष कुमार, मनीष शर्मा, रोहित राय एवं सोनाली लाकड़ा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। 'टेक्नोवेट 2.0' ने अभियंत्रण, प्रबंधन, नर्सिंग, फार्मेसी, कृषि, विधि एवं वाणिज्य संकायों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर अंतर-विषयक सहयोग और नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ उद्घाटन सत्र एवं प्रेरणादायक मुख्य वक्तव्यों के साथ हुआ। इस अवसर पर शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान प्रदान कर संस्थागत नेतृत्व और उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा एआई हैकाथॉन के विजेता प्रतिभागियों द्वारा अपने नवाचारी प्रकल्प प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर जूरी सदस्य, संयोजक, समन्वयक, अधिष्ठाता, शिक्षक एवं तकनीकी सहयोगी कर्मचारियों को भी उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# सेवानिवृत्त डीएसपी केसी दुबे के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष रामजी चौबे अधिवक्ता ने की। शोक सभा में सेवानिवृत्त डीएसपी कृष्ण चंद्र दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। कृष्ण चंद्र दुबे उर्फ कैसी दुबे एक ईमानदार और निर्भीक पुलिस अधिकारी थे जिन्होंने लंबे समय तक रोहतास में अपनी सेवाएं दी थी। उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा भी की गई। अपराध पर नियंत्रण स्थापित करने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लंबे समय तक रोहतास में कार्य करने के दौरान उनको मानने वालों की तादाद बहुत बड़ी है। रोहतास से उनका लगाव बहुत गहरा था। शोक सभा में धनंजय सिंह पैगा, संजय कुमार तिवारी, भारत कुमार सिंह, रामनाथ चौबे, सुशील कुमार दुबे, संजय उपाध्याय, जावेद अहमद, नरेंद्र राय सहित कई लोगों ने भाग लिया. उपस्थित लोगों ने केसी दुबे के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। लोगों ने कहा कि उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामजी चौबे अधिवक्ता ने कहा कि उनके साथ लंबे समय तक रहने के कारण मुझे व्यक्ति गत क्षति और गहरा दुख हुआ है जिसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता।

# बिक्रमगंज में ट्रैफिक जाम ने रोकी शहर की रफ्तार, बच्चे-बाराती सब हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** मंगलवार की सुबह बिक्रमगंज शहर का नजारा किसी ठहरे हुए रील जैसा था। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक पूरे तीन घंटे शहर की तीनों प्रमुख सड़कें जाम की जकड़ में फंसी रहीं। सासाराम रोड पर थाना चौक से तेंदुनी चौक, डुमरांव रोड पर तेंदुनी गांव से तेंदुनी चौक और डिहरी रोड पर काराकाट से तेंदुनी चौक तक सिर्फ गाड़ियों की लंबी कतारें ही नजर आ रही थीं। इस अप्रत्याशित जाम ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ा जो करीब दो घंटे देरी से स्कूल पहुंचे और उनकी पहली क्लास छूट गई। ऑफिस जाने वाले लोग, दुकानदार और मरीज लेकर अस्पताल जा रहे परिजन भी घंटों सड़क पर बिलबिलाते रहे। शादी-विवाह का लग्न होने से हालात और बिगड़ गए जब कई दुल्हनों की सजी-धजी गाड़ियां भी इस जाम में घंटों फंसी रहीं और वे थकी-हारी मंडप तक पहुंचीं। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बालू लदे ओवरलोड ट्रकों की बेतरतीब आवाजाही और चौराहों से ट्रैफिक पुलिस का नदारद रहना इस समस्या की जड़ है। बिक्रमगंज में जाम अब हादसा नहीं, बल्कि रोज की नियति बन चुका है जिससे हर वर्ग त्रस्त है। एसडीपीओ सिंधु शेखर ने माना कि प्रशासन स्थिति सुधारने में जुटा है, लेकिन लगन के कारण शहर से गुजरने वाली बारातों और निजी वाहनों की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी ने सारा सिस्टम बिगाड़ दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द व्यवस्था सुधारी जाएगी। इधर शहरवासियों ने दो-टूक मांग रखी है कि बालू ट्रकों की एंट्री का समय तय हो, हर मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती हो और जाम से निपटने के लिए ठोस प्लान बने। लोगों का साफ कहना है कि जब तक प्रशासन सड़क पर उतरकर सख्ती नहीं दिखाएगा, बिक्रमगंज के लोगों को रोज इसी जाम का दंश झेलना पड़ेगा।

# मेधा सम्मान समारोह में 21 टॉपर सम्मानित, 100 प्रतिशत रहा विद्यालय का परिणाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु प्रज्ञा निकेतन विद्यालय, सासाराम में आज मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, प्रबंधक ई. संजय त्रिपाठी एवं सचिव संजीव त्रिपाठी ने टॉपर्स तथा उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। रौशन राज 96%, स्तुति पाठक 94% और अनुजा कुमारी ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 21 छात्र-छात्राएं इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित हुए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने कहा 'परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। यह उपलब्धि बच्चों की लगन, अभिभावकों के मार्गदर्शन और शिक्षकों की निष्ठा का संयुक्त परिणाम है।' प्रबंधक ई. संजय त्रिपाठी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा उच्च अंक केवल परिश्रम से नहीं, अनुशासन और समय के बेहतर नियोजन से आते हैं। बोर्ड परीक्षा सफलता की पहली सीढ़ी है। सचिव संजीव त्रिपाठी ने कहा उत्कृष्ट परिणाम वर्षों के अनुशासन और सतत परिश्रम का फल है। विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ें। प्राचार्य उदय कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा बोर्ड परिणाम साबित करते हैं कि हमारे छात्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन की पूरी क्षमता है। शिक्षक-छात्र समन्वय से विद्यालय का नाम ऐसे ही रोशन होता रहेगा। अभिभावकों ने अच्छे परीक्षा परिणाम से प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि प्रज्ञा निकेतन में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं जिसका प्रमाण ये परिणाम हैं। समारोह में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रौशन राज, स्तुति पाठक, अनुजा कुमारी, अमन राज, रक्षित राज, विवेक कुमार, कुंदन कुमार सिंह, चाँदनी कुमारी, कृष कुमार, कुमारी कृतिका सिंह, सौरभ सुमन, उज्ज्वल कुमार, हरिओम पांडेय, स्नेहा कुमारी, अभिषेक पांडेय, अंश कुमार द्विवेदी, आयुष राज, आकांक्षा मौर्या, सृष्टि कुमारी, अंशु कुमार, विवेक कुमार केशरी सम्मानित हुए।

# शादी समारोह के दौरान झड़प, नौ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के बुढ़वल गांव में शादी समारोह हिंसक झड़प में बदल गया। शादी समारोह के परक्षावन की रस्म के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद लाठी-डंडे तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण मेहता के पुत्र धनेश्वर मेहता उर्फ धनेश के घर शादी का कार्यक्रम चल रहा था। परक्षावन के लिए जा रही महिलाओं और पड़ोसियों के बीच भूत-प्रेत को लेकर चर्चा शुरू हुई। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान लाठी-डंडे और अन्य हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया। सोमवार को दोनों पक्षों ने काराकाट थाने में एक-दूसरे के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया। धनेश मेहता के आवेदन पर कांड संख्या 186/26 दर्ज हुआ जिसमें छह लोगों को नामजद किया गया। वहीं दूसरे पक्ष से स्वर्गीय मंगल मेहता के पुत्र मनोज कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 185/26 दर्ज किया गया। काराकाट के प्रभारी थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार के हवाले से बताया गया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# डिहरी में आज बेटियों का सम्मान, महिला सशक्तिकरण का प्रेरक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर वैश्य समाज की ओर से एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाजसेवा और नारी उत्थान के प्रति समर्पित ज्योति कुमारी की पहल पर आयोजित हो रहा है जिनके नेतृत्व में बेटियों के सम्मान का यह अभियान आगे बढ़ रहा है। आज बाबा झारखंडी मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं महिला विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान केवल शैक्षणिक उपलब्धि का नहीं, बल्कि बेटियों के परिश्रम, संघर्ष और उनके उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक होगा। इस अवसर पर ज्योति कुमारी ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तब संभव है जब बेटियों को समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन मिले। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि जिनकी बेटियों या परिचित छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की है, वे समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर इस सम्मान समारोह का हिस्सा बनें। यह आयोजन न केवल समाज में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देगा, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास और मनोबल को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

# बस-टेंपो स्टैंड के अभाव में अकबरपुर मुख्य मार्ग पर रोज लग रहा जाम, लोग परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रोहतास।** नगर पंचायत क्षेत्र के अकबरपुर मुख्य मार्ग पर बस एवं टेंपो स्टैंड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रतिदिन जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। स्टैंड के अभाव में बस, टेंपो, कमांडर और पिकअप वाहन चालकों को सड़क किनारे ही वाहन खड़ा करना पड़ रहा है जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से लेकर शाम तक इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। खासकर बाजार के समय स्थिति और भी विकराल हो जाती है जब पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थिति को और खराब बनाते हुए कई दुकानदार अपने सामान को दुकान के बाहर, नाले के ऊपर और सड़क किनारे रख देते हैं जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो जाती है। इसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ता है और जाम की समस्या और बढ़ जाती है।

वाहन चालकों का कहना है कि उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यदि बस और टेंपो स्टैंड की व्यवस्था होती तो वे निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा कर सवारी चढ़ाते-उतारते। मजबूरी में उन्हें सड़क किनारे ही यह कार्य करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द बस एवं टेंपो स्टैंड की व्यवस्था कराने की मांग की है। साथ ही सुझाव दिया है कि टेंपो स्टैंड को गायत्री मंदिर के समीप चौड़ी सड़क पर स्थानांतरित किया जाए तथा साइड वाले टेंपो को मदरसा के पास खड़ा करने की व्यवस्था की जाए, ताकि बीच सड़क पर होने वाली जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# काशी घाट पर महायज्ञ के चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज के काव नदी तट पर स्थित काशी घाट मंगलवार को भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। यहां चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के चौथे दिन आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। चिलचिलाती धूप भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाई। सुबह से दोपहर तक हवन कुंड की परिक्रमा के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। खास बात यह रही कि परिक्रमा करने वालों में महिला श्रद्धालुओं की संख्या सबसे अधिक थी। बिक्रमगंज शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के एक दर्जन से ज्यादा गांवों से हजारों लोग यज्ञ स्थल पहुंचे और पूरे मनोयोग से पूजा-अर्चना की। यज्ञ स्थल पर कथा का प्रवाह भी अनवरत जारी है। आचार्य स्वामी मुक्तिनाथ जी महाराज रोज शाम 3:00 से 5:30 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रहे हैं। उनकी ओजस्वी वाणी सुनने के लिए हर शाम भारी भीड़ जुट रही है। यज्ञ समिति के अनुसार यह भव्य आयोजन 25 अप्रैल को शुरू हुआ था और 29 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी उत्तम व्यवस्था की गई है।

# डीएम ने नारद संग्रहालय का किया निरीक्षण, नए भवन निर्माण एवं पांडुलिपि संरक्षण पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नारद संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक अभिलेखों, दुर्लभ कलाकृतियों एवं अन्य सांस्कृतिक धरोहरों का गहन अवलोकन किया तथा उनके संरक्षण एवं रख-रखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नारद संग्रहालय के नए भवन के निर्माण की योजना तैयार करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि नए भवन के डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन हेतु भवन निर्माण निगम द्वारा निविदा जारी की गई है, जो 06 मई 2026 को खुलेगी। कंसल्टेंट के चयन एवं डीपीआर तैयार होने के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने ज्ञान भारतम मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। ताड़पत्र, भोजपत्र, कपड़े अथवा पुराने कागजों पर लिखी पांडुलिपियों में प्राचीन ज्ञान, साहित्य, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान एवं स्थानीय इतिहास का महत्वपूर्ण भंडार निहित है, जो समय के साथ नष्ट होने के कगार पर हैं। इस मिशन के माध्यम से इन अमूल्य धरोहरों को आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के पास ही सुरक्षित रहेगा तथा जिला प्रशासन द्वारा केवल उनका वैज्ञानिक विधि से डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी का हिस्सा बनाया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अपने पास उपलब्ध अथवा जानकारी में आने वाली प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं।

## जीवन प्रमाणीकरण को लेकर पंचायतों में विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायतों में लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु दिनांक 30 अप्रैल 2026 से 30 मई 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय सुनिश्चित कर लें, ताकि प्रमाणीकरण हेतु आने वाले पेंशनधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा अमरनाथ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा मार्च माह 2026 की पेंशन राशि का भुगतान केवल उन लाभुकों को किया गया है, जिन्होंने अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है। उन्होंने बताया कि अद्यतन जानकारी के अनुसार नवादा जिले में वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों की कुल संख्या 2,92,761 है, जिनमें से अब तक 1,01,840 पेंशनधारियों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है। अतः ऐसे सभी पेंशनधारियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने पंचायत में आयोजित शिविरों में निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाणीकरण अवश्य करा लें। इसके साथ ही पेंशनधारी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के साथ बुनियाद केंद्र–हिसुआ एवं रजौली में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर पर भी जीवन प्रमाणीकरण करा सकते हैं।

# प्रणावां धाम मेला की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** सरमेरा प्रखंड अंतर्गत प्रणावां स्थित राजकीय श्री श्री 108 श्री शरण निवास बाबा महतो साहब मंदिर में आयोजित होने वाले द्विवार्षिक मेला महोत्सव की तैयारियों का मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर समीक्षा बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि प्रणावां धाम में 30 अप्रैल से 1 मई 2026 तक पूजा एवं मेला कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग, शौचालय, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवा, एम्बुलेंस, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, मेला ग्राउंड, ड्रॉप गेट, हेलीपेड एवं मंदिर परिसर की सुरक्षा सहित भीड़ नियंत्रण के सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए टैंकरों के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर चापाकल लगाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया ताकि किसी भी श्रद्धालु को पानी की कमी न हो। मेला में आने वाले लोगों के ठहराव के लिए गेस्ट हाउस में आवासन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। वहीं, विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

भीड़ नियंत्रण को लेकर मंदिर के प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार बनाए गए हैं। साथ ही उचक्कों एवं मनचलों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि मेला का आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न होना चाहिए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष सहित पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

# लू से बचाव को लेकर सरकारी अस्पतालों में बने हैं विशेष वार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** रविवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण एवं हीट वेव (लू) से बचाव एवं तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर हेड काउंट सर्वे कर लक्षित बालिकाओं की पहचान करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सिरदला, कौआकोल, रोह एवं अकबरपुर प्रखंडों में टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों को विशेष कार्ययोजना बनाकर शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाने, विद्यालयों में छात्राओं के अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित करने तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में विशेष टीकाकरण शिविर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण किया जाए तथा आशा, एएनएम एवं आरबीएसके टीमों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की नियमित मॉनिटरिंग एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही हीट वेव (लू) से बचाव की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष वार्ड स्थापित किए जा चुके हैं, जहां एयर कंडीशनर एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी अस्पतालों में शुद्ध पेयजल एवं चापाकल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां पीएचईडी की योजनाएं कार्यरत नहीं हैं, वहां समन्वय स्थापित कर पानी के टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को हीट वेव अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त क्या करें और क्या न करें से संबंधित जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार सभी ग्राम पंचायतों में कराने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता एवं जीविका दीदियों के माध्यम से घर-घर तक जागरूकता पहुंचाने पर बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद/नगर पंचायत एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों पर छायादार स्थान एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सिविल सर्जन विनोद कुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार सहित सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

## सड़क दुघर्टना में बेटे की मौत, मां जख्मी

**नगरनौसा (नालंदा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फतुहां थाना क्षेत्र मुकुंदपुर गांव के बख्तियारपुर पटना फोरलेन छपाक वाटर पार्क के पास दर्दनाक सड़क हादसे में बेटा की मौत घटनास्थल पर हो गया जबकि मां गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव निवासी पंकज वर्मा के अठारह वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार के रूप में हुई है। जबकि जख्मी की पहचान मृतक की मां विजया लक्ष्मी के रूप में किया गया। जख्मी विजया लक्ष्मी पीएमसीएच में नर्स के पद पर कार्यरत हैं।

# द्वितीय अपील के तहत पांच मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 06 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 05 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में किरण कुमारी द्वारा विद्यालय का सम्पूर्ण प्रभार नहीं दिए जाने के संबंध में, प्रबिला कुमारी द्वारा चिकित्सीय अवकाश को नियम-234 के तहत रूपांतरित करने में गलत तरीके से बदलाव के संबंध में, अरविन्द कुमार टूटू द्वारा कांड संख्या-256/2024 के संबंध में, शम्भू प्रसाद द्वारा नगर थाना, नवादा में प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में एवं नवलेश कुमार किरण द्वारा नगर परिषद, वारिसलीगंज से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# 2 मई को लगेगा रोजगार कैम्प, 12वीं पास अभ्यर्थी ले सकेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 2 मई को संयुक्त श्रम भवन, नवादा के प्रांगण में अर्शीवाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा क्षेत्र विकास सहायक एवं क्षेत्र संग्रह सहायक के 10 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। जिसके लिए योग्यता बारहवीं एवं ग्रेजुएशन होना आवश्यक है। वेतन 16,500 से 18,000 के साथ निःशुल्क छात्रावास एवं साप्ताहिक प्रोत्साहन की सुविधा मिलेगी। आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा एवं गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन, नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे एनसीएस पोर्टल पर स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# विशेष सर्वेक्षण पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण

## जिले में दो चरणों में सर्वेक्षण कार्य है प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय टाउन हॉल में विशेष सर्वेक्षण पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला-सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बिहार विशेष सर्वेक्षण बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्य है। इसके तहत नालंदा जिला में दो चरणों में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रथम चरण के नौ अंचलों (यथा अस्थावां, बेन, बिन्द, चण्डी, हरनौत, परवलपुर, थरथरी, सरमेरा एवं सिलाव) के 395 राजस्व ग्रामों में जबकि द्वितीय चरण में 11 अंचलों (यथा बिहारशरीफ, रहुई, नूरसराय, नगरनौसा, हिलसा, करापरशुराय, कतरीसराय, गिरीयक, एकंगरसराय, इस्लामपुर एवं राजगीर) के कुल 574 राजस्व ग्रामों में भू-सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम का असर ग्राउंड लेवल, धरातल तक के लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यशाला में विशेष सर्वे से जुड़े विभिन्न कर्मियों/मास्टर ट्रेनरों द्वारा निम्नलिखित विषयों पर सभी सर्वे कम्रियों को जानकारी दी गयी। जिसमें बिहार विशेष सर्वेक्षण से संबंधित परिचय, सर्वेक्षण संबंधित अधिनियम एवं नियमावली, मानचित्र बनाने जाँचने एवं सुधार करने की तिथि, किस्तवार (खेसरा पंजी का संधारण, अलामत), खानापुरी (याद्दास्त एवं खेसरा पंजी लेखन),

सॉफ्टवेयर आदेश एवं जाँच प्रतिवेदन लेखन तथा खाता जेनरेशन की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, लोक शिकायत एवं निवारण पदाधिकारी, नालन्दा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन उपस्थित थें।

# समेकित बाल विकास सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लाभुकों को समय पर भुगतान करने का निर्देश**

**नवादा।** मंगलवार को उप विकास आयुक्त, नवादा नीलिमा साहू की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) एवं विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईसीडीएस के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन, लाभुकों को उपलब्ध कराई जा रही पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक बाल शिक्षा एवं पोषण अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान यह भी चर्चा की गई कि जिन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्र भवन उपलब्ध नहीं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित हों तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएं शत-प्रतिशत उपलब्ध कराई जाएं। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा के क्रम में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने तथा नए पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित अनुश्रवण, क्षेत्रीय निरीक्षण एवं जमीनी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में प्रभारी सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), निरुपमा शंकर के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय मामले होंगे निष्पादित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा के प्रकोष्ठ में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक वादों की न्यायालयवार समीक्षा की गई, जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयों के वादों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निष्पादन के लिए चिन्हित वादों पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में मापतौल, श्रम एवं वन वादों की न्यायालयवार चिन्हित सूची से सुलहनामा हेतु तैयार वादों में नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री-सीटिंग) के माध्यम से सुलहनीय आपराधिक वादों का काउंसलिंग कर सुलह के आधार पर वादों का निष्पादन किया जाए। साथ ही ऐसे सभी वादों, जिनमें पूर्व में ही सुलहनामा आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या अभिलेख में दाखिल किया गया है, उनमें पक्षकारों को प्रभावी सूचना निर्गत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मापतौल, श्रम एवं वन वादों में निर्गत नोटिसों की तामिला के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। आज की बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, नवादा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/जनजाति, नवादा, अनन्य विशेष न्यायाधीश उत्पाद, द्वितीय, नवादा, अनन्य विशेष न्यायाधीश उत्पाद, प्रथम, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (ग्यारह), नवादा, अनन्य विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, नवादा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (नवम), नवादा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अनिता कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, प्रज्ञा ऐश्वर्या, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, शत्रुंजय कुशवाहा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, संतोष कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, सोनम रानी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, अनुराग, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नवादा, चन्द्रलेखा मौर्या, न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय श्रेणी, नवादा उपस्थित हुए।

## निजी विद्यालयों में चलने वाले दर्जनों वाहनों की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली।** थाना क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों में स्कूल वाहनों की सघन जांच मंगलवार को आरटीओ संदीप कुमार के द्वारा की गई। इस दौरान परिवहन नियमों के उल्लंघन करने वाले 7 स्कूल वाहनों पर लगभग एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरटीओ ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़े विशेष अभियान के तहत मंगलवार को सती स्थान मोहल्ला स्थित धनार्जय नदी पुल एवं बाईपास स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे दर्जनों स्कूली वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस, इंश्योरेंस, टैक्स, प्रदूषण समेत अन्य जरूरी कागजातों की जांच की गई। आरटीओ ने कहा कि रजौली क्षेत्र में संचालित साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, डीएवी समेत कई निजी विद्यालयों का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों द्वारा संचालित वाहनों के जरूरी कागजात हेतु 10 दिनों का समय भी दिया गया है। यदि समय सीमा के भीतर वाहनों को दुरुस्त नहीं किया जाता है, तो उनपर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही विद्यालयों के प्रबंधकों से अपील की गई है कि वे परिवहन नियमों के अनुकूल ही बच्चों का आवागमन सुनिश्चित करवाएं।

# हिसुआ प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में एचपीवी वायरस की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** समाहरणालय की जिला गोपनीय शाखा के निर्देशानुसार हिसुआ प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में एचपीवी वायरस से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 28 अप्रैल 2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवानंद कुमार सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एचपीवी वायरस से बचाव, रोकथाम, जागरूकता अभियान तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई। समाहरणालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रतिनिधि, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं सामुदायिक उत्प्रेरकों ने बैठक में भाग लिया। विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, नवादा द्वारा 27 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के तहत सभी संबंधित अधिकारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी। बैठक में एचपीवी वायरस के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने तथा स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। यह समीक्षा बैठक जिले में जनस्वास्थ्य के प्रति प्रशासन की गंभीरता को दर्शाती है तथा एचपीवी वायरस की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों को नई दिशा प्रदान करती है।

# राज्य पथ परिवहन निगम के कार्यों की समीक्षा हेतु डॉ. प्रेम कुमार ने की अधिकारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के कार्यों की समीक्षा हेतु अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित एवं जनोपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

समीक्षा के क्रम में अधिकारियों ने बताया कि राज्य में शीघ्र ही 50 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा जिनकी एक बार चार्ज होने पर लगभग 200 किलोमीटर तक चलने की क्षमता होगी। इन बसों के परिचालन से प्रदूषण में कमी आएगी तथा यात्रियों को सुगम एवं पर्यावरण अनुकूल यात्रा सुविधा प्राप्त होगी। प्रारंभिक चरण में इन बसों का संचालन मगध प्रमंडल में किया जाएगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि विभिन्न राज्यों के लिए 22 नई बसों का परिचालन किया जाएगा जिसमें 11 एसी एवं 11 नॉन-एसी बसें शामिल होंगी। इन बसों के माध्यम से गया से देश के विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों तक सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी। गया जिले में महिलाओं की सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा को ध्यान में रखते हुए 8 'पिंक बसों' का संचालन किया जाएगा। ये बसें सीएनजी आधारित होंगी और विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए समर्पित रहेंगी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला चालकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जा रही है। इसके लिए आइडीटीआर औरंगाबाद में विशेष प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर महिला ड्राइवरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। समीक्षा के दौरान बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, गयाजी द्वारा विभिन्न मार्गों पर बसों के परिचालन की विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कुल 149 बसों के विरुद्ध 11 एसी एवं 11 नॉन-एसी बसों के परिचालन हेतु मार्गों का निर्धारण किया गया है, जिससे राज्य के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों के बीच यातायात सुविधा और सुदृढ़ होगी। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ एवं आधुनिक परिवहन सेवा प्रदान करना है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संबंधित विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं परिवहन निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# गांधी मैदान में किसी भी सभा पर पूर्ण रोक, बुद्ध पूर्णिमा पर सिर्फ आधिकारिक कार्यक्रमों की अनुमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

क बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गया शहर के गांधी मैदान में किसी भी प्रकार की सभा पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस दिन वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए प्रशासन द्वारा किसी भी संगठन को सभा की अनुमति नहीं दी गई है। बिना अनुमति के जुटने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अनिल कुमार रमन ने बताया कि एक मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बोधगया पहुंचते हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण वीआईपी कार्यक्रम भी निर्धारित हैं। इसी क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भी गया दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला गया दौरा होगा जिसमें दिनभर विभिन्न कार्यक्रम तय हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से संविधान बचाओ संगठन द्वारा गांधी मैदान में सभा की मांगी गई अनुमति को अस्वीकार कर दिया गया है। आम लोगों से अपील की गई है कि वे बुद्ध पूर्णिमा के दिन गांधी मैदान में किसी भी प्रकार की सभा या भीड़ का हिस्सा न बनें। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गांधी मैदान में मुख्यमंत्री के लिए हेलिपैड बनाया जा रहा है। पूरे जिले में लगभग 350 मजिस्ट्रेट और 1500 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। प्रशासन ने साफ कहा है कि बिना अनुमति के आयोजित किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने पर उसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी। वहीं टाउन डीएसपी सरोज कुमार साह ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन गया में पहले से ही कई वीआईपी कार्यक्रम निर्धारित हैं। ऐसे में गांधी मैदान में किसी भी सभा की अनुमति नहीं दी गई है। अगर कोई व्यक्ति या संगठन प्रशासन के निर्देशों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों को सुझाव दिया कि यदि वे सभा करना चाहते हैं तो किसी अन्य तिथि का चयन करें और विधिवत अनुमति लेकर कार्यक्रम आयोजित करें। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी के बहकावे या भावनाओं में आकर बिना अनुमति वाले कार्यक्रमों में शामिल न हों।

# 24 घंटे में स्व-गणना पूरी करें : डीइओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को 24 घंटे के भीतर स्व-गणना करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दिया है। जो लोग लापरवाही बरतेंगे, उनका अप्रैल माह का वेतन रोक दिया जायेगा। जनगणना के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना कार्य में सुस्ती पर जिला शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार ने आदेश जारी कर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को 24 घंटे के अंदर स्व-गणना कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में 20 अप्रैल को दिये गये निर्देश के बावजूद कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी है। इसे गंभीरता से लेते हुए अब सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंड के शिक्षकों और कर्मियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्व-गणना कार्य पूर्ण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। कार्य पूरा होने के बाद प्रखंडवार प्रतिवेदन संबंधित नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराना होगा। साथ ही आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गयी है कि जो पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक या शिक्षक-शिक्षिका स्व-गणना कार्य समय पर पूरा नहीं करेंगे, उनका अप्रैल माह का वेतन स्थगित कर दिया जायेगा। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जायेगी। आदेश की प्रति सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को भेजी गयी है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के कड़े निर्देश के बाद जिले के शिक्षकों और कर्मियों में हड़कंप मच गया है। अब देखना होगा कि 24 घंटे की समय सीमा में स्व-गणना कार्य कितना पूरा हो पाता है। कैसे करें स्व-गणना जनगणना के पहले चरण में स्व-गणना के तहत आपको अपने घर और परिवार से जुड़ी जानकारी खुद भरनी होती है। ऑनलाइन पोर्टल या एप पर रजिस्ट्रेशन कर घर, मकान की जानकारी, परिवार के सदस्यों का विवरण सहित कई जानकारियां 24 घंटे के अंदर भरनी होती हैं। इसके बाद इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं व कर्मी को देनी होती है।

# मानव सभ्यता के विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी इवॉल्विंग केमिस्ट्री फॉर अ ट्रांसफॉर्मिंग वर्ल्ड (केमवॉल्व 2026) का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह संगोष्ठी रसायन शास्त्र विभाग एवं अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कुलपति शशि प्रताप शाही के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है। उद्घाटन समारोह में कुलसचिव बी. के. मंगलम सह-संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सत्येंद्र शाह तथा विशिष्ट अतिथि रंजीत वर्मा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। विज्ञान संकायाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद यादव एवं विभागाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुमित कुमार ने किया और मंच संचालन सुप्रिया कुमारी ने किया। पार्थ प्रतिम दास ने विभाग की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा शिप्रा सोलंकी ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पंजीयन कार्य में विकास मंडल एवं रूपेश कुमार झा की सक्रिय भूमिका रही। प्रथम दिन कुल 20 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए तथा 15 शोध-पत्र पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किए गए। आमंत्रित व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता शैलेज श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में मोहम्मद शहजादा, शिवकुमार, प्रमोद, डॉ. राजेश, सिकंदर मुखिया सहित सैकड़ों शोधार्थी उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. सिद्धनाथ प्रसाद यादव ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियां शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए ज्ञान-विस्तार का सशक्त माध्यम हैं और नवाचार व अंतःविषय सहयोग को बढ़ावा देती हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. रंजीत वर्मा ने वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में रसायन विज्ञान की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान को समाजोन्मुख बनाना समय की आवश्यकता है। ताकि शोध का लाभ आमजन तक पहुंच सके। सह-संरक्षक प्रो. बी. के. मंगलम ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका मूलभूत रही है और यह विषय प्रकृति एवं मानव के बीच सेतु का कार्य करता है। संगोष्ठी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में हरित रसायन, पदार्थ विज्ञान, औषधीय रसायन, पर्यावरण रसायन एवं नैनो प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध-पत्र प्रस्तुतियाँ और विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की भागीदारी इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान कर रही है। संगोष्ठी का उद्देश्य रसायन विज्ञान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए नए दृष्टिकोण विकसित करना है।

# किशोरी भगा ले जाने का मामला दर्ज, आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय किशोरी को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मंगलवार को आंती थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आंती के एक मोहल्ला निवासी किशोरी की मां ने थाना में आवेदन देकर बताया कि 24 अप्रैल को वह अपनी बेटी का इलाज कराकर टेंपो से रफीगंज से लौट रही थी। इसी दौरान खटनही मोड़ के पास उन्होंने देखा कि उनके ही गांव का एक युवक उनकी बेटी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर रफीगंज की ओर ले जा रहा है। पीड़िता की मां के अनुसार जब उन्होंने टेंपो रुकवाकर युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह तेज गति से फरार हो गया। आवेदन में युवक पर शादी की नियत से किशोरी को भगाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# हीट वेव से निपटने की तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भीषण गर्मी और संभावित हीट वेव को लेकर जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हॉस्पिटल प्रबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को हीट वेव से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तल और हर वार्ड में ठंडा पानी उपलब्ध हो। साथ ही सभी अस्पतालों में ओआरएस तथा हीट वेव से संबंधित दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हीट वेव की प्रबल संभावना है और मानसून के देर से आने के आसार हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। सभी अस्पतालों में चिकित्सकों का रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से उसकी निगरानी सिविल सर्जन के माध्यम से कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही हीट वेव वार्ड में एयर कंडीशन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में बेड, दवाएं, ओआरएस, पानी और आइस पैक उपलब्ध रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हीट वेव के मरीजों को बिना प्राथमिक उपचार के किसी भी स्थिति में रेफर नहीं किया जाए। प्राथमिक उपचार के बाद ही आवश्यकता होने पर रेफर किया जाए। सभी रेफरल मामलों की जांच सिविल सर्जन स्तर से गठित टीम द्वारा की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्था करते हुए बताया गया कि प्रत्येक पंचायत में एक-एक वाहन टैग किया गया है, ताकि किसी भी गांव में हीट वेव के मरीज को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जा सके। संबंधित वाहन चालकों का नाम और मोबाइल नंबर आशा कार्यकर्ताओं एवं मुखिया के साथ साझा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके अलावा सभी सरकारी अस्पतालों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में ठंडा पानी, ओआरएस और आइस पैक की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। एंबुलेंस की भौतिक जांच कराने और उनमें एयर कंडीशन की कार्यशीलता की अनिवार्य रूप से जांच कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, सहायक समाहर्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य सहित सभी अस्पतालों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हॉस्पिटल प्रबंधक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मंझियावां मारपीट कांड में दो आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मंझियावां निवासी सुजय यादव (पिता स्व. सत्येंद्र यादव) ने आवेदन देकर पांच लोगों को आरोपी बनाया था। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया कि दुकान से सामान लेकर घर लौटने के दौरान प्रियेश यादव अपने सहयोगियों के साथ उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित के आवेदन के आधार पर कोंच थाना में कांड संख्या 110/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त दो अभियुक्त प्रियेश यादव और मंतोष यादव (दोनों पिता रामबरत यादव, निवासी मंझियावां, थाना कोंच) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# सड़क किनारे लगा सरकारी हैंडपंप खराब, पानी को तरस रहे राहगीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र के धर्मपुर टोला कोनिया, दादपुर, सड़क किनारे पीएचडी विभाग के द्वारा लगा सरकारी हैंडपंप कई महीनों से खराब है। देखरेख के अभाव में सड़क किनारे और गांव में लगाए गए कई चापाकल खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी में ग्रामीणों व राहगीरों को पानी की एक बूंद को लेकर तरसना पड़ रहा है। खराब पड़े हैंडपंप को ठीक कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। कोनिया निवासी श्रवण कुमार ने बताया कि पीएचडी विभाग के द्वारा सड़क किनारे लगे सरकारी हैंडपंप कई महीनों से खराब है। देखरेख के अभाव में सड़क किनारे लगा चापाकल खराब पड़ा हुआ है। आमलोगों व राहगीरों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस भीषण गर्मी में लगे हैंडपंप व चापाकल शोभा की वस्तु बनकर लोगों का मुंह चिढ़ा रही है। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा लगाये गये सरकारी हैंडपंप व चापाकल मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रहा है। खराब पड़े इन चापाकलों को देखने वाला कोई नहीं है। संबंधित विभाग का रवैया भी इस समस्या के प्रति उदासीन है। बावजूद इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पीने के लिए गांव में लोगों का घर आंगन ताकना झांकना पड़ता है। कुछ चापाकल ठीक भी तो उनको कुछ ग्रामीण मोटर डाल कर अपने निजी काम में ला रहे हैं।

# भामाशाह जयंती पर तैलिक साहु समाज का सामूहिक विवाह, दो जोड़े बने जीवनसाथी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** तैलिक साहु समाज द्वारा टेकारी रोड स्थित तैलिक भवन में भामाशाह जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ जिसमें समाज के लोगों की व्यापक भागीदारी रही। समारोह का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सामूहिक विवाह में दो जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया जिसमें गया जिला तैलिक साहु सभा की ओर से दूल्हा-दुल्हन को आवश्यक सामग्री एवं उपहार प्रदान किए गए। गया जिला तैलिक साहु सभा के अध्यक्ष संजु लाल ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार भामाशाह जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को अपने पूर्वज भामाशाह के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने आगे बताया कि समाज के विकास के लिए छात्रावास और पुस्तकालय निर्माण की योजना पर भी काम किया जा रहा है जिससे छात्रों को बेहतर सुविधा मिल सके। संजु लाल ने कहा कि तैलिक भवन में समाज के लोगों को विवाह सहित अन्य सामाजिक कार्यों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर आगे बढ़ने और स्थानीय चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर नैना कुमारी ने कहा कि भामाशाह का जीवन समाज के लिए प्रेरणा है और समाज द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों का विवाह कराना सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में गुड़िया देवी, मुकेश नंदन, संतोष कुमार दास, नरेश साव, जे पी कुमारी, सुरेश प्रसाद, सुनिल कुमार, विनोद कुमार, अर्जुन प्रसाद, मोहन लाल गुप्ता, उमेश कुमार, कन्हाई साव, रंजय कुमार, प्रेम चन्द्र भारती, रंजीत, संजय साव, कृष्ण कुमार गुप्ता तथा देव कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के काबर के समीप डंवर बिगहा मोड़ के पास सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान काबर पंचायत के धरमपुर टोला निवासी रविंद्र यादव (35 वर्ष), पिता तपासु यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से इटवां गांव बहन के घर जा रहा था जहां से उसे अपने भगिना की बारात में शामिल होना था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि घायल के दाहिने पैर में घुटने के नीचे फ्रैक्चर हुआ है।

# अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय के स्थायी भवन निर्माण की उम्मीद एक बार पुनः जगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय के स्थायी भवन निर्माण की उम्मीद एक बार पुनः जगी है। मंगलवार को जिला जज प्रदीप कुमार मलिक ने न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बता दें कि टिकारी कोंच मुख्य मार्ग स्थित जलालपुर मौजा के लगभग 5 एकड़ भूमि को चयनित किया गया है। उक्त भूमि के सभी 11 रैयतों से वर्ष 2018 में ही सहमति पत्र ली जा चुकी है। स्थल निरीक्षण के दौरान मौजूद स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अब तक भूमि अधिग्रहित नही की गई है जिसे लेकर जिला जज ने शीघ्र भू अर्जन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया कर लेने का निर्देश दिया। एक बार पुनः जिला जज द्वारा स्थल निरीक्षण किये जाने के बाद न्यायालय के स्थायी भवन निर्माण की कवायद तेज होने की उम्मीद जगी है। स्थल निरीक्षण के दौरान जिला जज श्री मलिक के साथ एसडीएम प्रवीण कुंदन, एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, सीओ सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शिक्षाविद् सह समाजसेवी के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र के कोरमथु गांव निवासी महान शिक्षाविद्, समाजसेवी, मुखर वक्ता स्व. श्याम कुमार सिंह उर्फ सिद्धि बाबू के आकस्मिक निधन से लोगों में शोक व्याप्त है। श्याम कुमार से सिद्धि बाबू उर्फ सकरदास गांधी बनने वाले स्व.सिंह का जीवन काफी संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणाओं से ओतप्रोत है। सिद्धि बाबू ने वर्ष 1980 में डीहा उच्च विद्यालय से गणित शिक्षक के पद से इस्तीफा देकर वजीरगंज थाना क्षेत्र के सिंगठिया गांव में एक जर्जर विद्यालय को देखकर पुनः विद्यालय का पुनरुद्धार करने का जिम्मा उठाया और भिक्षाटन से तुलसी विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, सिंगठिया का स्थापना किया तथा 1981 से 1910 तक प्राचार्य पद को सुशोभित किया। उनके इस सिद्धि से लोग 'सिद्धि बाबू' तथा महात्मा गांधी एवं विनोबा भावे के विचारों से प्रभावित होने के कारण 'सकरदास गांधी' कहकर संबोधित करने लगे। गुरारू प्रखण्ड क्षेत्र के बरमा गांव में कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना का भी जिम्मा इनके द्वारा उठाया गया और कन्या उच्च विद्यालय इस क्षेत्र में लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय है।

# एसडीएम प्रवीण कुंदन ने की हीटवेव सुरक्षा को लेकर कार्रवाई की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** भीषण गर्मी व हिटवेव से जनमानस की सुरक्षा को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा मंगलवार को एसडीएम प्रवीण कुंदन ने की। एसडीएम श्री कुंदन ने आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सुदृढ़ एवं त्रुटिहीन व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। साथ ही साथ बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों से भी आम जनता को भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु क्या करें एवं क्या न करें का अनुपालन करने तथा इसे जन-जन तक प्रसारित करने का आहवान किया। जानकारी हो कि जिला प्रशासन द्वारा गर्मी व हिट वेव को लेकर की जा रही व्यवस्था को लेकर एसडीएम को नोडल ऑफिसर बनाया गया है। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र के नगर निकाय व ग्राम पंचायत द्वारा सभी सार्वजनिक जगहों पर, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पताल, विद्यालय, पंचायत भवन, सभी जनवितरण की दुकानों के समीप प्याऊ व ओआरएस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार विद्यालयों में तीन बार पानी का सेवन करने के लिए बजने वाली घण्टी को पूरी तरह सुनिश्चित करने का निर्देश बीईओ को दिया गया। पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को भी शिकायत मिलते ही कार्रवाई करने, टैंकर की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। एसडीएम श्री कुंदन ने आमजनों ने पानी की समस्या होने पर अनुमण्डल व प्रखण्ड कार्यालय में भी सूचना देने की बात कही। इसके अलावा सरकार से सम्बंधित सभी दुकानों यथा जविप्र व उर्वरक की दुकानों पर भी प्याऊ व ओआरएस की व्यवस्था करने की बात कही गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों के बीच उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किये जाने की बात कही। साथ ही साथ अस्पताल में हीटवेव वार्ड की व्यवस्था की जानकारी ली गई। समीक्षा बैठक में एसडीएम श्री कुंदन के अलावा बीडीओ योगेंद्र पासवान, बीईओ अभय कुमार रमन, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनिता कुमारी, बीपीआरओ सौरव कुमार, सीडीपीओ सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

संपादकीय

# कोशिश विफल : ये तो होना ही था

ईरान और अमेरिका के बीच दूसरे दौर की वार्ता की कोशिश भी विफल रही। हालांकि इसके आसार पहले से ही दिख रहे थे, क्योंकि वार्ता के लिए ईरान की बुनियादी शर्तों को मानने के लिए अमेरिका तैयार नहीं था और बिना इन शर्तों को मान्य किए ईरान बातचीत के लिए राजी नहीं था। पहले दौर में दोनों देशों के बीच सीधी बात तो हुई,लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जबकि इस बार पाकिस्तान की मध्यस्थता के बावजूद दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत नहीं हुई। ईरान ने उस पर से प्रतिबंध हटाने की शर्त रखी, जिसे अमेरिका ने नहीं माना। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची पाकिस्तान को अपनी शर्तों का कागज थमा कर विदेश दौरे पर निकल गए। तो दूसरी तरफ चर्चा न होने की स्थिति में ट्रंप ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का दौरा रद्द कर दिया, जिससे बातचीत की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हालांकि, दोनों देशों ने संवाद का रास्ता खुला रखने की बात कही है। वैसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को इस्लामाबाद में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची से बात की थी। अरागची अमेरिका के प्रस्तावों पर तेहरान का फॉर्मल जवाब लेकर इस्लामाबाद पहुंचे, जिसमें 'क्षेत्रीय स्थिति' और सीजफायर के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। इसके पहले तेहरान ने साफ कर दिया था कि वह दौरे पर आए अमेरिकी डेलीगेशन से नहीं मिलेगा। कोई भी बातचीत इनडायरेक्ट होगी। ईरान की पहली शर्त है कि ईरानी बंदरगाहों और स्ट्रेटेजिक रूप से अहम होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नेवी की नाकाबंदी हटाई जाए। लेकिन अमेरिका इस पर तैयार नहीं है। उसे लग रहा है कि ईरान पर दबाव डालकर वो उसे बातचीत की टेबल पर आने के लिए मजबूर कर देगा। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञों का मानना है कि खुद ईरानी नेतृत्व के भीतर जबरदस्त अंदरूनी लड़ाई और कन्फ्यूजन है. कोई नहीं जानता कि इंचार्ज कौन है। यह भी कहा जा रहा है कि ईरान में कट्टरपंथी नेतृत्व हावी हो गया है, जो किसी भी कीमत पर सरेंडर करने के लिए तैयार नहीं है। दूसरी तरफ ईरान का कहना है कि अभी तक यह साफ नहीं है कि अमेरिका कूटनीति को लेकर वाक़ई गंभीर है या नहीं। दरअसल ईरान यह अच्छी तरह समझ चुका है कि लड़ाई रोकने और हार्मुज स्ट्रेट खुलवाना अमेरिका की मजबूरी ज्यादा है बजाय ईरान के। इसका एक बड़ा कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का अपने ही घर में घिरना है। वो जितना बड़बोलापन दिखा रहे हैं, उतने ही फंसते जा रहे हैं। दूसरा कारण संवैधानिक है। अमेरिकी कानून के मुताबिक ईरान के साथ जारी सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से मंजूरी लेने का भारी दबाव है। 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' (1973) के तहत ट्रंप प्रशासन को ईरान के खिलाफ आक्रामक सैन्य कार्रवाई के लिए 1 मई तक कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी, अन्यथा उन्हें सेना वापस बुलानी पड़ सकती है या युद्ध रोकना पड़ सकता है। अगर ऐसा न हुआ तो यह ट्रंप की नैतिक, सैन्य और कूटनीतिक हार भी होगी। ईरान इस बात को बखूबी समझता है, लिहाजा वह वार्ता को ज्यादा से ज्यादा समय तक टालने की नीति पर काम कर रहा है। लेकिन बाकी दुनिया के लिए वार्ता के दूसरे दौर का विफल होना, इसलिए गंभीर चिंता का विषय है कि इससे ऊर्जा का वैश्विक संकट और गहराने की आशंका है। खासकर भारत जैसे देशों ज्यादा प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि हम ऊर्जा आयात के लिए अभी भी होर्मुज स्ट्रेट पर काफी कुछ निर्भर हैं। इसके अलावा खाड़ी देशों का आंतरिक संकट भी और गहराएगा, क्योंकि उनका तेल और गैस निर्यात तो ठप है ही, जरूरी सामान का आयात भी लगभग बंद है।

# महिला आरक्षण बिल नहीं, परिसीमन विधेयक गिरा है

**महिला आरक्षण अधिनियम, जिसके माध्यम से महिला आरक्षण 2029 से याने अभी शुरू हुई जनगणना के परिणाम और तदनुसार संसद की सीटों को बढ़ाकर 850 कर महिला आरक्षण लागू करना था, का प्रस्ताव 17 अप्रैल को संसद में गिर गया। चूंकि यह संविधान संशोधन का प्रस्ताव था और संविधान संशोधन प्रस्ताव पारित होने के लिए संसद के दो तिहाई सदस्यों का, याने 352 वोट चाहिए थे जो सरकार को नहीं मिल सके। इस संविधान के संशोधन के बिल के पक्ष में 298 मत मिले और विरोध में 230।**

**रघु ठाकुर**

महिला आरक्षण के लिए किया गया यह धोखे का एवं दिखावटी प्रयास सातवीं बार हुआ। 1996 में पहली बार श्री एचडी देवगौड़ा के प्रधानमंत्रित्व काल में महिला विधेयक पेश हुआ था, सरकार के कार्यकाल में तीन बार संसद में प्रस्ताव आये, परंतु पिछड़े वर्ग के सांसदों स्व मुलायम सिंह यादव, श्री लालू प्रसाद यादव, स्व. शरद यादव, आदि के विरोध के कारण वह पारित नहीं हो सका। श्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी आखिरी समय महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया गया था परंतु उसे बगैर मतदान के ही लैप्स कर दिया गया। उसके बाद 2023 में श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने चुनाव के कुछ समय पूर्व नारी वंदन बिल के नाम से महिला आरक्षण बिल पेश किया और लगभग सभी की सहमति से वह पास हो गया परंतु इस बिल के साथ एक गैर जरूरी राजनीतिक शर्त जोड़ दी कि नारी वंदन कानून अगली जनगणना और उसके आधार पर होने वाले परिसीमन के बाद 2029 में लागू किया जायेगा। अब सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच दोषारोपण का खेल शुरू हो गया है। सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष को महिला विरोधी कहेगा और प्रतिपक्ष कभी ओबीसी और कभी सत्ता पक्ष की राजनीतिक बदनीयत को दोषी ठहरायेगा। प्रधानमंत्री जी ने जो संसद में अपने भाषण में अपील की कि प्रतिपक्ष के सांसद अपने परिवार की महिलाओं को याद करें और उन्हें वंचित ना करें। हालांकि परिवार की महिलाओं की चिंता के उनके उदगार अपने आप में हास्यास्पद ही माने जायेंगे। मैं उनके निजी जीवन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, परंतु उनकी नियत केवल देश को यह दिखाने की रही है कि प्रतिपक्ष को दोषी सिद्ध किया जाये। मेरी राय में वर्तमान सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष तथा पुराने सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष भी महिला आरक्षण नहीं चाहते, वो केवल कहने के लिए कहते हैं। स्वतः इसके विरोध के लिए तर्क तैयार कराते हैं। जब अटलजी के कार्यकाल में तीन बार संसद में यह बिल आया और सरकार ने जब तीनों वार केवल कुछ लोगों के विरोध के नाम पर उसे टाल दिया। जबकि अटलजी की सरकार ने ही कई बिल प्रतिपक्ष के विरोध के बावजूद पारित कराये थे। तब यह एक ही कानून के लिए विरोध के नाम पर बिल वापिस करने का क्या औचित्य था? और इसी प्रकार 2010 में भी जब कांग्रेस की मनमोहन सरकार का बहुमत था, तब भी इसको पारित कराने के बजाय विरोध के नाम पर वापिस लेने का खेल वही खेल खेला था जो अटलजी के कार्यकाल में हुआ था। जो इस बिल का विरोध करने वाले लोग हैं या थे वे पिछड़े वर्गों के नाम पर इस कानून का विरोध कर रहे थे। हालांकि वे सत्ता के दोनों समूहों के साथ रहे हैं। पिछड़े वर्गों के वही दल याने उत्तरप्रदेश की मुलायम, अखिलेश की समाजवादी पार्टी, बिहार के लालू यादव का राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस के साथ यूपीए गठबंधन में शामिल थे और बाद में स्व. शरद यादव और नीतीश कुमार जी यूपीए गठबंधन में भी रहे और भाजपा में एनडीए गठबंधन में भी सरकार में शामिल रहे। इनके विरोध का आधार दिखाने को यही था कि महिला आरक्षण में कोटा में, कोटा होना चाहिये। याने 33 प्रतिशत आरक्षण में पिछड़ी जातियों का आरक्षण अलग होना चाहिए। एससी/एसटी का आरक्षण तो संविधान में पहले से ही है। अतरू बहुजन समाजवादी दल ने इस पर कोई विशेष भूमिका अख्तियार नहीं की। एक प्रकार से बीएसपी तटस्थ जैसी रही। जो लोग पिछड़ी जातियों की महिलाओं के लिए महिला आरक्षण से अलग कोटा चाहते हैं उनका यह कहना है कि अगर वहां यह नहीं होगा तो सवर्ण महिलायें ही सारे आरक्षण का लाभ लेंगी। पर क्या वास्तव में यह संशय का कारण ही इनके विरोध का कारण था या फिर वे दिमागीतौर पर महिलाओं के विरोध में हैं या फिर केवल इस निराधार बातों को उठाकर पिछड़े वर्गों के नेता बनना चाहते हैं। सत्यता तो यह है कि वे केवल अपनी राजनीति चलाये रखना चाहते हैं। उसे जिंदा बनाये रखने के लिए लिए यह तर्क गढ़ रहे थे। कौन नहीं जानता कि श्री लालू यादव, जो अपनी पार्टी के सर्वेसर्वा थे और एक अघोषित मालिक या तानाशाह थे जो अपनी पत्नी को जो विधायक भी नहीं थी, उनको मुख्यमंत्री बना सकते थे तो महिलाओं को आरक्षित सीटों में पिछड़े वर्गों की महिलाओं को 33 प्रतिशत टिकट नहीं दे सकते थे। इसी प्रकार समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष स्व मुलायम सिंह यादव जो अपने बेटे को मुख्यमंत्री बना सकते थे व अपनी बहु को सांसद बना सकते थे, तो क्या वह अपने दल की महिलाओं को 33 प्रतिशत हिस्सेदारी नहीं दे सकते? इसी प्रकार सुश्री मायावती बसपा की सुप्रीमो हैं, अपने दल के टिकिट जिसे चाहे दे सकती हैं इसलिये मुझे लगता है कि इनका विरोध केवल राजनीतिक रूप से पिछड़े वर्गों को गुमराह कर उनका वोट लेने, उनका नेता बनने का हथकंडा मात्र है। स्व शरद यादव का इस विषय में संसद में दिया गया भाषण मैंने मीडिया पर देखा था। जिसमें श्री यादव ने उन्हें क्रांतिकारी सिद्ध करने के लिए सीता बनाम द्रौपदी की चर्चा की थी।

हालांकि यह भी उनकी बेईमानी है कि जिस महान नेता ने नारियों के पक्ष में यह तर्क आज से 70 साल पहले 50 के दशक में देना शुरू किया था उनके नाम का उल्लेख भी नहीं किया। वह महान नेता थे डॉ राम मनोहर लोहिया, जिनके विचार व कर्म के आधार पर यह सभी नेता बन सके, सत्ता के पदों पर आ सके। चाहे मुलायम सिंह हो,लालू यादव हो, नीतीश कुमार हो, शरद यादव हो या अन्य हो। ये सभी डॉ. लोहिया के क्रांतिकारी विचारों की सीढ़ी पर चढ़कर ही सत्ता तक पहुंचे हैं। शायद उसका यह कारण है भी रहा होगा कि लोहिया जी ने 1950 के कालखंड में देश में सभी महिलाओं, बहनों को पिछड़ा माना था,उस समय वे घरों में कैद थी इसलिए उन्होंने अपनी योजना कि पिछड़े पावे 100 में 60,में समूची महिला वर्ग को शामिल किया और अपने कार्य रूपी प्रयोगों से अधिकांश पिछड़ी, दलित महिलाओं को प्रतीक बनाया, व उन्हें अवसर दिया था।

ये लोहिया जी ही थे, जिन्होंने ग्वालियर की महारानी के विरुद्ध सुक्खो रानी नाम की जमादारिन को चुनाव में खड़ा किया था।बिहार में खेत में काम करने वाली महिलाओं को कहकर टिकट दिलाया और उन्हें सांसद बनाया। सत्यता तो यह है कि लोहिया के विचार की क्रांतिकारिता का लाभ उठाकर ये सत्ता पर बहुतेरे लोग पिछड़े वर्गों के शोषक और जातिवादी, परिवारवादी बन गए। अपनी सुरक्षा और आधार के लिए पिछड़े वर्गों के लिए नकली और गैर जरूरी बहस चलती रहे तथा स्वर्गीय अटल जी से लेकर मनमोहन सिंह व श्रीमती सोनिया गांधी भी सभी महिलाओं के आरक्षण के लिए ऊपर से दिखावा करते रहे,परंतु अंतरात्मा से उसे असफल करने के प्रयास करते रहे।श्री नरेंद्र मोदी को 2023 में अवसर मिला था जब देश की संसद और राज्य सरकारों का गणित उनके पक्ष में था तथा वर्ष 2023 के महिला आरक्षण कानून यानी नारी वंदन कानून के नाम पर यह बिल लगभग सर्वानुमति से पारित हुआ था। अगर भाजपा और प्रतिपक्ष की ईमानदार इच्छा होती तो 2023 में ही इसे लागू कर देते तथा विधानसभा और लोकसभाओं के चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दे देते परंतु बिल पारित होने के बावजूद उन्होंने पारित कानून को लागू नहीं किया तथा यह कहकर टाल दिया कि महिला आरक्षण अगली जनगणना और परिसीमन के बाद लागू करेंगे। इसका क्या औचित्य था? लगभग 27 साल से लटका कर रखा गया और बिल जब पारित हो गया था तो इसे तत्काल लागू कर महिलाओं को हिस्सेदारी देना चाहिए थी।

इसी प्रकार प्रतिपक्ष भी महिला आरक्षण के पक्ष में अपनी सीट छोड़ने को तैयार नहीं है। कोई पुरुष सांसद या विधायक अपनी सीट महिला को देने को तैयार नहीं है इस पर मैंने उस समय भी कहा और लिखा भी था, कि सरकार इसे तत्काल प्रभाव से संसदीय क्रमानुसार लागू कर दे। यानी अगर लगभग 170 क्षेत्र महिलाओं को आरक्षित होना हो तो 1 से लेकर 170 तक प्रथम चरण में, फिर 5 वर्षों बाद 171 से 240 तक, और फिर तीसरे टर्म में बकाया को आरक्षित करना चाहिए। यह आसान तरीका था। परंतु महिलाओं का वोट सभी दल चाहते हैं तथा किसी भी दल में साहस नहीं है और ना कोई अपनी सीट छोड़ना चाहता है। इसलिए नाना प्रकार के तर्क गढ़े जाते हैं और महिला आरक्षण बिल को त्याग दिया जाता है।इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ा दिया जाता है। सभी संसदीय दलों के पुरुषवादी नेतृत्व को अपना स्थान बचाना है। सी पी आई-सीपीएम आदि वाम दलों द्वारा यद्यपि हर बार महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया गया पर इसे गठबंधनों के अंदर या बाहर इसे मुद्दा नहीं बनाया गया। अगर इन दलों ने पूर्व में भी महिला आरक्षण वर्तमान में नारी वदन विधेयक लागू करने को कहा होता तथा प्रृथक प्रस्ताव लाये होते तो यू.पी.ए. सरकार को मानना पड़ता। वामपंथी बिल पर सदन में मतगणना व अपने दल की ओर से बिल पर वोट की मांग करते तो या तो यूपीए/एनडीए के दलों को उसका समर्थन करना पड़ता या फिर देश में उनकी पोल खुल जाती। परंतु वामपंथी दलों ने अभी भी यह नहीं किया। मेरी समझ में 2026 में प्रतिपक्ष ने भी सुविचारित रणनीति नहीं बनाई। अगर प्रतिपक्ष अपनी ओर से भी एक समांतर संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत कर देता कि नारी वंदन विधेयक को अमुक तिथि से लागू किया जाए।

## अध्यात्म

### जब तक दुख नहीं मिलते, प्रभु की याद नहीं आती



एक दिन किसी निर्माण के दौरान भवन की छटी मंजिल से सुपर वाईजर ने नीचे कार्य करने वाले मजदूर को आवाज दी। निर्माण कार्य की तेज आवाज के कारण नीचे काम करने वाला मजदूर कुछ समझ नहीं सका की उसका सुपरवाईजर उसे आवाज दे रहा है।

फिर सुपरवाईजर ने उसका ध्यान आकर्षित करने के लिए एक 10 रु का नोट नीचे फैंका, जो ठीक मजदूर के सामने जा कर गिरा।

मजदूर ने नोट उठाया और अपनी जेब मे रख लिया, और फिर अपने काम मे लग गया । अब उसका ध्यान खींचने के लिए सुपर वाईजर ने पुनः एक 500 रु का नोट नीचे फैंका। उस मजदूर ने फिर वही किया और नोट जेब मे रख कर अपने काम मे लग गया। ये देख अब सुपर वाईजर ने एक छोटा सा पत्थर का टुकड़ा लिया और मजदूर के उपर फैंका जो सीधा मजदूर के सिर पर लगा। अब मजदूर ने ऊपर देखा और उसकी सुपर वाईजर से बात चालू हो गयी। ये वैसा ही है जो हमारी जिन्दगी मे होता है। भगवान् हमसे संपर्क करना, मिलना चाहता है, लेकिन हम दुनियादारी के कामो मे व्यस्त रहते है, अतः भगवान् को याद नहीं करते।

भगवान् हमें छोटी छोटी खुशियों के रूप मे उपहार देता रहता है, लेकिन हम उसे याद नहीं करते, और वो खुशियां और उपहार कहाँ से आये ये ना देखते हुए, उनका उपयोग कर लेते है, और भगवान् को याद नहीं करते। भगवान् हमें और भी खुशियों रूपी उपहार भेजता है, लेकिन उसे भी हम हमारा भाग्य समझ कर रख लेते है, भगवान् का धन्यवाद नहीं करते, उसे भूल जाते है।

तब भगवान् हम पर एक छोटा सा पत्थर फैंकते है, जिसे हम कठिनाई कहते है, और तुरंत उसके निराकरण के लिए भगवान् की और देखते है, याद करते है। यही जिन्दगी मे हो रहा है यदि हम हमारी छोटी से छोटी खुशी भी भगवान् के साथ उसका धन्यवाद देते हुए बाँटें, तो हमें भगवान् के द्वारा फैंके हुए पत्थर का इन्तजार ही नहीं करना पड़ेगा।

# 'फास्ट ब्रीडर' तक भारत की निर्णायक छलांग

**दुनिया इस समय अस्थिरता के ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां ऊर्जा वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। ईरान में जारी युद्ध और उसके चलते कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है। महंगाई की मार हर देश झेल रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं, लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच भारत ने एक ऐसा रास्ता चुना है, जो आने वाले दशकों में उसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बना सकता है। यह रास्ता है सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम और विशेष रूप से फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक का।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

रविवार को प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विज्ञान और तकनीक की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया। उन्होंने कहा- 'साथियों, भारत ने विज्ञान को हमेशा देश की प्रगति से जोड़कर देखा है। इसी सोच के साथ हमारे वैज्ञानिक सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके प्रयासों से यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में अहम् योगदान दे रहा है। इससे हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ को, एनर्जी सेक्टर को, हेल्थकेयर सेक्टर को बहुत लाभ हुआ है। खेती किसानी से लेकर आधुनिक इनोवेटर्स को भी भारत के सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम ने बहुत मदद की है।' प्रधानमंत्री का यह कथन वास्तव में उस व्यापक परिवर्तन की झलक है, जो भारत के वैज्ञानिक प्रयासों के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। परमाणु ऊर्जा अब बिजली उत्पादन से आगे कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, चिकित्सा में कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज और उद्योगों में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन के लिए भी अहम भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख किया, जिसने भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान दिलाया है।

उन्होंने कहा- 'कुछ ही दिन पहले, हमारे न्यूक्लियर साइंटिस्ट ने एक और बड़ी उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ाया है। तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी हासिल कर ली है। दरअसल, क्रिटिकलिटी वह स्टेज है, जिसमें रिएक्टर पहली बार सेल्फ-सस्टेनिंग न्यूक्लियर चेन रिएक्शन में सफलता हासिल करता है। इस स्टेज का मतलब है रिएक्टर का ऑपरेशन फेज में पहुंचना। भारत की न्यूक्लियर एनर्जी जर्नी में यह एक ऐतिहासिक माइलस्टोन है। और बड़ी बात ये भी कि परमाणु रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है। साथियों, इसे ब्रीडर रिएक्टर क्यों कहते हैं? इसके पीछे भी एक वजह है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जो ऊर्जा के उत्पादन के साथ-साथ भविष्य के लिए नया ईंधन भी खुद ही तैयार करता है।' कलपक्कम में स्थापित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) का 'क्रिटिकलिटी' स्तर तक पहुंचना किसी भी दृष्टि से साधारण उपलब्धि नहीं है। यह वह क्षण होता है, जब रिएक्टर के भीतर परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया स्थिर और नियंत्रित रूप से स्वयं चलने लगती है। यहीं से ऊर्जा उत्पादन की वास्तविक यात्रा शुरू होती है। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि भारत आज जटिल तकनीकों को समझने और विकसित करने में इतना सक्षम हो चुका है कि उसे इस दिशा में किसी अन्य देश के सहयोग की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है। निश्चित ही फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक को समझना जितना जटिल है, उसका महत्व उतना ही व्यापक है।



दुनिया के कई विकसित देशों ने इस तकनीक को हासिल करने के लिए दशकों तक प्रयास किए। अमेरिका, जापान, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देशों ने इस दिशा में अरबों डॉलर खर्च किए, किंतु विभिन्न तकनीकी और आर्थिक चुनौतियों के कारण वे इस तकनीक को व्यापक स्तर पर लागू नहीं कर सके। इसके विपरीत, भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद इस दिशा में सफलता प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टि और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

भारत की इस सफलता के पीछे सात दशक की वैज्ञानिक यात्रा और दूरदर्शी सोच छिपी है। महान वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा ने जिस तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की नींव रखी थी, वह आज अपनी सार्थकता सिद्ध कर रहा है। इस कार्यक्रम का पहला चरण प्राकृतिक यूरेनियम से ऊर्जा और प्लूटोनियम उत्पादन पर आधारित है। दूसरे चरण में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के माध्यम से अधिक ईंधन तैयार किया जाता है, जबकि तीसरे चरण में थोरियम आधारित रिएक्टरों के जरिए दीर्घकालिक ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित किया जाता है। यहां जान लें कि भारत के संदर्भ में थोरियम का महत्व अत्यधिक है। देश में यूरेनियम के भंडार सीमित हैं, पर थोरियम प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। विश्व के कुल थोरियम भंडार का लगभग एक चौथाई हिस्सा भारत में पाया जाता है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक इस थोरियम को उपयोगी ईंधन में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि तो होगी ही, साथ में भारत की विदेशी ईंधन पर निर्भरता भी कम होगी।

कलपक्कम में स्थापित 500 मेगावाट क्षमता वाला यह रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इसका डिजाइन और अनुसंधान भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है, जबकि निर्माण और संचालन भी देश के ही संस्थानों द्वारा किया जा रहा है। यह उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' की अवधारणा को साकार करती है और यह दर्शाती है कि भारत अब तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा भी कि 'मार्च 2024 का वह समय भी याद है, जब मैं कलपक्कम में रिएक्टर की कोर लोडिंग का साक्षी बना था। मैं उन सभी को बधाई देता हूँ, जिन्होंने, भारत के परमाणु कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया है। देशवासियों का जीवन बेहतर और आसान बनाने के लिए उनका यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। इससे विकसित भारत के हमारे संकल्प को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी। 'आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है, तब फास्ट ब्रीडर रिएक्टर जैसी तकनीकें एक स्थायी समाधान के रूप में उभर रही हैं। भारत के लिए यह उपलब्धि एक नई ऊर्जा अर्थव्यवस्था की शुरुआत भी है। यदि आने वाले वर्षों में इस तकनीक का विस्तार किया जाता है और देशभर में ऐसे रिएक्टर स्थापित किए जाते हैं तो भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता दिखेगा।

कहना होगा कि ऊर्जा के क्षेत्र में यह बदलाव भारत की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक विकास और सामाजिक प्रगति को नई दिशा देगा। आज यह वैज्ञानिक उपलब्धि एक ऐसे भविष्य की आधारशिला है, जहां भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में विश्व के सभी देशों के बीच आगे की पंक्ति में खड़ा दिखाई देता है। इसके लिए देश के शीर्ष नेतृत्व और वैज्ञानिकों को जितना धन्यवाद दिया जाए, निश्चित ही वह उतना ही कम होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपको सिखाएगा धैर्य ही असली ताकत है। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर रखें।

**वृषभ**
किसी भी विवाद से दूर रहना ही समझदारी होगी। मन थोड़ा उलझा रहेगा, लेकिन अटकी हुई डील अचानक पूरी होकर राहत दे सकती है।

**मिथुन**
आज धन और अवसर दोनों आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। किसी की मीठी बातों में आकर फैसला न लें। विदेश से जुड़े काम में खुशखबरी मिल सकती है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में टीम का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन जल्दबाज़ी में गलती हो सकती है। धार्मिक माहौल में समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा।

**सिंह**
परिवार के शानदार समय बितेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों को नई पहचान मिलेगी। नया काम शुरू करने से पहले विचार जरूरी है।

**कन्या**
आज आलस्य छोड़कर आगे बढ़ने का दिन है। आपकी मीठी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। अफवाहों या सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें।

**तुला**
आज जिम्मेदारियों का भार थोड़ा बढ़ सकता है। खर्चे आय से ज्यादा हो सकते हैं, जिससे तनाव रहेगा। संतान का व्यवहार भी चिंता दे सकता है।

**वृश्चिक**
आज भाग्य आपके साथ खड़ा है। नौकरी में शानदार प्रदर्शन आपको खास बना देगा और प्रमोशन के संकेत मिल सकते हैं। नए काम में कदम सोच-समझकर रखें।

**धनु**
आज बड़ों का आशीर्वाद आपको आगे बढ़ाएगा। आपकी समझदारी भरे फैसले लोगों को प्रभावित करेंगे। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और काम समय पर पूरे करेंगे। ध्यान थोड़ा भटक सकता है।

**मकर**
दूर बैठे किसी अपने से अच्छी खबर मिल सकती है। पेंडिंग कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। लेकिन पैसों के मामले में किसी अजनबी पर भरोसा करना भारी पड़ सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन सामान्य लेकिन सीख देने वाला है। बिजनेस में तकनीकी समस्या परेशानी दे सकती है। काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन टीम का सहारा मिलेगा।

**मीन**
आज मेहनत आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगी। आप अपनी लगन से एक नई ऊंचाई हासिल करेंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए संतुलन जरूरी है।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में पूर्ण पारदर्शिता बरतें : डीएम

## सभी मामलों को ससमय निष्पादित करने की कही गई बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बखरी अनुमंडल अंतर्गत बखरी प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल कार्यालय बखरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बखरी, अंचल कार्यालय बखरी, प्रखंड कार्यालय बखरी, बुनियाद केन्द्र बखरी तथा कौशल विकास केन्द्र बखरी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय बखरी पहुंचकर वहां संचालित प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की स्थिति एवं लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रकार के मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बखरी के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने ओपीडी की व्यवस्था, मरीजों की उपस्थिति, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, दवा उपलब्धता, प्रसव कक्ष, टीकाकरण व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, चिकित्सक नियमित रूप से उपस्थित रहें तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।अंचल कार्यालय बखरी के निरीक्षण के दौरान भूमि संबंधी मामलों, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, राजस्व वसूली तथा लंबित वादों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा राजस्व संग्रहण में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। प्रखंड कार्यालय बखरी के निरीक्षण में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल-जीवन-हरियाली, सात निश्चय योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुनियाद केन्द्र बखरी के निरीक्षण के दौरान दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की गई। साथ ही नेत्र जांच शिविर में परीक्षण के उपरांत चश्मा वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को समय पर सहायक उपकरण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा केन्द्र पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कौशल विकास केन्द्र बखरी में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षुओं से संवाद किया एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं प्लेसमेंट की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण को रोजगारोन्मुख बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, कार्यालयीन अनुशासन एवं समयपालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करें तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# डीएम ने किया विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा मंगलवार को नावकोठी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने राजकीयकृत बौधु सिंह 10+2 विद्यालय तथा राजकीयकृत आदर्श मध्य विद्यालय, पहसारा बाभंगामा का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति एवं मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की भी समीक्षा की। संबंधित विद्यालय प्रधानों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने तथा विद्यालयों में अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा कहा गया कि विद्यालयों के समुचित संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भगवान परशुराम मंदिर के सौंदर्यीकरण पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में सोमवार की रात में बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उदय कुमार ने की। इस दौरान भगवान परशुराम मंदिर में वायरिंग व लाइटिंग की व्यवस्था करने के साथ मंदिर में ग्रेनाइट पत्थर लगाकर सौंदर्यीकरण करण करने पर चर्चा की गई। उसके बाद सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद कुमार ने परशुराम सेवा समिति, ओड़ो के वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित कमिटी के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को पद व गोपनीयता का शपथ दिलाई। उन्होंने परशुराम सेवा समिति, ओड़ो के अध्यक्ष पद पर उदय कुमार को पद एवं गोपनीयता का शपथ दिलाई। इसके अलावा लोकायुक्त के पद पर स्वामी गोपाल जी महाराज को, उपाध्यक्ष पद पर सीताराम सिंह, सचिव पद पर राजीव कुमार को, उप सचिव पद पर सिंटू कुमार विपिन कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर अजीत कुमार ने पद व गोपनीयता शपथ ली। वही पूजा प्रबंधक पद पर अभिषेक कुमार और राहुल कुमार ,सूचना प्रसारण मंत्री पद पर सोनु व ब्रह्मनी कुमार, अंकेक्षक पद पर सुबोध चौधरी, सदस्य में संतन कुमार को भी पद व गोपनीयता का शपथ ग्रहण लिए।

# डीआईजी ने दो आईओ पर दिया विभागीय कार्रवाई का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मंगलवार को पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा कार्यालय कक्ष मे खगड़िया जिले के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 के क्षेत्र अंतर्गत थानों के हत्या से संबंधित कांडो की समीक्षा की गई। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दो खगड़िया एवं कांडों के अनुसंधान कर्ता शामिल हुए। समीक्षा के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने गिरफ्तारी इश्तिहार कुर्की का तमिला करते हुए तीव्र गति से अनुसंधान पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में कांडों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में संख्या 337/25 में तत्कालीन अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का आदेश एवं वर्तमान अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार से विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई। अलौली थाना कांड संख्या 53/25 के तत्कालीन अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार एवं पुलिस निरीक्षक समरेंद्र कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया गया। अलौली थाना कांड संख्या 521/24 के वर्तमान अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार से विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई। अलौली थाना कांड संख्या 4/23 के तत्कालीन अनुसंधान कर्ता पुलिस अवर निरीक्षक श्याम सुंदर पासवान के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया गया एवं वर्तमान अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार शर्मा से विभागीय कार्यवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई। अलौली थाना कांड संख्या 402/25 अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार शर्मा को एक निंदन की सजा दी गई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बखरी।** बखरी व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक एसीजेएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी मयंक श्रीवास्तव, एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, एसडीपीओ कुंदन कुमार, पेशकार विपिन कुमार, वीरेश सिन्हा, संतोष कुमार, आर्यन राज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन सुनिश्चित करना था। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने स्तर पर मामलों की सूची तैयार करें और पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से समझौते के लिए प्रेरित करें। एसीजेएम मनोज कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम जनता को सुलभ, त्वरित और कम खर्च में न्याय दिलाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लोक अदालत को सफल बनाने का निर्देश दिया।बैठक के अंत में, 9 मई को होने वाली लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई।

# फतुहा में सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत, मां जख्मी

**फतुहा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पटना बख्तियारपुर फोरलेन पर फतुहा मेट्रो रेलवे यार्ड के पास मंगलवार की सुबह हुई एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। युवक की पहचान नालंदा जिला के नगर नौसा थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव निवासी पंकज वर्मा के पुत्र प्रेम कुमार 18 वर्ष के रूप में हुई है। घटना फोर लेन सुकुलपुर स्थित छपाक वाटर पार्क और मेट्रो रेलवे यार्ड के पास की सुबह करीब 7 बजे की बताई जाती है। प्रेम पटना के पीएमसीएचसी से बाइक से अपने मां विजयलक्ष्मी को लेकर अपने घर के लिए निकला था कि वह जैसे ही फोर लेन पर छपाक वाटर परक से आगे मेट्रो रेलवे यार्ड के मोड के पास पहुंचा कि एक अज्ञात बड़े वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार प्रेम कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही मां गम्भीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान नागरनौसा थाना क्षेत्र के उसवानपुर निवासी पंकज वर्मा के 18 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रेम कुमार की मां विजया लक्ष्मी, जो पीएमसीएच में नर्स के पद पर कार्यरत हैं, नाइट ड्यूटी खत्म होने के बाद अपने बेटे प्रेम कुमार के साथ बाइक से घर लौट रही थीं. इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। मौके पर पहुंची फतुहा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर घायल विजयलक्ष्मी को तत्काल इलाज के लिए पटना भेज दिया।

# वाहन चेकिंग के दौरान कार से राइफल, पिस्टल और 33 जिंदा कारतूस बरामद

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रानीतालाब थानाक्षेत्र के कनपा पुल के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से एक राइफल, एक पिस्टल और 33 जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने कार सवार दो लोगों को हिरासत में लिया है। इधर पूरे मामले पर पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने जानकारी देते बताया कि बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार पुलिस प्रशासन क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चला रही है और वाहन चेकिंग के दौरान कई अपराधी गिरफ्तार हो रहे हैं। रानीतालाब की पुलिस ने कनपा पुल के पास बीते रात्रि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक कार से हथियार बरामद हुआ है।


## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ/एसी/टी/12-15/26-27 (ओपन), दिनांक: 27.04.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-12-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन सहायक अभियंता/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में डीआरएम कार्यालय के कक्ष/कार्यस्थल के सुधार हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 70,56,759.44। **बयाना राशि:** ₹ 1,41,100। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **क्रम संख्या:** 2 । **केस संख्या: ओ-एसी-टी-13-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन सहायक अभियंता/II/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में सीतारामपुर-प्रधानखांटा में समपार फाटकों पर जल-निकासी सहित आधारभूत संरचना सुविधाओं का प्रावधान तथा गेट लॉज का सुधार, साइन बोर्ड, सुरक्षा बेड़ा आदि हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 44,80,283.91। **बयाना राशि:** ₹ 89,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-14-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/आसनसोल के अधीन सहायक अभियंता/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में टीआरएस शेड, आसनसोल में सम्प का प्रावधान तथा इलेक्ट्रिक लोको शेड की आधारभूत संरचना के सुधार हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 79,31,648.41। **बयाना राशि:** ₹ 1,58,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **क्रम संख्या:** 4। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-15-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में ट्रिंबल जीईडीओ वोर्सीस ट्रॉली सिस्टम का इस्तेमाल करके ट्रैक ज्योमेट्री तथा ट्रैक पैरामीटर के सुधार हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 75,99,599। **बयाना राशि:** ₹ 1,52,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे ( क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-40/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अंसार नगर अंडरपास बना हादसे का हॉटस्पॉट, सुरक्षा इंतजाम न होने से लोगों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** शहर के अंसार नगर स्थित अंडरपास के समीप मंगलवार, 28 अप्रैल की सुबह लगभग 5:43 बजे एक बार फिर सड़क दुर्घटना हुई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत और आक्रोश बढ़ गया है। यह स्थान लगातार सड़क हादसों का केंद्र बनता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन अब तक कोई ठोस और प्रभावी कदम उठाने में विफल रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले छह महीनों से वे यहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं, परंतु उनकी शिकायतों और मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अंडरपास के दोनों ओर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां न तो पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की गई है। लोगों की मांग है कि दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टिव मिरर (शीशा) और आवश्यक ट्रैफिक संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को सतर्क किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते उचित सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो हादसों का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। लगातार हो रही दुर्घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रही हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा और अंसार नगर अंडरपास को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम कब उठाएगा, ताकि आम लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

# नवादा सदर अस्पताल में दलालों पर शिकंजा कसने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा सदर अस्पताल समेत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने तथा निजी एंबुलेंस के नाम पर दलालों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने मंगलवार को जिला पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। सामाजिक संस्था श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफ़ेयर ट्रस्ट के लगातार पत्राचार और सदर अस्पताल प्रशासन की पहल पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने अस्पताल व्यवस्था से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं की ओर जिला पदाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य रूप से सदर अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस की पार्किंग के बहाने मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाने की शिकायतों को प्रमुखता से उठाई गई। इस पर चिंता जताते हुए कहा गया कि इससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है और आर्थिक शोषण भी बढ़ रहा है।

इसके अलावा अस्पताल वार्डों में आवारा कुत्तों की मौजूदगी, बाहरी फर्जी चिकित्सकों की घुसपैठ तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में विभागीय भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया गया।

जिला पदाधिकारी ने इन समस्याओं पर विधिसम्मत कार्रवाई कर अस्पताल व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया।

पुष्पा देवी ने कहा कि जिला पदाधिकारी के साथ हुई मुलाकात सकारात्मक और संतोषजनक रही, जिससे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार, सुरक्षित माहौल और पारदर्शी सेवाएं मिल सकेंगी।

# पूर्व बीएसएफ के जवान ने नशे की हालत में की गाली गलौज

**दनियावां (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के छोटी केवई गांव में एक पूर्व बीएसएफ के जवान ने नशे की हालत में गांव के ही एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर मारपीट कर दी। जिससे दोनों के बीच तनाव व्याप्त हो गया। पीड़ित रामा गोप ने शाहजहांपुर थाना को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर पूर्व बीएसएफ जवान रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित रामा गोप ने रमेश कुमार को नामजद करते हुए शाहजहांपुर थाना में लिखित शिकायत की।

# उद्घाटन के 14 माह बीत जाने के बाद भी हॉस्पिटल का नहीं खुला ताला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के तोप-सरथुआ रेलवे स्टेशन से उत्तर करोड़ों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,तोप इन दिनों दयनीय स्थिति में है। यह भवन अपने निर्माताओं पर आँसू बहा रहा है।प्रगति यात्रा के दौरान 21 फरवरी 2025 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों उद्घाटित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,तोप आज भी वीरान पड़ा है। उद्घाटन के 14 महीने बाद भी यहां एक भी डॉक्टर-नर्स की तैनाती नहीं हुई। नतीजाः वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की समय पर इलाज नहीं मिलने से काफी दिक्कत हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब वर्तमान सीएम श्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजकर स्वास्थ्य सेवा तुरंत शुरू कराने की मांग की है। स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से किया था। दावा था कि दनियावां के लोगों को इलाज के लिए पटना नहीं दौड़ना पड़ेगा। लेकिन हकीकत यह है कि भवन पर ताला लटका है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड व जिला स्तर के अधिकारियों की शिथिलता के कारण चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हुई।

**इमरजेंसी में 30 किमी दूर पटना ही सहारा**

सिंगरियावां और खरभैया पंचायत के लोगों ने सीएम और वरीय अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से मरीजों को इमरजेंसी में 25-30 किमी दूर पटना ले जाना पड़ता है। कई बार रास्ते में ही मरीज दम तोड़ देते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी है। ग्रामीण जीतन कुमार, रंजीत कुमार, दिलेन्द्र कुमार, संजय कुमार, राजकमल और सान्याल दिवाकर ने बताया कि उद्घाटन के दिन लगा था अब सुविधा मिलेगी, पर 14 महीने से बिल्डिंग वीरान है। डॉक्टर-बेड कुछ नहीं। गरीब कहां जाए।

**प्रशासन मौन, जनता में रोष**

पत्र में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से 'स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साल भर से बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत स्वास्थ्य सेवा बहाल करने' की गुहार लगाई है। इस संबंध में सिविल सर्जन, पटना से पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। पिछले बरसात सावन-भादो में उफनती लोकाईंन और भुतही नदी की बाढ़ से इस नवनिर्मित अस्पताल में 5 से 6 फ़ीट पानी भर गया था। लबसलब जलप्रवाह में हॉस्पिटल के कई कीमती स्वास्थ्य उपकरण बाढ़ के गंदे पानी के जलजमाव से जंग लग गए।सरथुआ के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार, अखिलेश कुमार, रामदयाल पासवान, धीरज पांडेय ने कहा कि कई गाँव खासकर तोप-सरथुआ गांव के लोगों के सामूहिक प्रयास से निर्मित इस स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान दशा काफी रुग्ण और दयनीय है।

# हत्याकांड में मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में 1 अप्रैल को हुई हत्याकांड में शामिल मुख्य अभियुक्त को सोमवार की रात्रि पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पहसारा निवासी वार्ड संख्या 6 के गोपाल सिंह का पुत्र 19 वर्षीय रजनीश कुमार उर्फ टाईगर के रूप में की गई है। उसे नावकोठी थाना क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके निशानदेही पर हत्या किए गए मोना कुमार का मोबाइल फोन एवं शर्ट बरामद किया गया। जो मामले में अहम साक्ष्य माना जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस हत्याकांड के अनुसंधान में तेजी लाई जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश भी जारी है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## पूर्व रेलवे

**आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये पार्सल के पट्टे का अनुबंध प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, रेल संग्रहालय के नज़दीक, हावड़ा- 711101आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये तीन वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा शुरू करने वाली 02 यात्री वाही ट्रेनों के 2 अदद एसएलआर तथा 04 यात्री वाही ट्रेनों में 04 आरटीवीपी को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें सम्मिलित नीलामी कैटलॉग वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी हेतु बोलियां वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये जमा करनी होंगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये मर्चेण्टों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेण्टों के पास क्लास-III का डिजिटल सिग्नेचर भी अवश्य होना चाहिए। नीलामी कैटलॉग का विवरण: **नीलामी कैटलॉग संख्या: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-5ए। कम्पार्टमेंट:** 02 यात्री वाही ट्रेनों के 2 अदद एसएलआर तथा 04 यात्री वाही ट्रेनों में 04 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 02.05.2026 को दोपहर 1.30 बजे।

(HWH-37/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा विवि प्रशासन

## परीक्षा एवं रिजल्ट समय पर नहीं होने से आक्रोशित छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन। कालेज परिसर में प्रदर्शन कर कुलपति का किया पुतला दहन।




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 की परीक्षाएं जो 28 अप्रैल से शुरू होनी थीं किसी कारणवश स्थगित किए जाने पर छात्रों ने जमकर विरोध करते हुए कुलपति पुतला दहन किया।कालेज परिसर में छात्र राज चौधरी के नेतृत्व में किए गए विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन के बारे में उन्होंने कहा कुलपति को शिक्षा शैक्षणिक स्तर सुधारने का कोई सरोकार नहीं है कोई भी परीक्षा समय पर नहीं हो रही है ना ही परीक्षा का परिणाम समय पर आ रहा है। सत्र 6 महीने विलंब से चल रही है जिस वजह से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में है। परीक्षा रद्द होने का मुख्य कारण छात्रों को समय पर एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं करवा पाई विश्वविद्यालय प्रशासन और इस निर्णय से हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सुभाष मंडल ने कहा कि यूजीसी के गाइडलाइन के तहत परीक्षार्थी को 15 दिन पूर्व एडमिट कार्ड मिल जाना चाहिए। लेकिन आज तक विश्वविद्यालय प्रशासन इस गाइडलाइन को पूरी नहीं कर पाए परीक्षा के 1 दिन पहले एडमिट कार्ड बांटने का दावा करती है और उसे पर भी विफल हो जाती है इस पूरे मामले के पीछे सबसे बड़ा कारण विश्वविद्यालय में बार-बार एजेंसी बदलना है। जो भी कुलपति आते हैं शिक्षा को प्राथमिकता नहीं देते हैं बल्कि अपनी कमिशन को प्राथमिकता देते हैं। परीक्षा और संबंधित कार्यों के लिए नियुक्त एजेंसी को हाल ही में बदला गया था।जिसके चलते डेटा प्रबंधन और तकनीकी प्रक्रिया प्रभावित हुई। हर नए कुलपति के आने पर कमीशन के चलते एजेंसियों में बदलाव प्रक्रिया से हटकर टेंडर करके किया जाता है। जिससे कार्य की निरंतरता टूटती है और इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है।उन्होंने यह भी कहा परीक्षा स्थगित होने की खबर मिलते ही हजारों छात्रों में निराशा फैल गई। पहले से ही विश्वविद्यालय के सभी सत्र विलंब से चल रहा है। बार-बार एजेंसी बदलने और प्रशासनिक अस्थिरता के कारण विश्वविद्यालय का कार्य प्रभावित हो रहा है। कुलपति अगर इस पर जल्द से जल्द ठोस निर्णय नहीं करते हैं तो जल्दी पूरे विश्वविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय गेट पर जाकर जोरदार आंदोलन करेंगे मौके पर छात्र प्रशांत कुमार, राजकुमार चौधरी, प्रशांत ,पीयूष कुमार, बिट्टू कुमार, धीरज, सोनू कुमार ,कुणाल कुमार, शुभम कुमार, ब्यूटी कुमारी ,तनीषा कुमारी, रश्मि कुमारी, मनीषा, छोटी कुमारी, कोमल, प्रिया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### टोटो पलटने से चालक गंभीर रूप से जख्मी

**कटोरिया(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटोरिया बांका मुख्य मार्ग पर कठोन गांव स्थित जहांगीर टायर सोप के पास अचानक आगे पहिया में बंदर आ जाने से एक युवक गंभीर रूप से घायल।जानकारी के मुताबिक सुबह लगभग 8बजे राधानगर से सवारी लेकर टोटो से कटोरिया बाजार जा रहे थे।तभी अचानक दौड़कर आगे पहिया में बंदर फस गया जिसे अंसुलित होकर टोटो पलट गया।टोटो पर बैठे सवारी को मामुली चोट पहुंची जबकि चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिनका शिनाख्त कठौन गांव स्थित रूदल महलदार पिता चमरू महलदार के (35)बर्ष के रूप में हुई है।जिनका सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कटोरिया में प्रभारी चिक्तस्त विनोद कुमार के निगरानी में मेडिकल टीम के द्वारा उपचार किया गया।

### मैजिक की ठोकर से बाइक सवार घायल

**कटोरिया(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पपरेवा गांव से मोटसाईकिल से पाठा लेकर कटोरिया बाजार आ रहे एक युवक गंभीर रूप से जख्मी।जानकारी के मुताबिक पपरेवा गांव से बाइक पर लोड कर पाठा लेकर कटोरिया बाजार आ रहा था।तभी पीछे से अनियंत्रित मैजिक की ठोकर से बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी।जिनका शिनाख्त संजय ठाकुर पिता सुधीर ठाकुर (30)वर्ष प्रेम नगर कटोरिया निवासी के रूप में हुई है।ग्रामीणों व परिजनों के सहयोग से सामुदायिक केन्द्र कटोरिया लाया गया।जहां प्रभारी चिक्सित विनोद कुमार के नैतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।

### नीतीश के विकास मॉडल के साथ बिहार का किया जायेगा चौतरफा विकास : विजय चौधरी

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के विकास मॉडल के विजन को अपनाकर प्रदेश का चौतरफा विकास किया जायेगा। श्री चौधरी आज समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय के केवटा मे आयोजित एक सम्मान समारोह के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार का जिस तरह से ऐतिहासिक विकास किया वह सदैव याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास का डंका देश एवं विदेशों मे आज बज रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश के विकास विजन के साथ ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व मे बनी एनडीए सरकार प्रदेश का चौतरफा विकास करेगी। श्री चौधरी ने कहा कि देश के 5 राज्यों मे विधानसभा के चुनाव के जो रूझान मिल रहे है उससे स्पष्ट है कि इन राज्यों मे भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में सत्ताधारी दल के द्वारा चुनाव मे हिंसा प्रायोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार ही हिंसा प्रायोजित करें स्वाभाविक रूप से वहां की जनता को वह सरकार अच्छी नहीं लगती है।



### पानी की किल्लत से पुरैनिया पंचायत के लोगों के कंठ सूखे

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छौडादानो प्रखंड के पूरैनिया पंचायत के कयी गांव बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज है, यहां के पीएचडी विभाग के लापरवाही के कारण अनेकों प्याऊ नल बंद होकर सरकार की बेकार योजना बनी हुई है,इस दिशा में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष चितरंजन यादव ने लोगों की आवश्यक समस्याओं को लेकर पदाधिकारी के खिलाफ आन्दोलन करने की धमकी दी, उन्होंने कहा कि इस प्रचंड गर्मी के ताप को सहन करना मुश्किल है वहीं दूसरी ओर पानी की किल्लत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है यहां के जनप्रतिनिधि गण मौन धारण कर बैठे है जो प्रतिनिधित्व करने वाले लोग हैं वे इस बड़ी समस्या पर विचार नहीं करते, दिन प्रतिदिन पानी के लेयर निचे की ओर जाने से लोग हतप्रभ हैं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सात निश्चय के अन्तर्गत नल जल योजना बेकार साबित हुई है।

### चमकी बुखार को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**मोतिहारी / रक्सौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रक्सौल के सौजन्य से रक्सौल के गाद बहुआरी में चमकी बुखार को लेकर आम जन में जागरूकता अभियान के तहत संध्या चौपाल लगाया गया। जिसमें लोगों को आगाह किया गया कि बच्चों को खाली पेट नहीं रहने दें, रात में सोने से पहले छोटे बच्चों को जरूर कुछ खिला दें। टॉफी या मीठा हमेशा घर में रखें। बच्चों का शरीर गर्म होने पर तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल में चिकित्सक से दिखा लें। संध्या चौपाल में आशा फैसिलिटेटर आभा देवी,एएनएम आकांक्षा, आशा- मंटू देवी, मंजू देवी और सविता देवी ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।



### चेक पोस्ट पर 30 किलो गांजा सहित वाहन जब्त

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झरौखर सीमा क्षेत्र में एसएसबी ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार रात झरौखर एसएसबी बीओपी चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच के दौरान एक टाटा सफारी वाहन से 30.5 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। हालांकि, वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।सुरक्षा बलों को नेपाल से गांजा की खेप आने की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर झरौखर एसएसबी बीओपी चेक पोस्ट पर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। भारत की ओर नो-मैन्स लैंड क्षेत्र में कई वाहन अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।जांच होते देख एक टाटा सफारी वाहन का चालक अचानक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इससे सुरक्षा बलों का संदेह गहरा गया। एसएसबी के तलाशी दल ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और पास में मौजूद झरौखर थाना पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वाहन की पहचान स्पष्ट : संयुक्त टीम ने वाहन की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 4 बंडलनुमा पैकेट में रखा कुल 30.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर इफ 05 ढ 7318 है, जिसका आरसी कार्ड भी वाहन से ही मिला है। यह कार्रवाई झरौखर बॉर्डर के समीप भारत-नेपाल सीमा के नो-मैन्स लैंड क्षेत्र में, आईएनबी बीपी संख्या 357/03 के पास की गई।एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन समेत बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है। झरौखर थाना प्रभारी असलम अंसारी ने बताया कि इस मामले में आवश्यक विधिवत कार्रवाई की जा रही है। फरार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।यह कार्रवाई सीमावर्ती इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सुरक्षा बलों की सतर्कता और सख्ती को दशार्ती है।



### अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त हुआ प्रशासन,शहर में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

अतिक्रमण के विरुद्ध फिर नगर परिषद चलाया अभियान।

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण के विरुद्ध एक बार फिर नगर परिषद प्रशासन सख्त हुई है। पिछले एक सप्ताह से नगर परिषद प्रशासन के द्वारा जमालपुर एवं ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाया। अतिक्रमण अभियान का




नेतृत्व कर रहे कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने बताया कि अल्बर्ट रोड से ईस्ट कलोनी थाना मोर तक चलाए गए अभियान के दौरान मुख्य सड़क के दोनों और दुकान मकान सड़क पर निकाल कर विधि व्यवस्था को भंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना किया जा रहा है। साथ ही वैसे लोग जो बार-बार सड़कों पर अपना दुकान मकान एवं नाले निकाल कर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं वैसे लोगों की सूची बनाकर उसे पर बड़ी कार्रवाई करने की भी तैयारी की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी ने यह भी बताया कि यह अभियान अब जारी रहेगा।

## पदाधिकारी अपने कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालय एवं पदाधिकारी के कार्यों की नियमित समीक्षा करें : जिलाधिकारी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में अंतर विभागीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी अपने कार्यालय सहित अपने अधीनस्थ कार्यालय के कार्य एवं पदाधिकारी के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करें और यह भी देखें की पदाधिकारी पर्सनल कैपेसिटी में क्या कार्य किए हैं। बैठक के प्रारंभ में ही जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया कि सरकार द्वारा जारी किए गए नए निर्देशों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय से कार्यालय आएं एवं समय होने पर ही कार्यालय छोड़ें। सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से अपना एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस सुनिश्चित करें। प्रत्येक सप्ताह सभी विभागों के साथ अंतर विभागीय समन्वय बैठक कराई जाएगी उसमें विभागीय पदाधिकारी अपने कार्यालय से संबंधित बायोमैट्रिक अटेंडेंस के साथ उपस्थित होंगे जिसकी बैठक में समीक्षा की जाएगी।सोमवार एवं शुक्रवार को जन संवाद के कार्यक्रम को सभी पदाधिकारी प्रमुखता दें एवं उसमें आए मामलों की कार्रवाई सेवा समाधान पोर्टल पर अपलोड करें साथ ही इससे संबंधित पंजी भी संधारित करें।सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय का इंस्पेक्शन करें एवं उससे संबंधित कार्यवाही प्रतिवेदन अपने विभाग को भेजते हुए जिला गोपनीय शाखा को भी उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी से जिलाधिकारी के द्वारा पिछले सप्ताह में किए गए कार्य का लेखा- जोखा लिया गया एवं इससे संबंधित सभी जरूरी निर्देश दिए गए।

## ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**बनकटवा (पूर्वीचम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीतामढ़ी-रक्सौल रेलखंड पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें चलती ट्रेन से गिरने के बाद एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना जयमूर्तिनगर फ्लैग स्टेशन के पश्चिम, रेलवे ढाला के समीप करीब सुबह 10 बजे की बताई जा रही है.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन से गिरते ही आसपास मौजूद स्थानीय लोग घायल यात्री को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन उसने कुछ ही क्षणों में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जितना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।मृतक की पहचान घोड़ासहन थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर लौखान गांव निवासी 50 वर्षीय ईश्वर चंद्र मिश्रा, पिता नागेश्वर मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के मोबाइल के जरिए परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की।बताया जाता है कि ईश्वर चंद्र मिश्रा घोड़ासहन स्टेशन से जयनगरझरक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर छौड़ादानो जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

## नियमित शिक्षकों की समान वेतन व पेंशन मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : आनंद पुष्कर

### विद्यालय दौरे में शिक्षकों की समस्याएं सुनीं, प्रोन्नति व सेवा निरंतरता को लेकर दिया आश्वासन



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित विधान परिषद चुनाव को लेकर चिरैया एवं ढाका प्रखंड के कई उच्च माध्यमिक विद्यालयों का दौरा किया।

विद्यालय भ्रमण के दौरान उन्होंने पीएम श्री महादेव साह हाईस्कूल चिरैया कोठी, जगन्नाथ हाईस्कूल, महंत जयनारायण पुरी हाईस्कूल शिकारगंज तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरौना समेत दर्जनों विद्यालयों का दौरा किया। इस दौरान शिक्षकों ने माला, गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। बैठक में शिक्षकों ने अपनी समस्याएं रखते हुए स्व-स्थानिक प्रोन्नति का पत्र शीघ्र जारी कराने तथा सेवा निरंतरता का लाभ दिलाने की मांग की। आनंद पुष्कर ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। श्री पुष्कर ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मामूली अंतर से हार के बावजूद वह लगातार चार वर्षों से अपने पिता स्वर्गीय केदारनाथ पांडेय के अधूरे कार्यों को पूरा करने में लगे हैं। उन्होंने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नियमित शिक्षकों के समान वेतन व पेंशन मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, संजीव तिवारी, मो. दबीर अहमद, मो. जफर इकबाल, अरुण कुमार सुमन, मो.आलमगीर, उपेंद्र कल्याण, शिक्षक संतोष कुमार, धमेंद्र कुमार, मंसूर आलम, भागीरथ प्रसाद रवींद्र राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह, रवि कुमार रवि, पुस्तकालयाध्यक्ष आफताब आलम सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एसएसबी के जवानों ने टीबी जन जागरूकता एवं जांच शिविर का किया आयोजन



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल की 71वीं वाहिनी ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मंगलवार को बेलदरवा कैम्प पर टीबी मुक्त भारत अभियान- 100 दिवसीय के अंतर्गत एक जन जागरूकता एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी जवानों की टीबी की प्रारंभिक पहचान की स्क्रीनिंग की गई, स्वास्थ्य विभाग से आए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ फिरोज आलम ने टीबी के दस लक्षणों के बारे में बताया वहीं मौजूद सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर श्री पप्पू कुमार राय ने टीबी के जल्द पहचान, जाँच, उपचार, पोषण सहायता,टीबी निवारक उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दिए, साथ ही उन्होंने कहा निक्षय मित्र बनकर सभी को टीबी मरीजों को सहायता करने में आगे आना चाहिए एवं मध्य विद्यालय बेलदरवा में स्कूली छात्रों को टीबी से बचाव,लक्षण उपचार के बारे में बताया गया एवं जागरूकता रैली निकाली गई कैम्प में मौजूद एसएसबी के जवान कुलदीप कच्छप ने अपने संबोधन में कहा टीबी उन्मूलन का लक्ष्य संपूर्ण शासन एवं संपूर्ण समाज के सहयोग से ही पाया जा सकता है,टीबी बीमारी का जाँच सही समय पर और सही इलाज से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है,टीबी के कोई एक भी लक्षण दिखे तो जाँच कराने की अपील की एवं उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं अन्य प्लेटफॉर्मों के माध्यम से जन-जागरूकता का प्रसार करने पर जोर दिया मौजूद सभी जवानों ने टीबी मुक्त भारत का शपथ लिया,कैम्प में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित आईईसी समाग्री बैनर का प्रदर्शन किया गया और समान्य बीमारियों की दवा वितरण की गई इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ फिरोज आलम,डॉ हैदर,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,एलटी कमरे आलम, एएनएम रिंकी कुमारी, एसएसबी के एएसआई ज्ञान सिंह, कार्मिक अशोक कुमार यादव,सोमनाथ वर्मा, अजीत कुमार,परमा राम,शमीम अहमद समेत अन्य मौजूद थे।

## स्नातक पंचम सेमेस्टर की परीक्षा तीसरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक पंचम सेमेस्टर, सत्र 2023-27 की परीक्षा दिनांक 24 अप्रैल 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एस.आर.ए.पी कॉलेज, चकिया, मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी, के.एस.आर. एन. डिग्री कॉलेज, मठिया और एस.एन.एस. आर.एन.एस. डिग्री कॉलेज, केसरिया के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 28/04/2026 को परीक्षा के तीसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप - ए के अंतर्गत राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, अंग्रेजी और रसायन शास्त्र विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 635 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में मेजर ग्रुप - बी के अंतर्गत भूगोल, अकॉउंट्स, अर्थशास्त्र, उर्दू, बॉटनी और संस्कृत विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 986 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक एवं पौधा रोपण कर ग्रामीणों को किया जागरूक

### एनएसएस की ओर से सीखने सिखाने का अभ्यास कार्यक्रम जारी



**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय में एनएसएस के सौजन्य से आयोजित शिविर में पांचवें दिन भी सीखने - सीखाने और अभ्यास का कार्यक्रम जारी रहा। उक्त तिथि को स्वयंसेवकों को जागरूक करने और उनके उत्साहवर्धन के लिए मुख्य अतिथि के रुप में इस क्षेत्र के एमएलसी मोहनलाल गुप्ता को आमंत्रित किया गया था जो इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी रहे हैं।पांचवें दिन गोद लिए गांव चंदनपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने गांव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधा रोपण करते हुए नुक्कड़ नाटक एवं कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम किए। वही स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर सर्वे कार्य भी किए। इस अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सफाई के क्रम में बेकार के कागज, पोलीथीन, रेपर्स घास-फूस आदि को जमाकर कूड़ेदान में डाला और अपने घर सहित अपने गांव-मुहल्ले की गलियों-सड़कों और नालियों को साफ रखने की शपथ ली। वही कार्यक्रम के अंतिम सत्र में स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो भवेशचन्द्र पांडे और उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहिद रजा जमाल एवं पूर्व प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मंडल भी आमंत्रित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो देवराज सुमन ने चादर , मोमेंटो आदि प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया एवं आमंत्रण स्वीकार करने केलिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।शिविर की छात्राओं में आस्था और साक्षी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। साक्षी के द्वारा पिछले दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रो भवेश च.पांडे महोदय ने स्वयंसेवकों की कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की और छोटी-छोटी गलत आदतों को त्यागकर जीवन को सुंदर बनाने की सलाह दी। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता ने समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना पर विशेष बल दिया। इसके लिए उन्होंने स्वार्थ की भावना से ऊपर उठकर सामाजिक कार्यों में रूचि लेने और लोगों को उक्त कार्य से जोड़ने की बात कही।

## जनगणना को लेकर पर्यवेक्षकों के बीच सामग्री वितरित

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना कार्य को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कोटवा हाई स्कूल में जनगणना से जुड़ी सामग्री का वितरण पर्यवेक्षकों के बीच मंगलवार को किया गया। जनगणना कार्य में कुल 56 पर्यवेक्षक और 310 प्रगणक लगाए हैं। प्रखंड जनगणना कोषांक के विकास वर्मा ने बताया कि एक मई से आरंभ होने वाले जनगणना कार्य को लेकर सभी पर्यवेक्षकों को उनके सर्किल के सभी प्रगणकों का मैटेरियल वितरित किया गया। जिसमें नियुक्ति पत्र, मानचित्र, परिचय पत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान अधिकारियों ने पर्यवेक्षकों को सामग्री के सही उपयोग एवं जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने के टिप्स दिए।

## श्रीनिवास कल्याणोत्सवम की तैयारी को लेकर डीएम-एसपी ने की समीक्षा



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 5 एवं 6 मई 2026 को योग नगरी मुंगेर में होने वाले श्रीनिवास कल्याणोत्सवम् की तैयारी को लेकर समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में कार्यक्रम के आयोजन में विधि एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जेल गेट से लेकर पादुका दर्शन एवं पोलो ग्राउंड का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, अपर समाहर्ता आपदा संजय कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं योगाश्रम के प्रतिनिधि उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम अत्यंत ही भव्य एवं आकर्षक होगा, जिसमें कई गणमान्य एवं वीवीआईपी का आगमन सम्भावित है। इसे लेकर पूरी सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था हेतु सभी अधिकारी से अभी से ही एक्टिव मोड में कार्य प्रारंभ कर दें। मुख्य कार्यक्रम स्थल पोलो मैदान है, जहां 5 मई को संध्या 7 से 8 बजे तक आकर्षक ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। इसमें शहरवासियों के साथ अन्य जिलों से भी लोगों के आने की संभावना रहेगी। इसे लेकर लोगों के आवागमन, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित रोड मैप आदि के लिए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन शो भी अत्यंत ही भव्य होगा, जो बिहार में पहली बार मुंगेर में आयोजित किया जा रहा है। वहीं 6 मई को नगर वासियों के लिए श्रीनिवास कल्याणोत्सवम् का सीधा प्रसारण प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक पोलो मैदान में किया जाएगा। संध्या समय 4 से 6 बजे तक पोलो मैदान में भगवान श्री तिरूपति बालाजी के प्रत्यक्ष दर्शन की भी व्यवस्था रहेगी। इसके पूर्व पादुका दर्शन से भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पादुका दर्शन से जेल गेट होते हुए पोलो मैदान तक पहुंचेगी। जिलाधिकारी ने इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने कहा कि चुंकि यह पहला मौका है जब बिहार में बालाजी तिरूपति भगवान का आगमन हो रहा है और इसमें कई वीवीआईपी भी शामिल होंगे। इसे लेकर उन्होंने आज सभी कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया, जिसमें पोलो मैदान में जहां मुख्य कार्यक्रम स्थल के समीप पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बैरिकेडिंग करने के निदेश दिए हैं, वहीं पूरे किला परिसर को भी सभी ओर से बैरिकेडिंग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किला परिसर में वीवीआईपी वाहनों के अलावे किसी भी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही वाहनों के पार्किंग हेतु भी स्थल चिन्हित करने तथा आमजनों के आगमन एवं भगवान के दर्शन में भी पूरी सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा।

**Name Change**

hitherto known as Ritik Raushan s/o Anil Singh, ward no. -02 Ramganj, Post- Ramganj Kumarkhand, Distt. - Madhepura, Bihar PIN-852112 have changed my name and I shall hereafter be known as Ritik Roshan

# री-एडमिशन के नाम पर बंद हो शोषण, अन्यथा सड़क पर उतरेगी जनता : ललन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के विधायक ललन भुईयां ने निजी विद्यालयों में री-एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से वसूली तथा किताब, ड्रेस आदि एक ही स्थान से खरीदने के लिए दबाव बनाए जाने के मुद्दे पर कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण या अभिभावकों का आर्थिक शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी विद्यालयों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन सुनिश्चित करने की बात कही है। यह बात विधायक ने औरंगाबाद में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। कहा कि निजी विद्यालय अब शिक्षा के मंदिर कम और व्यवसाय के अड्डे अधिक बनते जा रहे हैं। माध्यम वर्ग के अभिभावकों का शोषण हो रहा है। विद्यालयों का ध्यान शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर कम और अभिभावकों का आर्थिक दोहन पर अधिक है। री-एडमिशन के नाम पर मनमानी फीस वसूली जा रही है। साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को स्कूल परिसर या निर्धारित दुकानों से ही किताब एवं ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत और नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने सरकार से मांग की कि निजी विद्यालयों द्वारा किए जा रहे इस तरह के आर्थिक शोषण पर तत्काल रोक लगाई जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह व्यवस्था नहीं सुधरी तो जनता सड़कों पर उतरकर विरोध करने को बाध्य होगी। विधायक ने हाल ही में जिलाधिकारी द्वारा री-एडमिशन एवं अन्य मामलों को लेकर जारी दिशा-निर्देशों को सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि डीएम के आदेशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। यदि इसका अनुपालन नहीं हुआ तो कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार यह प्रयास कर रही है कि बिहार के सरकारी अधिकारी, मंत्री, विधायक के बच्चे सरकारी विद्यालय में ही पढ़ाई करें। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में कथित दोहन पर भी विधायक ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 50 की दवा मरीजों को पांच सौ रुपए तक में बेची जा रही है, जो गंभीर मामला है। इस पर भी सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से बाजार हुआ गर्म

## घरों में इस्तेमाल होने वाली जरूरत की चीजों में हो रही बढ़ोतरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमत व विभिन्न तरह की समस्याओं से बाजार गर्म हो गया है। आमलोगों के घरों में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक चीजों की कीमत तेजी से बढ़ रही है। रिफाइन तेल की कीमत बढ़ी है। व्यवसायियों की माने तो वर्तमान में रिफाइन की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर बढ़ गई है। आटा, चावल, तेल की कीमत स्थिर है। प्लास्टिक की रैपर की कीमत बढ़ गई है। प्लास्टिक का उपयोग जिस किसी उत्पाद में होता था उसकी कीमत बढ़ेगी। इसके साथ ही बिस्कुट, चॉकलेट, मसाला सहित आइटम प्लास्टिक में ही पैक होते हैं। इनकी कीमत बढ़ी है। चावल, आटा, तेल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हुई है। व्यवसायी के अनुसार 10 कार्टून बिस्किट फ्री मिलता था और यही मुनाफे में जुड़ जाता था। इसके अलावा जो कमीशन कंपनी के द्वारा दिया जाता था उनमें भी कमी आ गई है। यह स्कीम बंद हो गई है। प्लास्टिक से संबंधित जो भी पैकिंग होती थी उसकी कीमतें बढ़ती जा रही है। बताया कि रिफाइन का 15 लीटर वाला टीन 2330 रुपये में बिक रहा है। इसमें मामूली रूप से दो रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अन्य खाद्य पदार्थो की कीमत नहीं बढ़ी है। बता दें कि व्यवसायी दिल्ली से जो सामान मंगाते थे उसकी ज्यादा बुकिंग कर रहे हैं। ट्रांसपोर्ट में इसके लिए भीड़ लगी हुई है। कीमतों में बढ़ोतरी होने और आगामी समस्या को ध्यान में रखते हुए व्यवसायी भी परेशान है। पूर्व में जहां ट्रांसपोर्टिंग में भीड़ कम होती थी अब भीड़ बढ़ती जा रही है। प्रत्येक दिन करीब डेढ़ गुना तक सामान मंगाया जा रहा है।

# शादी पूर्व रिश्तों के इफेक्ट से प्रभावित होते आपसी रिश्ते

## युवा-मन की उड़ान से तार-तार होते रिश्ते

**ओम प्रकाश शर्मा/नबिटा संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** नये दौर में युवा-मन की उड़ान में सामाजिक रिश्तों का रूप बदल रहा है। नव यांत्रिक एवं काल्पनिक जगत (जिसे हम आज सोशल मीडिया का नाम देते हैं) में लोगों की दिलचस्पी अपार रूप से बढ़ी है। कुछ अच्छाइयों को छोड़ दें तो सोशल मीडिया ने मानव जीवन की जटिलता को इस कदर बढ़ाया है कि हर परिवार आज इसके असहज प्रभाव से प्रभावित है। खासकर तब जब आज के युवा इससे इतने गहरे रूप से जुड़े हैं कि इसके बगैर वे जीवन को हीं अधूरा और बेकार समझ बैठते हैं। कभी कभी तो इससे दूरी बनाने की बात पर वे आत्महत्या जैसी वारदात के शिकार हो रहे हैं। विद्यालय, कोचिंग, आधुनिक ई-लाइब्रेरी, कालेज व विश्वविद्यालय पर कहा जाय कि-इसका असर अफीम जैसा है तो अतिशयोक्ति न होगी। आधुनिक जीवन शैली और युवक युवतियों का स्वछंद उड़ान इसके प्रमाण हैं। आए दिन जिन वारदातों को देखने सुनने की अधिकता मिलती है उनमें उम्र सीमा से परे अनैतिक संबंध की अधिकता की खबरें, परिजनों द्वारा तय शादी, विवाह के पूर्व हीं शादी करने, धर्म, जाति, समुदाय एवं समाज हित की परवाह किए बगैर रिश्ते की मधुरता को चोटिल कर अनैतिक कदम उठा लेना, पढ़ाई के नाम पर परिजनों को धोखा देकर स्वच्छंद विहार कर किसी भी हद तक जाना युवाओं के लिए मर्यादा और परिवार सामाज के लिए अभिशाप बनता आ रहा है। एक ओर इंटरनेट की दुनियां ने वैसे लोगों की पहचान को भी वहां तक पहुंचाया है जहां तक पहुंच पाना पिछले जमाने में असंभव रहा। शायद यह एक महत्वपूर्ण वजह है युवा- मन की अनंत उड़ान की। आइए हम बीते कल कुटुंबा प्रखंड में हुई एक सनसनीखेज वारदात की ओर नजर डालते हैं जहां बेटे के लिए सेहरा लेकर बाजार से लौटते वक्त एक निरपराध पिता को गोली का शिकार होना पड़ा। मामला कुटुंबा थानाक्षेत्र अंतर्गत चिंतावन बिगहा गांव से जुड़ा है। उक्त गांव निवासी सुनील पांडेय अपने पुत्र की शाम में बारात निकालने के लिए बाजार से सेहरा लेकर घर लौट रहे थे इसी दौरान अपराधियों ने थाना क्षेत्र के रसोईया गांव के समीप सोमवार को उन्हें अपनी गोली का शिकार बनाया। दरअसल जो मामला सामने आया है उसमें गहरे प्रेम प्रसंग की बू आ रही है। चर्चा के अनुसार लड़की का प्रेम संबंध किसी अन्य लड़के से था। पिता उसकी शादी कुटुंबा थाना क्षेत्र के चिंतावन बीघा गांव में सुनील पांडेय के लड़के से तय कर दी थी। लड़की के प्रेमी को ये रिश्ता नागवार गुजर रहा था। लड़की के प्रेमी ने अब इस शादी को तोड़ने के लिए नई जुगत में लग गया। इसके लिए वो अपने गुर्गे के साथ 10 दिन पूर्व हीं चिंतावन बीघा गांव पहुंचकर उक्त परिवार का रेकी किया। उसने इसके बाद परिजनों को धमकाया भी। चर्चा है कि उक्त अपराधी जिस लड़के से लड़की की शादी तय थी उसे ढूंढ रहा था परंतु उसमें कामयाब न होने पर उसने लड़के के पिता को ही अपने गोली का निशाना बनाया। यह मामला तब खुलकर सामने आया जब एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने इसकी बारीकी से पड़ताल की। हालांकि अपराधियों की गोली के शिकार होने के बाद भी सुनील पांडेय खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। इधर पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह की पहचान में जुटी है। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद लड़की के परिवार वाले चिंतावन बीघा पहुंचकर लड़के के परिवार को शादी के लिए मनाना चाहा परंतु फिलहाल लड़के के परिवार ने ऐसा करने से मना किया है। उपरोक्त मामला नए जमाने के नई जुनून के नई रस्म का प्रमाण है जो शिक्षा केंद्र से प्रारंभ होकर शादी मंडप तक पहुंच रहा है। उपरोक्त घटनाक्रम को देखें तो जिस लड़के के पिता को गोली मारी गई वे तो निरपराध हैं। दोष लड़की और उसके परिजन का होना चाहिए जिन्होंने ये सब कुछ जानते हुए भी लड़की की शादी अन्यत्र तय की। सबसे बड़ा दोषी गोलीबारी करने वाला युवक है जिसने एक निरपराध को शिकार बनाया। पुलिस मामले की तह में जाकर घटना में शामिल अपराधियों को मांद से बाहर निकलने में लगी हुई है। अपराधी के पकड़े जाने के बाद उक्त घटना में व्याप्त गहराई की पड़ताल संभव हो सकेगी।

# विष्णु धाम का इतिहास है करीब 100 वर्ष पुराना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर स्थित रढुआ धाम का इतिहास करीब 100 वर्ष पुराना है। वही भगवान विष्णु की महिमा अपार है। माना जाता है कि यहां भी जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से मन्नते मांगते हैं उसे अवश्य पूरी होती है। पुनपुन नदी के तट पर अवस्थित भगवान विष्णु समेत अन्य देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। बिहार के महत्वपूर्ण स्थानों में चिन्हित है, परंतु पर्यटन विभाग की उदासीनता के कारण आज यह स्थल उपेक्षित है। इसका इतिहास कई 100 वर्ष पुराना है। कहा जाता है कि इस धाम पर बाहर से महात्मा हंसराज दास उर्फ खाकी बाबा पहुंचे थे। यहां रहना आरंभ किया तो धाम की लोकप्रियता बढ़ती गई। बता दें कि यह धाम भगवान विष्णु को समर्पित है और भक्तों के बीच यह मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना यहां पूरी होती है। रढुआ धाम पुनपुन नदी के किनारे पर स्थित है, जहां भगवान विष्णु के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। गांव के लोग और पुजारी मिलकर इसकी देखरेख करते हैं। यहां पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जाती रही है। रढुआ धाम सदियों से चली आ रही एक धार्मिक आस्था का केंद्र है जो कि इसकी प्राचीनता और भगवान विष्णु के प्रति भक्तों की श्रद्धा को दर्शाता है।

# सड़क किनारे खड़े जब्त वाहनों से बढ़ा है खतरा

## विधायक ने कराया हटाने का प्रयास दाउदनगर-बारुण रोड में खड़े हैं कई जब्त वाहन



**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर में दाउदनगर बारुण रोड स्थित शहीद प्रमोद सिंह चौक के समीप खड़े जब्त ट्रकों के कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसने यातायात को खतरनाक बना दिया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक डा. प्रकाशचंद्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित पहल की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने क्रेन मंगवाकर ट्रकों को हटाने की कार्रवाई शुरू कराई। हालांकि, कई ट्रक काफी माल लदे होने के कारण आसानी से नहीं हटाए जा सके। वहीं कुछ ट्रक तकनीकी कारणों से चालू नहीं हो पाए। जिनमें बैटरी की कमी और जीपीएस लॉक जैसी समस्या शामिल है। जिससे इस कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।

इस दौरान विधायक ने आमजन से सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क पर जरा सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां छीन सकती है। घर से निकलते समय परिजन सुरक्षित वापसी की उम्मीद करते हैं, ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी है।

उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, तेज रफ्तार से बचने, नाबालिगों को वाहन न देने तथा ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। विधायक ने कहा कि एक छोटी सी सावधानी पूरे परिवार की मुस्कान को सुरक्षित रख सकती है।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख जन संगोष्ठी आयोजित, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभाव पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर अरुणनगर में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय परिसर में प्रमुख जन संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (बिहार-झारखंड) के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, जिला संघ चालक नरेश राम एवं जिला कार्यवाह अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य वक्ता डॉ. मोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज हिंदू समाज को जागने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज को यह अहसास होना चाहिए कि वे भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, परशुराम, महाराणा प्रताप, वीर कुंवर सिंह, महारानी लक्ष्मीबाई और स्वामी विवेकानंद जैसे महान विभूतियों की परंपरा के उत्तराधिकारी हैं।



उन्होंने कहा कि जैसे महाबली हनुमान को उनकी शक्ति का बोध कराया गया तो उन्होंने समुद्र लांघ दिया, उसी प्रकार समाज में भी आत्मबोध और उत्साह जगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को अपने मूल सिद्धांतों और सनातन धर्म से जुड़े रहना चाहिए। डॉ. मोहन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी और आज संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों से स्वयंसेवकों का प्रतिदिन शाखा में आना अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभाव का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ 'पंच परिवर्तन' कार्य पर विशेष जोर दे रहा है, जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों की शुरुआत प्रत्येक स्वयंसेवक के घर से होकर पूरे समाज तक पहुंचनी चाहिए। इस दौरान जल संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग बंद करने, पर्यावरण सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला प्रचारक शिवनंदन कुमार, विभाग संपर्क प्रमुख अनिल सिंह, एबीवीपी क्षेत्र संगठन मंत्री दीपक कुमार, भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, अनुज सिंह, आदर्श कुमार, सौरभ कुमार, पीयूष कुमार, सुधीर कुमार सहित विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दो घरों से दो लाख की संपत्ति की चोरी

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या 11 कांदुराम की गड़ही इलाके में स्थित दो घरों से अज्ञात चोरों ने लगभग दो लाख रुपए की संपत्ति चुरा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न चंद्रवंशी के बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखा बक्सा आदि का ताला तोड़ दिया और उसमें रखा 40 हजार नकद सहित सोना -चांदी के जेवरात चुरा लिया। गृहस्वामी ने बताया कि वह सोमवार की शाम घर में ताला बंद कर सूर्य मंदिर पर एक शादी समारोह में भाग लेने चले गए थे। मंगलवार को करीब 10 बजे वापस लौटे तो चोरी की घटना का पता चला। उसके बाद सुरभी कुमारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। वहीं इसी घर के पास स्थित एक और घर में चोरों ने चोरी कर ली। गृहस्वामी संध्या देवी का कहना है कि इस घर से लगभग 40 हजार रुपए नगद चोरों द्वारा चुरा ली गई। इस घर में ताला ब्रंद था। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस घर में चोरी की घटना घटी है,वहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। उस स्थान पर काफी संख्या में सीरींज और अन्य अवशेष फेके हुए दिखे। लोगों का कहना है कि जब स्थानीय लोग घर में ताला बंद करके कहीं चले जाते हैं तो यह इलाका नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।

## पटाखे से लगी आग, घट सकती थी बड़ी घटना

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता** । बाजार में चौक बाजार स्थित एक जूता चप्पल के गोदाम के ऊपरी छत पर अचानक अगलगी की घटना घटी। बताया जाता है कि बारातियों द्वारा छोड़े जा रहे पटाखे की चिंगारी से आग लगने की घटना हुई। अग्निशमन विभाग की तत्परता के कारण आग पर तुरंत का काबू पा लिया लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि करीब एक बजे हनुमान मंदिर के सामने स्थित मो मेराजुल हसन के जूता -चप्पल के गोदाम के ऊपर छत पर अचानक आग लग गयी। गनीमत रही कि उसे तुरंत देख लिया गया। पता चला कि तुरंत दमकल को सूचना दी गई और दमकल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

## एरका चेकपोस्ट पर शराब तस्करी पर नकेल कसने की तैयारी, विधायक ललन राम ने उठाई आवाज

**अंबा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** झारखंड सीमा से सटे कुटुंबा प्रखंड के एरका चेकपोस्ट पर अवैध शराब की तस्करी को लेकर अब सख्ती बढ़ने के संकेत मिले हैं। स्थानीय विधायक ललन राम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। मंगलवार को सामने आए एक वीडियो में विधायक अधिकारियों से स्पष्ट रूप से शिकायत करते नजर आए, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि चेकपोस्ट पर तैनात कुछ पुलिसकर्मी शराब तस्करों के साथ मिलीभगत कर उन्हें जाने दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह कोई पहली शिकायत नहीं है, बल्कि स्थानीय लोग लंबे समय से इस तरह की अनियमितताओं की सूचना देते रहे हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि चेकपोस्ट पर तैनाती के लिए कुछ कर्मियों द्वारा भारी राशि खर्च की जाती है, जिसके कारण ऐसे मामलों में ढिलाई बरती जाती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ललन राम ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि बुधवार से उनकी ओर से एक व्यक्ति कैमरे के साथ चेकपोस्ट पर तैनात रहेगा, ताकि गतिविधियों की निगरानी की जा सके और अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। विधायक की इस पहल को क्षेत्र में एक सकारात्मक और साहसिक कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बिजोलिया गांव में बारात के दौरान डीजे बजाने और नाचने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो बाद में मारपीट में बदल गया। पीड़ित पक्ष उमेश पासवान ने गांव के ही अखिलेश यादव, पप्पू यादव, मुन्ना यादव समेत कुल 6 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। शिकायत में बताया गया है कि सोमवार को उनके घर बारात आई थी, जहां डीजे बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ और आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में अवधेश पासवान, सुशील कुमार, चंद्रदेव पासवान, रंजय कुमार और कृष्णा पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही, गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए और कपड़े भी फाड़ दिए गए। प्रभारी थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### शराब के नशे में मारपीट, दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के तेलथुआ गांव में शराब के नशे में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गांव के ही सूरज कुमार सिंह और रोशन कुमार ने शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। पीड़ित शैलेश कुमार ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर बताया कि वह गांव की एक दुकान पर बैठे थे, तभी दोनों आरोपी शराब के नशे में वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। प्रभारी थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की जांच जारी है।

# गरमा बीज वितरण की समीक्षा, लक्ष्य से कम उपलब्धता पर जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई- किसान भवन के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) रंजीत कुमार की अध्यक्षता में कृषि कर्मियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतवार गरमा फसलों—मूंग, उड़द एवं मक्का के बीज वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



समीक्षा के दौरान कई पंचायतों में लक्ष्य के अनुरूप बीज उपलब्ध नहीं होने पर बीएओ ने चिंता जताई और संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन क्षेत्रों में बीज वितरण कम हुआ है, वहां किसानों को जागरूक कर वितरण कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में मिट्टी जांच अभियान को भी प्राथमिकता दी गई। प्रखंड कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम एवं बीटीएम को निर्देशित किया गया कि वे गांवों में जाकर किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने एकत्र करें। बीएओ ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य हर हाल में पूरा किया जाए और इसकी प्रविष्टि कृषि पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। बैठक में धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, अखिलेश कुमार, हिमांशु कुमार, विनोद कुमार, जय प्रवीण कुमार, अंबुज कुमार, मृत्युंजय कुमार, श्रीकांत सिंह सहित सभी प्रखंड कृषि कर्मी उपस्थित रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/SR/DT/Med-01/2026-27 (1st Call)** (नलकूपों का पुर्नस्थापन कार्य) जो PR No. 377413 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, परिमाण विपत्र का मूल्य एवं तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**संशोधित**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x115 mm dia and 70/90 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27. | MED/SR/70m-01 | 50 Nos. | 44,94,615.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/70m-02 | 50 Nos. | 44,94,615.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/70m-03 | 50 Nos. | 44,94,615.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/70m-04 | 50 Nos. | 44,94,615.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/70m-05 | 42 Nos. | 37,75,477.00 | 90,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/90m-06 | 35 Nos. | 35,66,531.00 | 72,000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| | | MED/SR/90m-07 | 35 Nos. | 35,66,531.00 | 72000.00 | 5000.00 | 60 Days |
| 2. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04.05.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 3. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.05.2026 / 3.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 4. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.05.2026 / 3.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.05.2026 / 04.00 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | | |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 | | | | | |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | | |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 378646 District(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### बीच सड़क पर ससुर व दामाद के बीच जमकर मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ थाना क्षेत्र के भवानी चौक के पास ससुर और दामाद के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्ष की ओर से कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। आगजनी में बाइक और ई रिक्शा जलकर खाक हो गई। लड़की पक्ष वाले ने दामाद और समधी पर आरोप लगाया है कि वह बहू को 2 साल से प्रताड़ित कर रहे हैं। 2 साल पूर्व ही शादी हुई थी। उसे एक बच्ची भी है। उसके बावजूद लड़का पक्ष हमेशा तंग करते हैं। सोमवार की दोपहर जब उनको समझाने गए तो कई लोगों ने मिलकर हमारे बेटे के साथ मारपीट की।बहू पक्ष की बाइक और ई-रिक्शा को जलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही दामाद पक्ष का आरोप हैं कि ई-रिक्शा और बाइक से आए ससुर और साले ने मिलकर हम लोगों को साथ मारपीट की। और लड़की हमसे 5 लाख रुपए की मांग करती है। हमेशा विवाद होते रहता है। झगड़े के बाद सड़क रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। वहीं घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची है। वहीं घायल का इलाज बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में कराया गया ।दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर बाढ़ थाना पहुंचे ।

### अल्ट्रासाउंड कराने गई आशा कार्यकर्ता के साथ मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल के पास स्थित एक अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में मरीज की जांच करने गई आशा कार्यकर्ता शोभा देवी के साथ मारपीट की गई। पंडारक थाने के पूरणबीघा गांव निवासी आशा कार्यकर्ता एक मरीज को लेकर क्लीनिक में अल्ट्रासाउंड जांच करने के लिए गई थी। इसी दौरान त्रिपुरारी कुमार और अन्ना सिंह ने दबंगई दिखाते हुए उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया ।इस संबंध में थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### 'संतुलित उर्वरक उपयोग से समृद्ध खेती की ओर'

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा आज दिनांक 28 अप्रैल 2026 को ग्राम पचलाखा, प्रखंड खिजरसराय, जिला गया में संतुलित उर्वरक उपयोग पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 44 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति



जागरूक करना था, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग , मृदा उर्वरता बढ़ाने हेतु हरी खाद (ढैंचा) के प्रयोग का महत्व , सतत कृषि के लिए जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा पर विस्तार से चर्चा की गई/ विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जबकि हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग से मृदा की संरचना, सूक्ष्मजीव गतिविधि एवं दीर्घकालीन उर्वरता में सुधार होता है।

### हत्या प्रयास मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रतन टोला गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए हत्या के प्रयास मामले के फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। मामले मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि हत्या प्रयास के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त रतनटोला निवासी रामा आशीष राय के पुत्र गोवर्धन सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रक ड्राइवर ने दुकान व कार में मारी टक्कर, तीन लोग चोटिल, ड्राइवर गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव के पास शराब के नशे में धुत ट्रक ड्राइवर ने दुकान व कार में टक्कर मारते हुए भागने लगा। इसमें तीन लोग चोटिल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में पुलिस ने ट्रक प्रोजेक्ट करो ड्राइवर गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले आई है। गिरफ्तार ड्राइवर अरवल जिले के कुर्था का रहने वाला धनेश्वर कुमार के रूप में बताया जा रहा है। इस मामले में थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक का ड्राइवर शराब के नशे के हालात में पाया गया है, इस दौरान कार और दुकान में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नही है।

### बकरा चोरी कर ले गए दो को पुलिस ने पकड़ा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर से मवेशी चोरों का आतंक शुरू हो गया है। ऐसे में बड़े मवेशी को छोड़कर अब छोटे में मवेशी यानी बकरा को लोगों ने निशाना बनाते हुए चोरी करना शुरू कर दिया है। ऐसे में बीते 27 अप्रैल को कादिरगंज थाना क्षेत्र के नेतौल गांव में टेंपो से दो चोर बकरा को लाद कर लेकर भाग गए थे, इस मामले में वादी नाजनी प्रवीण 40 वर्ष पति अकिल अहमद ग्राम नेतोल ने कादिरगंज थाना में थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। दर्ज किए गए प्राथमिकी के आलोक में थानाध्यक्ष रोशन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई ,जहां टेंपो के साथ चोरी किये बकरा और दो चोर को फकडा गया है।गिरफ्तार किये गये चोर में धीरज कुमार पिता सुभाष यादव ग्राम सातनपुर थाना काको,अमित कुमार पिता अनुज यादव ग्राम पाली थाना पाली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों चोर से पूछताछ की गई तो बताया गया कि वह बकरी चोरी कर बाजार में बेचने का काम करता था।

### बढ़ते अपराध को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों में सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद पुलिस कारवाई और भी सख्त हो रही है। दरअसल बढ़ते अपराध को देखते हुए उन अपराधियों पर नियंत्रण प्रभावी रूप से बढ़ाने को लेकर सभी थानों के पुलिस के द्वारा लगातार तवातोड़ सुबह से लेकर शाम तक वाहन चेकिंग अभियान लगाया जा रहा है। ऐसे में मसौंदर्य अनुमंडल के मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन समेत विभिन्न थानों की पुलिस प्रत्येक दिन शाम 6:00 से 8:00 तक सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है इस दरमियान कई बार पुलिस को एक बड़ी उपलब्धि भी मिली है। मसौढ़ी थाना अध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढी थाना क्षेत्र में थाना के पास, कपूरी चौक, छाता मोड, इस्लामपुर मोड,सरवां रेलवे गुमटी एव चौराहा के पास प्रत्येक दिन शाम को 2 घंटे का बाइक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और यह ऑपरेशन निरंतर चल रहा है वही धनरूआ थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना के पास बडिहा मोड और पभेडी मोड एवं वीर बाजार में सघन वाहन चेकिंग प्रत्येक दिन लगाया जा रहे हैं इस बाइक चेकिंग अभियान के दौरान बाइकर्स जाएंगे पर काफी असरदार साबित हो रहा है इसके अलावा बाइक चेकिंग के दौरान कई बार चोरी की बाइक भी बरामद किए गए हैं।

### अनुसंधान कार्यों में तकनीकी एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के अधिकतम उपयोग करने पर जोर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लंबित कांडों की त्वरित निष्पादन करने को लेकर मंगलवार को सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने मसौढी थाने में सभी अनुसंधानकताओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया जहां निकट समय में प्रतिवेदित तथा पूर्व से लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई और अनुसंधान कार्यों में तकनीकी एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करते हुए गंभीर एवं जघन्य कांडों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती, फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध हथियार, शराब एवं मादक पदार्थों की बरामदगी पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, केस डायरी को अद्यतन रखने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए वारंट/कुर्की, और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं।फरार अभियुक्तों, वारंटियों और कुर्की जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। एवं अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर करने और साक्ष्यों को डिजिटल रूप से सुरक्षित करने पर जोर दिया गया।विधि-व्यवस्था क्षेत्र में शांति बनाए रखने और थाना स्तर पर नियमित गश्ती बढ़ाने के निर्देश,एवं आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार और शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

# करोड़ों की लागत से बना पालीगंज उपकारा अब भी बंद, उद्घाटन के तीन साल बाद भी शुरू नहीं संचालन

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल के रामपुर नगवां गांव में निर्मित अनुमंडलीय उपकारा (जेल) का उद्घाटन हुए तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह उपकारा फिलहाल खाली पड़ा है, जबकि यहां जेल अधीक्षक से लेकर जवानों तक की पदस्थापना भी की जा चुकी है। करीब 8.5 एकड़ भूमि में बने इस उपकारा की कुल क्षमता 504 कैदियों की है। भवन निर्माण विभाग एवं गृह (करा) निर्माण विभाग द्वारा 34 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण कराया गया। निर्माण कार्य दिसंबर 2019 में शुरू हुआ और वर्ष 2022 में पूरा कर लिया गया। इसके




बाद 05 जून 2023 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से ही रिमोट के माध्यम से इसका उद्घाटन किया था। उद्घाटन के लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी संचालन शुरू नहीं होने से यह उपकारा केवल शोपीस बनकर रह गया है। वर्तमान में यहां जेल अधीक्षक रामानुज कुमार, प्रभारी उपाधीक्षक (जेलर) राजेश कुमार के साथ 9 पुरुष और 2 महिला जवान पदस्थापित हैं। उपकारा में महिलाओं के लिए 50 क्षमता वाला अलग महिला बैरक बनाया गया है, जिसमें 6 बेड का महिला अस्पताल भी है। इसके बगल में 50 क्षमता वाला जुबेनाइल बैरक (बाल वार्ड) तैयार है। पुरुष कैदियों के लिए बैरक संख्या 01 और 02 बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 198 कैदियों की है। भविष्य की जरूरत को देखते हुए एक अतिरिक्त बैरक निर्माण के लिए भूमि सुरक्षित रखी गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां 8 हाई सिक्योरिटी सेल, चारों कोनों पर वॉच टावर, दो पाकशाला भवन, 25 बेड का अस्पताल, कार्यालय, मुलाकाती कक्ष एवं भंडार कक्ष का निर्माण कराया गया है। हालांकि कैदियों को बैठाकर भोजन कराने की व्यवस्था नहीं है। जेल परिसर में पुरुष एवं महिला जवानों के लिए अलग-अलग 20-20 क्षमता वाले कक्षपाल बैरक बनाए गए हैं। अतिरिक्त जवानों के रहने के लिए बहुमंजली अलग आवासीय भवन भी बनाया गया है। इसके अलावा जेलर, सहायक जेलर तथा अन्य कर्मियों के लिए टाइप ए, बी, सी और डी आवासीय भवन भी निर्मित हैं। सभी सुविधाओं से युक्त यह उपकारा संचालन की प्रतीक्षा में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसे शीघ्र चालू किया जाए तो अन्य जेलों पर दबाव कम होगा और अनुमंडल स्तर पर न्यायिक व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। फिलहाल करोड़ों की लागत से बना यह उपकारा प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बना हुआ है।

## रात होते ही किसान जला रहे पराली: क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ा

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म होती है बल्कि मित्र कीट भी खत्म हो जाते हैं और वायु प्रदूषण का भी खतरा मंडराने लगता है जिसको लेकर सरकार ने इस पर रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया है। वही किसान अब सेटेलाइट की निगरानी से बचने के लिए शाम ढलते ही अपने खेतों में पराली जालना शुरू कर दिए हैं ताकि इसे उठने वाले धुएं के गुब्बार से सेटेलाइट के जरिए तस्वीर नहीं आ सके। हलांकि लेकिन जागरूकता की कमी और प्रशासन की प्रभावहीन कार्रवाई के कारण किसान लगातार पराली जलाते जा रहे हैं। इससे न केवल वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि पर्यावरण भी गंभीर खतरे में पड़ रहा है। गेंहू की फसल के कटने के बाद खेतों में बची हुई पराली को जलाने से उठने वाले धुएं से वायु प्रदूषण हो रहा है। इससे न केवल स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण भी तेजी से प्रदूषित हो रहा है। सरकार ने खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाई है और इसके खिलाफ जुमार्ना और कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया है, लेकिन इसके बावजूद किसान इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। ऐसे मे अब रात होते ही मसौढी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसान खेतों में पराली जलाने की गतिविधि तेज कर देते हैं।गांवों हार्वेस्टर मशीन से फसल कटवाने के बाद किसान रात में अवशेषों में आग लगा देते हैं। इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई न होने से अन्य किसान भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। इस संबंध में बीएओ हर्ष पटेल ने कहा कि पराली जलाना एक गंभीर अपराध है और इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## अनाज की चोरी मामले में तीन नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नहवां गांव में बिते शाम को एक घर में घुसकर 80 किलो मसुर और 40 किलो सरसों का अनाज चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पिडित बबलू कुमार पिता रामानुजन सिंह ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हम अपने घर का दरवाजा बंद कर बाहर से कुंडी लगाकर में गली में आकर आपस में बात कर रहे थे और फिर पुनः जब घर पर गए तो देखें कि मेरे घर के दरवाजे पर सुग्गा कुमार उम्र करीब 24 वर्ष पिता सुभाष सिंह मोनू पासवान उम्र करीब 30 वर्ष पिता विनय पासवान ग्राम नहवां बैठा हुआ था, दोनों ने बिना कुछ कहे वहां से चला गया और जब हम घर के अंदर गए तो देखें कि मेरे घर में रखे हुए करीब दो बोरा मसुर और एक बोरा सरसों एवं अन्य अनाज रखा हुआ था उसमें से एक बोरा सरसों एवं दो बोरा मसुर गायब था।

## टी.पी.एस. कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से 'रिसर्च मेट्रिक्सः टूल्स एंड टेक्नीक्स फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन विभागीय सभागार में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में इम्पैक्ट फैक्टर, एच-इंडेक्स (19), आई-10 इंडेक्स, साइटेशन विश्लेषण तथा ऑल्टमेट्रिक्स जैसे महत्वपूर्ण शोध मापदंडों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान अकादमिक परिवेश में इन मेट्रिक्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये किसी शोधकर्ता की गुणवत्ता, उत्पादकता तथा शोध के प्रभाव को



मापने में सहायक होते हैं। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. आकांक्षा प्रिया, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना ने जर्नल चयन की प्रक्रिया पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने शोधपत्र के लिए उपयुक्त जर्नल के चयन, प्रिडेटरी जर्नल्स से बचाव तथा जर्नल की गुणवत्ता के मूल्यांकन के विभिन्न मानकों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता डॉ. कंचन कुमारी, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, ए.एन. कॉलेज, पटना ने स्कोपस एवं वेब ऑफ साइंस डेटाबेस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार द्वारा स्वागत भाषण से कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में टी.पी.एस. कॉलेज तथा अन्य सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## हर्ष फायरिंग में बच्चे की गोली लगने से मौत, खुशी मातम में तब्दील

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शादी समारोह में की गई हर्ष फायरिंग एक परिवार पर भारी पड़ गई। गोली लगने से चार साल की मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना छाती पंचायत के आश्रयपुर गांव की है,जहाँ मंगलवार की सुबह एक युवक ने खुशी में छत से अवैध हथियार से फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान नीचे सोई हुई 4 साल की बच्ची सौम्या के पेट मे में गोली लग गई। सौम्या अपनी मां के साथ शादी समारोह में आई थी,मृतक सौम्या डोमन बिगहा के रहने वाले पिंटू प्रसाद की बेटी थी।परिजन तुरंत बच्ची को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां रोते बिलखते कहा कि हम तो खुशी मनाने आए थे। पता नहीं था कि बेटी की लाश लेकर जाएंगे।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है, वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार,थानाध्यक्ष अमित कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की तफ्तीश मे जुटे



रहे,डीएसपी ने बताया की डोमन बिगहा के रहने वाले पिंटू प्रसाद के साले की शादी थी और जिस घर में शादी थी वह सज्जू प्रसाद उर्फ सचिदानंद की बेटी की शादी थी उसी की शादी मे अपनी पत्नी और बेटी को भेजा था,मंगलवार की सुबह तकरीबन साढे चार बजे जब सिंदूर दान का रस्म चल रहा था तो उसी दौरान छत पर एक युवक ने फायरिंग की,निचे सोई हुई एक चार साल की बच्ची के पेट में गोली लग गई है और उसकी मौत हो गई है। बारात नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र के तोरबिगहा गांव से आई थी।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हर्ष फायरिंग की बात सामने आई है। आरोपी की पहचान कर ली गई है। जल्द गिरफ्तारी होगी। अवैध हथियार भी जब्त किया जाएगा। हर्ष फायरिंग गैरकानूनी है, दोषियों पर हत्या का केस दर्ज होगा।बहरहाल शादियों में हर्ष फायरिंग पर सरकार ने पूरी तरह रोक लगा रखी है। बावजूद इसके लोग कानून को ठेंगा दिखाकर खुशी के नाम पर दूसरों के घर का चिराग बुझा रहे हैं। सवाल ये है कि आखिर कब रुकेगा मौत का ये जश्न?

## किशोरी को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिला अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के स्टेशन बाजार से 25 अप्रैल की संध्या आईसक्रीम खाने के क्रम में अचानक लापता हुई नाबालिग किशोरी (पिंकी कुमारी, बदला हुआ नाम) को अथमलगोला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 72 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। ज्ञात हो कि अथमलगोला थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव निवासी एक परिवार की लड़की अपनी हुआ के साथ मार्केटिंग करने अथमलगोला स्टेशन बाजार आयी थी। इसी क्रम में किशोरी अचानक आइसक्रीम खाने का बहाना बनाकर अचानक रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई थी।आननफानन में परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन वो कहीं नहीं मिली,तब जाकर डायल 112 को सूचना दी गई। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर अथमलगोला स्टेशन बाजार में मामले की छानबीन की थी । मामले के संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर तत्काल अनुसंधान शुरू कर दिया गया था, इस

## शादी समारोह में डीजे पर डांस करने के दौरान बारात के साथ मारपीट, सात बाराती जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की रात्रि बाढ़ रेलवे स्टेशन के पास दयाचक मोहल्ला में बोकारो के सेक्टर 9 से एक बारात आई थी पूरा माहौल



खुशी में था लेकिन जब बारात निकली और डीजे पर जब डांस होना शुरू हुआ तो इस भीड़ में कुछ और सामाजिक तत्व के लोग घुसकर बारातियों से बदसलूकी करना शुरू कर दिया इसके बाद बदमाशों ने बारातियों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसमें बोकारो से आए बाराती के साथ सदस्य जख्मी हो गए पूरे माहौल खूनी रंजीश में बदल गया घटना के बाद पुलिस को सूचित किया गया और घायल बारातियों को उठाकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया घायल बरतिया में 63 वर्षीय सवेरा दास , 32 वर्षीय चंदन दास , 50 वर्षीय अशोक दास , 30 वर्षीय लक्ष्मण कुमार और 27 वर्षीय कृष्ण दास एवं दो-तीन अन्य को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में इलाज कराया गया इस दौरान लड़का पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया जिसके बाद हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया मंडप से उठाकर लड़की को अनुमंडल अस्पताल लोग लेकर पहुंचे और शादी का दबाव बनाने लगे कई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा कभी लोग अस्पताल चौक पर महावीर मंदिर में शादी करने की बातें करने लगा तो किसी अन्य मंदिर में की भी बातें होने लगी इस दौरान लगातार एक दूसरे से कहा सुनी होती रही आखिरकार लड़की पक्ष के लोगों ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से फिर से लड़के को लेकर शादी मंडप पर पहुंचा और जल्दबाजी में जयमाला और सिंदूरदान का रसम पूरा किया गया तब जाकर लड़की वालों ने राहत की सांस लिया।

## हत्याकांड के मुख्य आरोपित मुकेश यादव गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के मलिकाना मोहल्ले के मो. सिकंदर उर्फ बिट्टू हत्याकांड मामले में मसौढी पुलिस ने मुख्य आरोपी मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है।हलांकि इससे पहले इस केस मेदो नामजद महिला आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है, जिसमें भोली देवी पति मुकेश कुमार यादव और उसकी बेटी तन्नू कुमारी पिता मुकेश कुमार यादव गंगाचक मालिकाना निवासी है,। दरअसल बीते 12 मार्च की सुबह तकरीबन 4:00 बजे मृतक मोहम्मद सिकंदर उर्फ बिट्टू को मोबाइल फोन पर कॉल कर घर पर बुलाया और उसकी हत्या कर गंगाचक मालिकाना वार्ड नंबर 31 के संगत पर मुसहरी के पास नाले में शव को फेंक दिया था, इस मामले में मृतक की मां लाडली बानो पति अली हसन मालिकाना वार्ड नंबर 31 के बयान पर कुल छह लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज किया था और इस पूरे मामले में मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय अवध यादव को बनाया गया था।

## स्कूल से लौट रही मासूम के साथ दरिंदगी, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के करकट बिगहा गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली एक जघन्य घटना सामने आई है। स्कूल से घर लौट रही एक 5 वषीर्या मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और मंगलवार शाम आरोपी को बाइक से भागने के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची गांव के ही स्कूल में पढ़ने गई थी। छुट्टी होने के बाद वह अकेले पैदल अपने घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में आरोपी युवक ने उसे अकेला पाकर अपने चंगुल में ले लिया। आरोप है कि वह बच्ची को बहला-फुसलाकर एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहाँ उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई, तो कोहराम मच गया। पुलिस ने तुरंत बच्ची को मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेजा, जहाँ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद से करकट बिगहा के ग्रामीणों के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोपी की पहचान पालीगंज थाने के करकट बिगहा गांव निवासी प्रभात शर्मा के 16 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार उर्फ सूरज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है ताकि मौके से साक्ष्य संकलन किया जा सके। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## करोड़ों की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत दयनीय

**उद्घाटन के 14 माह बीत जाने के बाद भी हॉस्पिटल का ताला नहीं खुला**

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के तोप-सरथुआ रेलवे स्टेशन से उत्तर करोड़ों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,तोप इन दिनों दयनीय स्थिति में है।यह भवन अपने निमार्ताओं पर आँसू बहा रहा है।प्रगति यात्रा के दौरान 21 फरवरी 2025 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों उद्घाटित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,तोप आज भी वीरान पड़ा है। उद्घाटन के 14 महीने बाद भी यहां एक भी डॉक्टर-नर्स की तैनाती नहीं हुई। नतीजाः वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की समय पर इलाज नहीं मिलने से काफी दिक्कत हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब वर्तमान सीएम श्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजकर स्वास्थ्य सेवा तुरंत शुरू कराने की मांग की है।



**14 महीने से लटका है ताला**

स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से किया था। दावा था कि दनियावां के लोगों को इलाज के लिए पटना नहीं दौड़ना पड़ेगा। लेकिन हकीकत यह है कि भवन पर ताला लटका है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखंड व जिला स्तर के अधिकारियों की शिथिलता के कारण चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हुई।

**इमरजेंसी में 30 किमी दूर पटना ही सहारा**

सिंगरियावां और खरभैया पंचायत के लोगों ने सीएम और वरीय अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से मरीजों को इमरजेंसी में 25-30 किमी दूर पटना ले जाना पड़ता है। कई बार रास्ते में ही मरीज दम तोड़ देते हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी है। ग्रामीण जीतन कुमार, रंजीत कुमार, दिलेन्द्र कुमार,संजय कुमार,राजकमल और सान्याल दिवाकर ने बताया कि उद्घाटन के दिन लगा था अब सुविधा मिलेगी, पर 14 महीने से बिल्डिंग वीरान है। डॉक्टर-बेड कुछ नहीं। गरीब कहां जाए? पत्र में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साल भर से बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत स्वास्थ्य सेवा बहाल करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में सिविल सर्जन, पटना से पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।पिछले बरसात सावन-भादो में उफनती लोकाईन और भुतही नदी की बाढ़ से इस नवनिर्मित अस्पताल में 5 से 6 फीट पानी भर गया था।लवालव जलप्रवाह में हॉस्पिटल के कई कीमती स्वास्थ्य उपकरण बाढ़ के गंदे पानी के जलजमाव से जंग लग गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के कार्य होने से पूरा शहर हो गया है अस्त- व्यस्त : सुनील

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार शहर में करोड़ों की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का काम लंबे समय से किया जा रहा हैं। परंतु परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सर दर्द बन गई है। सालों से चल रहे इस अधूरे काम के कारण लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर शहर के बिनोदपुर,राजहाता,दुर्गापुर सहित अन्य जगहों पर जहां स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का कार्य जारी है। उस स्थल पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और काफी धीमी गति से हो रहे कार्य के प्रति नाराजगी जताई। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। लंबे समय से चल रहे इस अधूरे काम के कारण जिले वासियों को गंभीर जल जमाव-जाम और अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सुनील कुमार यादव ने कहा कि बुडको द्वारा काम इतना धीमी गति से किया जा रहा है कि उम्मीद है कि इस बार भी मानसून में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कालीबाड़ी रोड, सदर अस्पताल रोड,पटेल चौक, तीनगछिया, बिनोदपुर, दुर्गापुर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सड़कों के किनारे खोदे गए बड़े-बड़े गड्ढे में गंदा पानी भर गया है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और काफी बदबू भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के काम हो रहा है जिससे पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द तीव्र गति से कार्य को दो शिफ्ट में काम करवाया जाए और अच्छी फिनिशिंग के साथ हो हम सभी यही चाहते हैं। मौके पर मो. जहांगीर, अरुण यादव, चंदन यादव, मो. इम्तियाजुल, राजा, सउद आलम आदि मौजूद रहे।

### लूट कांड के आरोपी को भेजा जेल

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनसाही थाना कांड संख्या 49/26 के लूट कांड के एक आरोपी अर्जुन कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार आरोपी मनिहारी थाना क्षेत्र के कारीकोसी बांध मोती ढाला का रहने वाला है। इस मामले में पूर्व में भी एक आरोपी मनीष कुमार सहनी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### आधा दर्जन मृत चौकीदारों के आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र

**कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बारसोई अनुमंडल अन्तर्गत बारसोई , आजमनगर तथा बलरामपुर अंचल के 06 मृतकों के आश्रितों को जिला अनुकंपा समिति द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। 23 मार्च को आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में बारसोई अंचल के 03, आजमनगर अंचल के 02 तथा बलरामपुर अंचल के 01 को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

### अस्पताल में 124 दिव्यांगों की जांच

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई में मंगलवार को बारसोई प्रखंड के 124 दिव्यांगों के दिव्यांगता की जांच की गई। कटिहार से आये चार चिकित्सकों ने सभी दिव्यांगों की जांच की। उक्त जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सिर्फ बारसोई प्रखंड के दिव्यांगजन ही शामिल हुए। वहीं शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ अमरेंद्र कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ दीपक कुमार, मानसिक रोग विशेषज्ञ एसपी विन्कर एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ विपिन कुमार इन चारों चिकित्सकों ने शिविर में आये दिव्यांगों की जांच की। इस संबंध में अस्पतालकर्मी रंजन कुमार ने बताया कि कल 124 दिव्यांग जनों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। जल्द ही इन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड दे दिया जाएगा।

### चोरी की बाइक और मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**कोढ़ा/कटिहार (नबिटासं)।** कोढ़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम महीनाथपुर वार्ड नं -01 से सोनू कुमार (22) पिता ओम प्रकाश पासवान महीनाथपुर, नंद किशोर कुमार (22) पिता अरविंद शर्मा शिशिया वार्ड नं - 08, दोनों थाना- कोढ़ा, जिला - कटिहार निवासी को चोरी एक के अपाची मोटरसाइकिल एवं 2 मोबाइल के साथ विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन कराया।

### आरपीएफ ने चोरी की रेलवे सामग्री के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**कटिहार (नबिटासं)।** आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व आरपीएफ सीनियर कमांडेंट के निर्देशानुसार आरपीएफ की टीम द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ की टीम ने कटिहार स्टेशन यार्ड क्षेत्र में घेराबंदी कर कटिहार जिला निवासी 25 वर्षीय मोनू पोद्दार उर्फ मनीष को पकड़ लिया। जिसके पास से रेलवे की चोरी की कई सामग्री बरामद की गई। जिसमें 14 पीस कॉपर पाइप, एक कटर, 2 नग नट-बोल्ट एवं 17 नग टीवीएस नट शामिल हैं। उसके द्वारा ये सभी सामान लाल और पीले रंग की साड़ी में छिपाकर रखा गया था। आरपीएफ के द्वारा उक्त आरोपी के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट में स्पेशल रेलवे एक्ट तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को रेलवे न्यायालय कटिहार में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे रेलवे मजिस्ट्रेट कुमार गौरव द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके पूर्व भी आरपीएफ द्वारा रेल की चोरी के मामले में लोगों का समान सहित रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। जिससे उनके बीच हड़कंप मच गया है।

### गोरखनाथ धाम मंदिर का पर्यटन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**आलमारी /कटिहार (नबिटासं)।** बाबा गोरखनाथ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बिहार सरकार पर्यटन विभाग की ओर से 14 करोड़ 25 लाख 71 हजार की राशि से बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर का सौंदर्यीकरण हो रहा है। मंगलवार को पर्यटन विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार, सहायक अभियंता विशाल कुमार, आर्किटेक्ट इंजिनियर माधव भारद्वाज के द्वारा बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंच कर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संवेदक को आवश्यक निर्देश देते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने की सलाह दी गयी। कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए बिहार सरकार द्वारा विकास कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में निर्माण कार्य का निरीक्षण विभाग के अभियंता की टीम द्वारा किया गया। विशेष रूप से मंदिर परिसर में स्थित शिव गंगा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य श्रावण पूर्णिमा से पहले पूर्ण करने के बात कांवरियों को असुविधा नहीं हो। इस अवसर पर मंदिर न्यास समिति के सचिव पिंटू यादव, प्रदीप शर्मा,चन्दन यादव, देवनारायण नुनिया, पंचा यादव, सनी यादव, फनी सिंह, श्यामनगर यादव सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे ।

### छापेमारी में नाश्ता दुकान से 11 लीटर देशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**कुरसेला /कटिहार (नबिटासं)।** कुरसेला पुलिस ने मंगलवार को कुरसेला चौक स्थित एक नाश्ता दुकान में छापेमारी कर 11 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त नाश्ता दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान से 11 लीटर देशी शराब बरामद हुई। छापेमारी के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

# कोलकाता से बारसोई आ रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार।** बहन की शादी के लिए कोलकाता से अपने गांव लौट रहे बारसोई के एक प्रवासी मजूदर मोहम्मद जाकिर (22) की सोमवार की रात वर्धमान जंक्शन के समीप ट्रेन से कटकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक जाकिर बारसोई प्रखंड के बेलवा पंचायत स्थित लगूवा ग्राम निवासी मोहम्मद मुस्लिम का पुत्र है। सोमवार की देर रात जैसे ही जाकिर की मौत की खबर उसके परिवार वालों को मिली। वैसे ही घर में मानों कोहराम ही मच गया।



मृतक के परिवार वाले सभी लोग छाती पीट-पीट कर रोने लगे। घर में होने वाली शादी की खुशियाँ पूरी तरह से मातम में तब्दील हो गई। मृतक की शादी भी अब से डेढ़ वर्ष पूर्व ही हुई हैं। पत्नी अभी गर्भ से है। पति की अकाल मृत्यु की खबर सुनकर पत्नी बिलकुल ही बेसुध हो गई। इस संबंध में बड़े ही दुखी मन से मंगलवार को मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा जाकिर कोलकाता में एक होटल में बावर्ची का काम किया करता था। वह अपनी छोटी बहन की शादी में शरीक होने के लिए कोलकाता से बारसोई आ रहा था। पिता नें जानकारी दी कि मृतक सोमवार की रात कोलकाता से कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से घर आ रहा था। मृतक के परिवार वालों ने अंदेशा जाहिर करते हुए कहा कि शायद किसी ने मृतक को धक्का दे दिया। जिसके चलते वह दूसरी पटरी पर गिर पड़ा। दुर्भाग्य से उस दौरान मृतक दूसरी पटरी पर तेज गति से आ रहीं अन्य ट्रेन के चपेट में आ गया। बुरी तरह कट जाने से उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गईं। पिता ने रोते हुए बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा उन्हें सुचना दी गईं हैं। परिवार के सदस्य जाकिर के शव को लाने के लिए निकल चुके हैं। घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पंचायत की मुखिया सलमा खातून, पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद तैयब तथा जिप सदस्य प्रत्याशी फरीद आलम, मोहम्मद इम्दादूल्लाह, हाफिज सनाउल्लाह ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को अविलम्ब उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# सतर्कता, समय पर इलाज और बचाव ही मलेरिया उन्मूलन का सबसे बड़ा हथियार : डॉ. शशि भूषण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में "विश्व मलेरिया दिवस" के अवसर पर लेक्चर एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन सेमिनार सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ आशुतोष मिश्रा ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस 2026 का थीम है : अब मलेरिया खत्म करने का समय है और इसके लिए तुरंत कदम उठाने होंगे। आगे उन्होंने बताया कि मलेरिया का मुख्य रोगजनक प्लाज्मोडियम नामक एक कोशिकीय प्रोटोजोवा परजीवी है। यह परजीवी यकृत और लाल



प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि सतर्कता, समय पर इलाज और बचाव ही मलेरिया जैसी बीमारी से मुक्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि 2024 में दुनिया भर में करीब 282 मिलियन मलेरिया के मामले और 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि यह बीमारी अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मलेरिया बीमारी से उन्मूलन को केंद्र में रखकर पोस्टर प्रेजेंटेशन भी किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी, द्वितीय स्थान प्रियांशु कुमार और तृतीय स्थान रश्मि भारती ने प्राप्त किया। इन्हें प्राचार्य ने मेडल देकर सम्मानित किया। स्वर्णिका राज और अंचल कुमारी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से मलेरिया से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। विषय प्रवेश कराते हुए जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष रक्त कोशिका को संक्रमित करता है। यह बीमारी अभी भी पूरे विश्व में बड़ी चुनौती बनी हुई। सही निवेश, जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी से मलेरिया को खत्म किया जा सकता है।

वक्ता के रूप में डॉ नीलिमा झा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ संजय कुमार सुमन एवं डॉ एम एन रजवी ने मलेरिया से बचाव के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ रजनीकांत पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ भगवान कुमार, डॉ आशीष कांता, डॉ सुमन लता, डॉ आयशा जमाल, डॉ श्रुति मिश्रा, डॉ कृतिका वर्मा, डॉ नेयाज अहमद, डॉ अंजनी शुक्ला, डॉ पंकज तिवारी, डॉ ललित किशोर, डॉ विकास कुमार, डॉ प्रबाल चटर्जी, श्रीमती डेजी कुमारी समेत सभी विभागों के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वगणना सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को 01 मई तक स्वगणना कार्य को जिम्मेवारीपूर्वक पूरा करा लेने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर लोगों को स्वगणना के लिए प्रोत्साहित करने की बात कहे।ताकि 02 मई से होने वाले मकान सूचीकरण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीविका



के पदाधिकारियों को निदेश दिया कि अपने अधीनस्थ कर्मियों की स्वगणना कराकर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। जबकि पीएचईडी विभाग को चापाकलों की मरम्मत करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गेहूं अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा गया,तो जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को पांडुलिपियों को संग्रहित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जाने वाली गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान शिक्षा,पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन,मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण पथ विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जैसे अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा कर जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ा कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिया।

## पलटनिया चौक पर तीन शराबी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** रौतारा थाना क्षेत्र के पलटनिया चौक पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए शराब के नशे में हंगामा कर रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौतारा थाना कांड संख्या 90/26 के प्राथमिक अभियुक्तों के रूप में हुई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में रौतारा स्कूल टोला निवासी सुमन कुमार,भैंसना चापी निवासी रामचंद्र चौहान एवं ओम प्रकाश चौहान शामिल हैं। तीनों रौतारा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय, कटिहार में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

# मुजफ्फरपुर में ट्रिपल मर्डर, लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। घर में घुसकर महिला और उसके दो बच्चों की हत्या की गई है। मंगलवार सुबह कमरे में बेड पर तीनों के शव मिले हैं। घटना कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन जगदीश की है। मृतकों की पहचान मिठाई लाल की पत्नी रीता देवी (30), बेटी वैष्णवी (2 साल) और बेटा कन्हैया (3 महीना) के तौर पर हुई है। पति ने बताया, मैं बारात में गया था, सुबह लौटा तो देखा घर का दरवाजा बाहर से बंद था, गेट खोला तो बेड पर लाश थी। पास ही एक रस्सी पड़ी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊढ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी, ग्रामीण रढ राजेश सिंह प्रभाकर मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। महिला के पति मिठाई लाल शाह कैटरिंग का काम करते हैं। मिठाई लाल ने बताया, सोमवार की रात एक कैटरिंग ऑर्डर को पूरा करने के लिए मैं अपने भाई के साथ बारात में गया था। मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे घर पहुंचा। घर के सभी दरवाजे बाहर से बंद थे। तभी मुझे शक हुआ। मैंने और भाई ने जैसे-तैसे घर का दरवाजा खोला और अंदर गए। मिठाई लाल का कहना है, कमरे में गए तो देखा, बेड पर मेरी पत्नी और दोनों बच्चों की लाश पड़ी थी। एक ही रस्सी से तीनों की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मेरा परिवार उजड़ गया। मिठाई लाल की शादी 2019 में हुई थी।

# स्व-गणना की रफ्तार परखने खुद वार्डों में पहुंचे डीएम और नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम कटिहार क्षेत्र के अंतर्गत स्व-गणना कार्य को गति देने और इसकी सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से वार्ड नंबर 6 में आयोजित संध्या चौपाल' का औचक निरीक्षण किया। लोकेशन भरने में कर्मियों को मदद के निर्देश दिये ।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्व-गणना की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।



उन्होंने मौके पर मौजूद नागरिकों से संवाद किया और नगर निगम द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मियों को कड़े निर्देश दिए कि नागरिकों को स्थान' का विवरण सही-सही भरने में हर संभव तकनीकी सहायता प्रदान करें। डीएम श्री द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि गणना का डेटा पूरी तरह सटीक होना चाहिए। ताकि भविष्य की योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल सके।वार्ड सभा और चौपाल से जागरूकता आती है। नगर निगम प्रशासन द्वारा स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए एक विशेष रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रातः काल में सभी वार्डों में कर्मियों और सुपरवाइजरों के माध्यम से वार्ड सभा का आयोजन किया जा रहा है।संध्या काल में कामकाजी लोगों और आम जनता की सुविधा के लिए संध्या चौपाल लगाई जा रही है।नगर निगम के कर्मी घर-घर जाकर लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक इस महत्वपूर्ण स्व-गणना से वंचित न रहे और दी गई जानकारी त्रुटिहीन हो। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र में स्व-गणना के कार्य में काफी तेजी देखी जा रही है। मौके पर नोडल पदाधिकारी निगम नुर आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश पर जांच के लिए श्रम अधीक्षक पहुंचे सदर अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार जिला 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य समिति कटिहार के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मिलकर 102 एम्बुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया था। श्री सिंह ने बताया कि जैन प्लस एजेंसी के द्वारा कर्मचारियों को लगभग चार माह से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों को भविष्य निधि, कर्मचारी राज बीमा निगम, श्रम संसाधन विभाग के द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी, दुर्घटना बीमा, नियुक्ति पत्र,एजेंसी के पदाधिकारी के



द्वारा कर्मचारियों के साथ हिटलरशाही रवैया अपनाने बेवजह अवैध राशि वसूलने सहित दर्जनों मांगों को लेकर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाई की मांग किया था।

जिला पदाधिकारी ने सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए श्रम अधीक्षक पीटर मिंज को जांच करने का आदेश दिया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के साथ ही श्रम अधीक्षक पीटर मिंज सदर अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य समिति कटिहार के सचिव सह सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह, जैन प्लस एजेंसी के सीएल कुंवर सिंह, पवन कुमार सहित वरीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर अविलंब कर्मचारियों के बकाया लगभग चार माह का वेतन, श्रम अधिनियम को शत प्रतिशत लागू करने सहित अन्य सभी मांगों को पूरा करने का निर्देश दिये। श्रम अधीक्षक ने कहा कि अगर जल्द कर्मचारियों की सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो ह बड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने सदर अस्पताल के प्रांगण में लगभग डेढ़ दर्जन चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों से बारी-बारी से बयान लिया। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर श्रम अधीक्षक के सदर अस्पताल प्रांगण पहुंच कर सभी समस्याओं से अवगत होने एवं कार्रवाई के भरोसे से संघ में एक उम्मीद की किरण जगी है।

# प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त निर्देश पर जिले भर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कोलासी बाजार में कोलासी पुलिस शिविर की टीम ने मंगलवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने बाजार से गुजरने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों की गहन जांच की। वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस,वाहन निबंधन प्रमाण पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चला रहे बाइक सवारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनका चालान काटा गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा।कोलासी पुलिस ने आम लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा सभी आवश्यक कागजात अपने साथ रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में साप्ताहिक बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बराबरी (कटिहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता डॉ. मुसर्रफ हुसैन ने की।इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक एखलाक आलम मौजूद रहे। इस दौरान सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनएम उपस्थित हुए, इस दौरान सरकार द्वारा चलाये गए योजनाओं की समीक्षा की गई।



जिसमें 14 से 15 वर्ष के बच्चों को गाडाशील टिका ज्यादा से ज्यादा करने के निर्देश दिया गया। साथ ही जिस स्कूल एचपीवी का पहला डोज दिया गया है। उस स्कूल में दूसरा डोज दिया जाना है। जागरूकता के कारण स्कूलों में डोज कम पड़ रहा है। इसके अलावा आरसीएच अनमोल, एमसीडी के बारे में भी समीक्षा की गई। जिस स्वास्थ्य उपकेंद्र का तीनो आरसीएच अनमोल, एमसीडी में परफॉर्मेंस कम है। उन्हें स्पष्टीकरण मांगा गया है। मौके पर बीसीएम मरगूब आलम, सीएअचो, एनएम आदि मौजूद रहे ।

# गैरकी विद्यालय में इंटर व मैट्रिक टॉपर को मिले मेडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** इंटरमीडिएट व मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मध्य सह उच्च विद्यालय गैरकी के छात्र-छात्राओं को मंगलवार को आयोजित समारोह में मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गैरकी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नूर आलम मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सज्जाद आलम ने की, जबकि संचालन उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एजाज अहमद ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन शिक्षक राजीव यादव ने संभाला। इंटरमीडिएट में विद्यालय के टॉपर इश्तियाक ने 441 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। फरहत 420 अंकों के साथ दूसरे व शीरत 413 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं मैट्रिक



परीक्षा में साहेब ने 459 अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया कुमारी 418 अंकों के साथ दूसरे व जीशान 390 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सभी सफल छात्र-छात्राओं को अतिथियों व शिक्षकों ने मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नूर आलम ने कहा कि गैरकी विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। हर वर्ष यहां के छात्र बेहतर परिणाम लाकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके लिए शिक्षक बधाई के पात्र हैं। वहीं छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। प्रधानाध्यापक एजाज अहमद, सज्जाद आलम व शिक्षक राजीव यादव ने कहा कि छात्रों की सफलता से विद्यालय और पंचायत दोनों गौरवान्वित हुए हैं। कॉन्सेप्ट क्लासेज के छात्रों ने भी बेहतर परिणाम देकर प्रखंड स्तर पर पहचान बनाई। आर्ट्स संकाय में सल्तनत ने 460 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीदा नूरी (459) दूसरे व अब्दुल गफ्फार (456) तीसरे स्थान पर रहे। रुकय्या (439), सानिया (437), अफरीन (432) व सुमैया (432) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी को डायरेक्टर एहतिशाम आलम ने सम्मानित किया। शिक्षा प्लस संस्थान में भी मैट्रिक परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। तराना ने 460 अंक लाकर टॉप किया। अरमान आलम (458) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इरफान आलम व राहिल ने 456-456 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। अलकमा तहसीन (455), नासिक (454), हलीमा व मो. अमन (451-451) तथा ताहेरा नाज व मासुक रब्बानी (450-450) ने टॉप-10 में जगह बनाई।

# ओटीपी वैरिफिकेशन से रसोई गैस की कालाबाजारी में आई कमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर के साथ एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलपीजी गैस की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं हेतु एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरण के समय ओटीपी के माध्यम से सत्यापन उपरांत ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है तथा कालाबाजारी की संभावना न्यूनतम हो गई है। साथ ही एजेंसियों द्वारा अवगत करवाया गया की जिला में लगभग 7,500 एलपीजी बुकिंग ऐसे है जहां ग्राहक ख़ाली सिलिंडर नहीं दे पा रहे है और पैनिक बुकिंग की स्थिति उत्पन्न करवा रहे है। ग़ौरतलब है की 25 दिन पूर्व होने से पहले ही लोगो द्वारा एलपीजी की बुकिंग कर दी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सख्त निदेश दिया गया की ऐसे ग्राहको को कड़ी चेतावनी दी जाए अन्यथा कार्यवाही की जाए। जिला में 7030 सिलिंडर की औसतन माँग की अपेक्षा 6877 की आपूर्ति की जा रही है। जिला अंतर्गत पेट्रोल पम्प में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति की भी समीक्षा की गई जिसे सामान्य पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जीविका दीदी की रसोई, सदर हॉस्पिटल, पुलिस लाइन, सर्किट हाउस, शिक्षण संस्थान सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा सभी गैस एजेंसियां शत-प्रतिशत होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले के सवेरा एचपी गैस एजेंसी, आकांशा, बालाजी एवं कारगिल गैस एजेंसी में एलपीजी गैस की मांग अपेक्षाकृत अधिक है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों में मांग अधिक है वहां गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए होम डिलीवरी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। जिलाधिकारी द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की रोकथाम के संबंध में भी समीक्षा की गई तथा दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक प्रयोजन में नहीं होने दिया जाए तथा इसकी नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान जिले में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 1647 घरेलू पीएनजी कनेक्शन कार्यरत हैं। इस पर जिलाधिकारी ने पीएनजी के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि लोगों को पीएनजी कनेक्शन के बारे में जागरूक करते हुए अधिक से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन लगवाना सुनिश्चित करें। पीएनजी के नोडल द्वारा बताया गया कि 200 नए घर पीएनजी कनेक्शन हेतु चिह्नित किए गए है जिसमे 20 दिन में कार्य पूर्ण होने की संभावना है। साथ ही, जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, जैसे होटल, रेस्टोरेंट आदि के संचालकों से अपील की गई कि वे भी अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन लगवाएं, ताकि गैस की आपूर्ति आसान और सुचारू रूप से हो सके तथा एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम हो। अब तक राम राज्य नगर, श्री कृष्ण नगर, पीएचडी कॉलोनी, सत्येंद्र नगर, नागा बिगहा इत्यादि क्षेत्रों में पीएनजी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त शादी एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग होने वाले कमर्शियल सिलिंडर की उपलब्धता पर भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की ऐसे कार्यक्रमों के उपरांत खाली कमर्शियल गैस सिलिंडर एजेंसी को लौटा दिया जाए ताकी रीफिल में किसी प्रकार की कठिनाई ना आए।

बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 318 पीडीएस दुकानों के निरीक्षण में छह में पाई गई अनियमितता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आपूर्ति विभाग से संबंधित समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से एसआईओ डिस्पैच, संदिग्ध राशन कार्ड सत्यापन, एसआईआर डेटा सत्यापन, लंबित राशन कार्ड आवेदन, ई-केवाईसी प्रगति एवं पीडीएस निरीक्षण की समीक्षा की गई। बैठक में एसआईओ से संबंधित समीक्षा जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम से की गई जिसमें अप्रैल 2026 में 99.70% लक्ष्य की प्राप्ति हुई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया की मई महीने में भी 100% एसआईओ सुनिश्चित की जाए। संदिग्ध राशन कार्डों के सत्यापन की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जिले में कुल 1,13,345 लक्षित मामलों में से 1,07,819 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है तथा कुल निष्पादन प्रतिशत 95.12% है। औरंगाबाद अनुमंडल के अंतर्गत कार्य प्रगति 99% से अधिक रही, जबकि दाउदनगर अनुमंडल के कुछ प्रखंडों में लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इसी संदर्भ में संबंधित एमओ को स्पष्टीकरण करने का भी निदेश दिया गया। एसआईआर डेटा सत्यापन की समीक्षा में पाया गया कि कुल 14,271 मामलों में से 12,485 मामलों को चिह्नित किया गया है तथा 87.49% प्रगति दर्ज की गई है। कुछ प्रखंडों में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। राशन कार्ड आवेदन (केए श्रेणी) की समीक्षा में बताया गया कि कुल 1,62,351 आवेदनों में से 1,56% आवेदन लंबित हैं। वहीं केएचए श्रेणी में कुल 1,11,136 आवेदनों में से 1.80% आवेदन लंबित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय-सीमा के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 17,75,220 लाभुकों में से 14,90,475 का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है, जो कि 83.96% है। शेष 16.04% लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण करने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पीडीएस निरीक्षण के अंतर्गत अप्रैल माह में कुल 1,287 दुकानों में से 318 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 6 अनियमितताएं पाई गईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

एक नजर

## ऑटो सवार एक दर्जन लोग ज़ख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चकमा से एक ऑटो अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कथरुआ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी दीनानाथ दास के पुत्र 23 वर्षीय अविनाश कुमार, हरी राम के पुत्र 22 वर्षीय बसंत कुमार, अखिलेश राम के पुत्र 15 वर्षीय अजीत कुमार, धन कुंवर राम के पुत्र 23 वर्षीय अजीत कुमार, देव कुमार राम के पुत्र 18 वर्षीय शिवपूजन कुमार, मनदीप राम के पुत्र 16 वर्षीय छोटू कुमार, मनोज राम के पुत्र 18 वर्षीय रंजन कुमार और संतोष कुमार के रूप में हुई है। इनमें शिवपूजन कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों ने बताया कि वे सभी वेटर का काम करते हैं और गंगटी गांव निवासी कमलेश यादव के साथ काम करने के लिए नवीनगर प्रखंड के माधे गांव जा रहे थे। इसी दौरान कथरुआ के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने अचानक ऑटो को चकमा दे दिया। चालक संतुलन खो बैठा और ऑटो सड़क पर पलट गया। गनीमत रहा कि उस वक्त सड़क पर पीछे से कोई वाहन नहीं आ रही थी, अन्यथा बड़ी हादसा हो सकती थी।

## भूमि विवाद में गर्दन रेत कर हत्या का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुरानी रंजिश में पूर्व मुखिया के भाई पर धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया जिसमें व्यक्ति की करीब 40 फीसदी तक गर्दन कट गई है। गंभीर अवस्था में इलाज के लिए हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना माली थाना क्षेत्र के जसोईया गांव के पास की है। घायल की पहचान चरण गांव निवासी संतोष कुमार चौधरी उर्फ मुटर (45) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संतोष ताड़ी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। प्रतिदिन की तरह वह सोमवार की शाम ताड़ी लाने के लिए बाजार गया था। घर लौटने के दौरान पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी रामप्यारे चौधरी ने उस पर अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बीच सड़क पर गिर पड़ा। काफी देर तक खून से लथपथ हालत में संतोष पड़ा रहा। इस दौरान बनहरा गांव की ओर से गुजर रहे राहगीरों की नजर उस पर पड़ी। घटना की सूचना परिवार के सदस्यों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन-फ़ानन में डिहरी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे वाराणसी के ट्रामा सेंटर लेकर चले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के भाई पूर्व मुखिया संजय चौधरी ने बताया कि रामप्यारे चौधरी के साथ पूर्व में जमीन को लेकर विवाद था। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। जमीन का बंटवारा भी हो चुका है। इसके बावजूद आरोपित ने पुरानी रंजिश रखते हुए इस घटना को अंजाम दिया। पिता राजेंद्र चौधरी ने माली थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पुनपुन में छापेमारी से बालू माफिया में हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** अवैध खनन की शिकायत पर खनन विभाग ने देर रात पुनपुन नदी के विभिन्न घाटों पर छापेमारी की। हालांकि, इस दौरान कोई वाहन नहीं पकड़ा गया। लेकिन कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। इसके पूर्व जो बालू माफिया पुनपुन को अपना चारागाह समझ रहे थे और चोरी छिपे अवैध रूप से बालू उत्खनन कर अपनी पॉकेट गरम कर रहे थे, उनपर पर विभाग सख्त रुक अपनाते हुए बालू माफियाओं की पहचान करने में जुट गई है। दरअसल, पिछेल कुछ दिनों से अवैध खनन और उसकी ढुलाई की शिकायतें मिल रही थीं। रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर ट्रैक्टरों के जरिए बालू की निकासी की जा रही थी और सुबह होने से पहले ही ट्रैक्टर के जरिए गंतव्य स्थान तक बालू पहुंचाया जा रहा है, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। मामले में जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार के निर्देशानुसार खान निरीक्षक प्रत्यूष कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की योजना बनाई। यह कार्रवाई पुनपुन नदी के चनहट, सोनवर्षा, शेखपुरा, तरी, सरसोल, नारायणा, मलहारा एवं जखौरा सहित अन्य घाटों पर की गई। इस पूरी कार्रवाई ने यह साफ कर दिया है कि विभाग अब अवैध बालू खनन के खिलाफ पूरी तरह से सख्त हो चुका है। आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई और तेज होने की संभावना है, जिससे न सिर्फ अवैध खनन पर अंकुश लगेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। खान निरीक्षक प्रत्यूष कुमार ने बताया कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। साथ ही, आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन या ढुलाई की जानकारी मिले, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई में खान निरीक्षक मो. इकबाल सहित विभाग के अन्य शस्त्र बल शामिल थे।

## दाउदनगर नगर परिषद में 1.51 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास



नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर परिषद की मासिक बैठक मंगलवार को मुख्य पार्षद अंजली कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति के सदस्य दिनेश प्रसाद ने किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी ने जानकारी दी कि बैठक के साथ ही 1 करोड़ 51 लाख रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। बताया गया कि उक्त राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में नाली-गली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए चार पानी टैंकर खरीदे जाएंगे, जबकि शहर में अतिरिक्त पांच एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। खराब पड़े जलमीनारों के समरसेबल पंपों को दुरुस्त करने तथा खराब चापाकलों की मरम्मत का भी निर्णय लिया गया। बरसात के मद्देनजर बड़े नालों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए लगभग 15-15 लाख रुपये की तीन अलग-अलग योजनाएं स्वीकृत की गईं। बैठक के दौरान वार्ड पार्षद बसंत कुमार ने कार्रवाई पंजी में छेड़छाड़ का मुद्दा उठाया, जिस पर चर्चा हुई। एक कनीय अभियंता को लेकर भी बैठक में माहौल गरमाया। इस पर वार्ड पार्षद केदारनाथ सिंह ने प्रस्ताव रखा कि संबंधित अभियंता के खिलाफ आगे की कार्रवाई जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार ही की जाए, जिसे स्वीकार किया गया।

बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उप मुख्य पार्षद कमला देवी सहित वार्ड पार्षद बबीता देवी, सीमन कुमारी, एहसान अहमद, भूपेंद्र कुमार मिश्रा, बसंत कुमार, मोहम्मद सोहेल, राजू कुमार, जय गोविंद प्रसाद, गुंजा देवी, जगिया देवी, संजय प्रसाद, गुड़िया देवी, सोनी कुमारी, सुशीला देवी, संगीता देवी, परवीन कौसर, मोतीलाल, रूबी कुमारी, बेबी देवी, रीमा देवी, केदारनाथ सिंह, सीमा देवी, राधा रमन पुरी, पुष्पा कुमारी, इंदु देवी एवं संतोष कुमार सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास पर प्राचार्य ने दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में आज पैरेंट टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने इस मीटिंग में उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए इस मीटिंग के उद्देश्य से अवगत कराया, उन्होंने बताया कि इस मीटिंग के माध्यम से छात्रों के परफॉर्मेंस एवं उनकी उपस्थिति में काफी सुधार होगी। साथ ही प्रचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि महाविद्यालय के प्रत्येक प्राध्यापक को 12 छात्रों का मेंटर्स के तौर पर जिम्मेदारी दी गयी है

जिससे छात्रो के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। महाविद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज प्रो. चंदन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के रिपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, प्लेसमेंट, स्टार्टअप एवं अन्य सेलों की उपलब्धि को प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान विभागीय कोऑर्डिनेटर प्रो मोहन कुमार मंगलम, प्रो. अमित भारद्वाज, डॉ रविशंकर प्रसाद, डॉ प्रमोद कुमार, प्रो सुशील कुमार, प्रो प्रियंका कुमारी ने अभिभावकों के साथ अपना अनुभव साझा किया एवं महाविद्यालय की गुणवत्ता एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान प्रो आनंद राज ने महाविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सम्बंधित उपलब्धि को अभिभावकों के समक्ष रखा।साथ ही अभिभावकों से फ़ीडबैक फॉर्म भी भरवाया गया, जिसमे उनसे महाविद्यालय के विकास एवं उत्तम शिक्षण व्यवस्था हेतु राय ली गई। महाविद्यालय में उपस्थित अभिभावकों ने इस कार्यक्रम को काफी सराहा और बताया कि इस तरह के रेगुलर पैरेंट टीचर मीटिंग से बच्चों के परफॉर्मेंस में निश्चित ही सुधार होगी। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पैरेंट टीचर्स मीटिंग में कोऑर्डिनेटर के रूप में भूमिका निभाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशान्त मणि ने प्रो चन्दन कुमार, आनन्द राज एवं सभी मेंटर्स को धन्यवाद दिया।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को जिले में पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण, अवैध मद्य पदार्थों के परिवहन पर रोक तथा चोरी के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना था। अभियान के तहत नगर थाना, मुफस्सिल थाना, अंबा एवं कुटुंबा समेत विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों व प्रवेश मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की। सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर इनके कागजात की जांच की गई। साथ ही डिक्की, बैग व अन्य सामानों की भी बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष नजर रखी। बताया गया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह सघन जांच अभियान चलाकर इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई। इससे पूरे शहर में पुलिस की सक्रियता साफ तौर पर दिखाई दी। नशा विरोधी अभियान के तहत भी इस चेकिंग को विशेष रूप से प्रभावी बनाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब, मादक पदार्थों व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। इसके साथ ही आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की बताया गया कि पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष चेकिंग के दौरान कई वाहन चालकों से भी पूछताछ की गई व नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। बताया गया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अपराधियों पर लगाम लगाई जा सके।

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में औरंगाबाद ने प्राप्त की 'नंबर वन' रैंकिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'स्कूल हेल्थ प्रोग्राम' एवं 'एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम' के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप औरंगाबाद जिले को पूरे राज्य में 'नंबर वन' रैंकिंग प्राप्त हुई है। विदित हो कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की जिला स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग एवं प्रगति प्रतिवेदनों की समीक्षा की जा रही थी जिसका परिणाम है कि जिले को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, शिक्षा विभाग के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अमृतेश कुमार एवं 'आशा' के जिला सामुदायिक उत्प्रेरक कुमार आनंद प्रकाश को 27 अप्रैल को पटना के चाणक्य होटल में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डीपीएम मो. अनवर आलम ने बताया कि राज्य स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजेता द्वारा इसकी घोषणा की गई तथा जिले के तीनों नोडल पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया। बताया गया कि देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोर वर्ग (10-19 वर्ष) का है। इस वर्ग के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2014 में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य किशोरों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। इस सफलता पर सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार एवं जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, पूर्व उपाधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य प्रबंधकों एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयासों को दिया है।

## सड़क किनारे खड़ी हाइवा बनी काल, स्कूटी सवार घायल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंबा-नबीनगर मुख्य पथ पर भारत पेट्रोल पंप कुटुंबा के समीप सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी हाईवा लगातार हादसों का सबब बन रहा है। मंगलवार की सुबह करीब चार बजे एक स्कूटी सड़क किनारे खड़ी हाईवा से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में स्कूटी सवार घेउरा गांव निवासी राजेंद्र मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए रेफर अस्पताल कुटुंबा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित अपने रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होकर ओरडीह गांव से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे अंधेरे में खड़ी हाईवा को वह देख नहीं पाए और स्कूटी सीधे हाईवा में जा घुसी। इस घटना में पीड़ित के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
BREDA ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT
SOLAR AATA CHAKKI
Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।